राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-145
लखनऊ, शुक्रवार 12 जनवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



महिलाएं बन रहीं स्वावलंबी व आत्मनिर्भर : केशव मौर्य 03

कर्नाटक के मंत्री दिल्ली रवाना, राहुल निकालेंगे अंदरूनी कलह का समाधान 12

# अयोध्या-अहमदाबाद के बीच हवाई सेवा शुरू

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम में इंडिगो एयरलाइंस की सीधी हवाई सेवा का किया शुभारंभ

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** धर्मनगरी अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन-पूजन की चाह रखने वाले श्रद्धालुओं/पर्यटकों को अहमदाबाद-अयोध्या के बीच सीधी हवाई सेवा का विकल्प मिल गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आयोजित एक कार्यक्रम में अहमदाबाद-अयोध्या के लिए इंडिगो एयरलाइंस की सीधी हवाई सेवा का गुरुवार को शुभारंभ किया।

अयोध्या-अहमदाबाद के बीच नई हवाई सेवा के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस उड़ान सेवा से भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या, हवाई सेवा द्वारा, सीधे अहमदाबाद से जुड़ गयी है। अयोध्या से दिल्ली के बाद अहमदाबाद दूसरा कनेक्टेड स्थल है। आगामी 15 जनवरी से मुम्बई के लिए उड़ान सेवा आरम्भ हो जाने के पश्चात मुम्बई तीसरा कनेक्टेड स्थल हो जाएगा। इसके अतिरिक्त, दिनांक 16 जनवरी, 2024 से दिल्ली के लिए एक और उड़ान आरम्भ हो रही है। मुख्यमंत्री ने बेहतर हवाई सेवाओं को पर्यटन और व्यापार की गतिविधियों को इससे बड़ा प्रोत्साहित करने वाला बताया। प्रदेश में बेहतर होती हवाई सेवाओं की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2016-17 में प्रदेश में हवाई यात्रियों की संख्या 59.97 लाख थी, जो वित्तीय वर्ष 2022-23 में बढ़कर 96.02 लाख हो गयी। विगत 03 वर्षों में प्रदेश में हवाई यात्रियों की संख्या में 29.46 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016-17 में लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या 39. 68 लाख, वाराणसी में 19.16 लाख, गोरखपुर में 54 हजार तथा प्रयागराज में 45 हजार थी। जबकि वर्ष 2022-23 में लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या बढ़कर 52.20 लाख, वाराणसी में 25.21 लाख, गोरखपुर में 7.18 लाख तथा प्रयागराज में 5.71 लाख हो गयी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की परिकल्पना है कि एक सामान्य नागरिक भी हवाई जहाज में यात्रा करे, हवाई चप्पल पहनने वाला व्यक्ति भी हवाई सेवा का लाभ उठाये। राज्य सरकार इस परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्धतापूर्वक कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में 05 वर्ष पहले तक एक छोटी सी एयरस्ट्रिप थी। लेकिन आज वहां महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट संचालित हो रहा है। आज हर व्यक्ति अयोध्या आने का इच्छुक है। इसलिए प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप सरकार ने सड़क, रेल और वायु मार्ग की बेहतर कनेक्टिविटी दी है। इतनी कम अवधि में हवाईअड्डा बनना, एक रिकॉर्ड है। अहमदाबाद और अयोध्या के बीच इंडिगों की फ्लाइट सेवा के शुभारंभ पर सभी को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि इस फ्लाइट के माध्यम से वाइब्रेंट गुजरात और आध्यत्मिक अयोध्या का संगम हो रहा है।



▸ वाइब्रेंट गुजरात व आध्यात्मिक अयोध्या का संगम कराएगी नई हवाई सेवा : ज्योतिरादित्य

### इंडिगो आठ नगरों में दे रहा उड़ान सुविधा

मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए 821 एकड़ की भूमि राज्य सरकार ने उपलब्ध कराई और केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय ने समयबद्धता के साथ विश्वस्तरीय एयरपोर्ट तैयार कराया। उत्तर प्रदेश में इंडियो एयरलाइन्स की उपस्थिति का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इंडिगो द्वारा उत्तर प्रदेश के 08 नगरों लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, कानपुर, आगरा, प्रयागराज, बरेली तथा अयोध्या से उड़ान सुविधा दी जा रही है। इसमें लगातार बढ़ोतरी भी हो रही है। उन्होंने कहा कि लखनऊ एयरपोर्ट से उड़ान वर्ष 2009 में प्रारम्भ हुई। वर्तमान में 13 कनेक्टेड राष्ट्रीय गंतव्य स्थलों के लिए 84 उड़ानें प्रतिदिन उपलब्ध हैं। इसी तरह, वाराणसी एयरपोर्ट से 06 कनेक्टेड राष्ट्रीय गंतव्य स्थलों के लिए 34 उड़ानें, गोरखपुर एयरपोर्ट से 04 कनेक्टेड राष्ट्रीय गंतव्य स्थलों के लिए 06 उड़ानें, प्रयागराज एयरपोर्ट से 10 कनेक्टेड राष्ट्रीय गंतव्य स्थलों के लिए 11 उड़ानें, आगरा एयरपोर्ट 06 कनेक्टेड राष्ट्रीय गंतव्य स्थलों के लिए 06 उड़ानें, कानपुर एयरपोर्ट से 03 कनेक्टेड राष्ट्रीय गंतव्य स्थलों के लिए 03 उड़ानें, बरेली एयरपोर्ट से 03 कनेक्टेड राष्ट्रीय गंतव्य स्थलों के लिए 03 उड़ानें प्रतिदिन उपलब्ध हैं।

### जहां होता है राम का नाम वहां पूरे होते हैं सारे काम



केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीरामलला के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की न केवल 140 करोड़ भारतीयों बल्कि विदेशों में भी बड़ी प्रतीक्षा है। केंद्रीय मंत्री ने बीते 30 दिसंबर को महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के शुभारंभ के दिन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि अयोध्या में ऐसा लगा कि मानो हर कोई अपने प्रभु श्रीराम के स्वागत में आह्लादित है। सीएम योगी ने नव्य अयोध्या बनाई है। अयोध्या एयरपोर्ट सहित विभिन्न विकास परियोजनाओं की समयबद्धता पर खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि जहां होता है राम का नाम-वहां पूरे होते हैं सारे काम। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सहयोग से ही महज 20 महीने में यह एयरपोर्ट बन सका।

# यूपी के दो शहरों को पहली बार स्वच्छता के लिए सर्वोच्च राष्ट्रपति पुरस्कार



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार ने स्वच्छता पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के राष्ट्रीय पुरस्कारों की घोषणा की, जिसमें उत्तर प्रदेश के दो नगरों वाराणसी को भारत के सबसे स्वच्छ गंगा टाउन का प्रथम एवं प्रयागराज को द्वितीय पुरस्कार मिला। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कर-कमलों से गुरूवार को नई दिल्ली में आयोजित स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में राष्ट्रीय पुरस्कार लेने के बाद यूपी के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि इस बार यूपी ने एक इतिहास रच दिया है, क्योंकि यह पहली बार है कि प्रदेश के दो प्रमुख शहरों को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला।

ए.के. शर्मा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री के आशीर्वाद और मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में हमने यूपी के शहरी प्रबंधन में बहुत बड़ा बदलाव लाया है। नगर विकास विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा, हम अगले साल और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर उनके साथ नगर विकास विभाग एवं पुरस्कृत नगर निकायों के उच्च अधिकारी भी उपस्थित रहे। मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि भारत के स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में यूपी के दो शहरों वाराणसी एवं प्रयागराज को पहली बार स्वच्छता के लिए सर्वोच्च राष्ट्रपति पुरस्कार मिला। स्वच्छता का राष्ट्रीय पुरस्कार पाने वाले देश के 10 शहरों में से 02 यूपी के ही हैं। मंत्री ने कहा कि भारत सरकार के आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के घोषित परिणामों में उत्तर प्रदेश राज्य ने उल्लेखनीय रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है। वर्ष 2023 के स्वच्छता सर्वे में यूपी के दो महानगरों को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। इसमें वाराणसी और प्रयागराज शामिल हैं, यह एक बड़ी उपलब्धि है। क्योंकि पूरे देश में कुल 10 शहरों को यह राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है, जिनमें से दो यूपी के ही हैं। इसके पहले इतनी बड़ी संख्या में यूपी को यह राष्ट्रीय पुरस्कार नहीं मिला है। वाराणसी को थ्री स्टार गार्बेज फ्री सिटी रेटिंग तथा प्रयागराज को वाटर प्लस सिटी का दर्जा भी मिला है।

**वाराणसी को भारत के सबसे स्वच्छ गंगा टाउन का प्रथम व प्रयागराज को द्वितीय पुरस्कार**

### तीन शहरों को क्लीन सिटी नार्थ जोन का भी पुरस्कार

इसके अलावा देश में जोनल स्तर पर उत्तर भारत क्षेत्र में यूपी के तीन शहरों को क्लीन सिटी नार्थ जोन का भी पुरस्कार मिला। इनमें बरवर, अनूपशहर और गजरौला शामिल हैं। एक लाख की आबादी में क्लीन सिटी का राज्य स्तरीय पुरस्कार नोएडा को मिला। साथ ही महुआ ने जीएफसी और ओडीएफ परिणाम भी घोषित किए हैं, जिसमें इस वर्ष यूपी में 65 शहरों को कचरा मुक्त शहर के रूप में प्रमाणित किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### लुधियाना एसटीएफ ने पकड़ी बीस करोड़ की हेरोइन

**चंडीगढ़।** लुधियाना एसटीएफ की टीम ने नशीले पदार्थों की तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से पांच किलो हेरोइन बरामद की है। बरामद हेरोइन की कीमत करीब बीस करोड़ रुपये आंकी गई है। एआईजी स्नेह दीप ने गुरुवार को बताया कि सूचना मिली थी कि राकेश कुमार उर्फ केसा निवासी गांव खुरालपुरा जिला जालंधर और जगरूप सिंह उर्फ रूप गांव खुरालपुर जिला जालंधर गुरुवार को एक कार से नूर महल से जालंधर की तरफ जा रहे हैं। इनकी कार में हेरोइन भी रखी है। लुधियाना एसटीएफ पुलिस ने इनकी कार में ड्राइवर सीट के नीचे रखे काले बैग से 4 किलो 520 ग्राम होरोइन, एक इलेक्ट्रॉनिक कंडा और 10 खाली प्लास्टिक के लिफाफे बरामद कर लिए। आरोपित सीमा पार से हेरोइन लाकर पंजाब में विभिन्न स्थानों सप्लाई करते थे। इससे पहले भी पंजाब पुलिस लुधियाना में इस तरह के गैंग को पकड़ चुकी है। जेल से छूटने के बाद आरोपित राकेश कुमार केसा हेरोइन तस्करी करने लग गया। पुलिस दोनों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

### देश में कोरोना के 514 नए मामले, तीन की मौत

**नई दिल्ली।** देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना संक्रमण के 514 नए मामले सामने आए हैं जबकि तीन मरीजों की मौत हुई है। इस अवधि में 732 मरीज स्वस्थ हुए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से गुरुवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में कोरोना के एक्टिव मरीजों की संख्या 3422 हो गई है। कोरोना ने उत्तराखंड में भी दस्तक दी जहां एक नया मामला सामने आया है। इसके साथ कोरोना के दो नए मामले सिक्किम, दो मामले जम्मू-कश्मीर में भी दर्ज किए गए हैं। देश में कोरोना से तीन मौत हुई है। इसमें एक मौत कर्नाटक और दो महाराष्ट्र से दर्ज की गई है।

### चुनाव आयोग की वेबसाइट का नया संस्करण लॉन्च

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने अपनी वेबसाइट का गुरुवार को नया संस्करण लॉन्च किया। आयोग की यह वेबसाइट नियमित रूप से प्रकाशित प्रेस विज्ञप्तियों, संचार, निर्देशों और रिपोर्टों के माध्यम से आयोग की विभिन्न पहलों और गतिविधियों का प्रतिबिंब होगी। आयोग पारदर्शिता का भी सूचक है और समय-समय पर संबंधित हितधारकों के साथ सभी प्रासंगिक जानकारी साझा करता है, चाहे वह मतदाता हों या राजनीतिक दल या चुनाव प्रबंधन अधिकारी हों। आयोग की वेबसाइट सूचनाओं का भंडार है, जो भारत में चुनावों की योजना और संचालन से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारी रखती है। इसमें 1951 से अब तक हुये चुनावों (संसदीय और राज्य विधानसभाओं) का विवरण है।

# अफगानिस्तान के हिंदुकुश क्षेत्र में आया 6.1 तीव्रता का भूकंप

▸ जम्मू-कश्मीर, जयपुर दिल्ली-एनसीआर में भी भूकंप के झटके

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के हिंदुकुश क्षेत्र में गुरुवार दोपहर 2:20 बजे तेज भूकंप आया। इसकी वजह से पाकिस्तान के इस्लामाबाद, रावलपिंडी और भारत में जम्मू-कश्मीर, जयपुर से दिल्ली-एनसीआर तक झटके महसूस किए गए।

नेशनल सेंटर फॉर सीसमोलॉजी के मुताबिक, भूकंप की तीव्रता 6.1 मापी गई। इसका केंद्र हिंदुकुश में जमीन से करीब 220 किलोमीटर नीचे था। फिलहाल किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। 4 नवंबर 2023 को रात 11:32 बजे नेपाल में 6.4 तीव्रता का भूकंप आया था, जिसमें 157 लोगों की मौत हुई थी। तब दिल्ली-हृष्टक्र के अलावा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और बिहार की राजधानी पटना में भी झटके महसूस किए गए थे। हालांकि भारत में किसी तरह के जान-माल का नुकसान नहीं हुआ था। इसके बाद 6 नवंबर को दिल्ली-एनसीआर में शाम 4 बजकर 16 मिनट पर फिर एक बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। इसका केंद्र भी नेपाल में था।

# स्वच्छता में इंदौर लगातार सातवीं बार अव्वल

▸ राष्ट्रपति मुर्मू ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को किया पुरस्कृत

एजेंसी



**भोपाल।** स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार समारोह में मध्यप्रदेश के इंदौर के लगातार सातवीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब पाने पर आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पुरस्कृत किया।

नयी दिल्ली में आयोजित इस समारोह में देश के सबसे स्वच्छ राज्यों की श्रेणी में मध्यप्रदेश ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस दौरान प्रदेश सरकार के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी एवं इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी उपस्थित रहे। इंदौर के साथ सूरत भी संयुक्त रूप से नंबर-1 के पायदान पर रहा।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने स्वच्छता सर्वेक्षण में सातवीं बार इंदौर के प्रथम आने पर मध्यप्रदेश और इंदौर वासियों को बधाई देते हुए कहा कि इंदौरवासियों ने पुनः यह सिद्ध कर दिया है कि स्वच्छता न सिर्फ उनकी आदत बन चुकी है, बल्कि अब उनकी सोच में भी स्वच्छता ही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो संकल्प लिया है, उसे पूरा करने के लिए मध्यप्रदेश सदैव कटिबद्ध है। डॉ यादव ने इसके बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में देश के सबसे स्वच्छ राज्यों की श्रेणी में मध्यप्रदेश ने दूसरा स्थान प्राप्त कर सभी प्रदेशवासियों का गौरव बढ़ाया है।

### रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे आडवाणी

**नई दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता, देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए देशभर में आंदोलन करने वाले लालकृष्ण आडवाणी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होंगे। आडवाणी के कार्यक्रम में शामिल होने की पुष्टि उन्हें कार्यक्रम का निमंत्रण देने के लिए संघ नेताओं के साथ गए विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने की है। विश्व हिंदू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि जब वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल और रामलाल के साथ लालकृष्ण आडवाणी को 22 जनवरी के लिए प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए निमंत्रण देने गए थे।

# मूसेवाला हत्याकांड में एनआईए ने हरियाणा व पंजाब में की छापेमारी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में जांच कर रही एनआईए ने गुरुवार को पंजाब व हरियाणा में करीब आधा दर्जन स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए के अधिकारियें ने मूसेवाला हत्याकांड में आरोपितों के घरों की तलाशी ली और उनके परिजनों से पूछताछ की।

सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड की जांच एनआईए कर रही है। गुरुवार की सुबह करीब पांच बजे एनआईए की एक टीम ने सोनीपत के गांव सेरसा पहुंचकर आरोपित अंकित सेरसा के पिता जगबीर से पूछताक्ष की। घर में कुछ समय पूछताछ के बाद एनआईए के अधिकारी उन्हें अपने साथ कुंडली पुलिस थाने में ले गई। जहां करीब दो घंटे उनके साथ पूछताछ की गई। बाद में उन्हें घर भेज दिया गया। इस संबंध में अंकित के पिता जगबीर ने बताया कि अंकित को लेकर उनसे पूछताछ की गई, जो पूछा उन्होंने बता दिया। उनका अब अंकित से संपर्क नहीं है। इससे पहले भी एनआईए की टीम दोनों के घरों पर तीन बार दबिश दे चुकी है। पंजाबी सिंगर को गोलियां मारने वाला शूटर अंकित सोनीपत के गांव सेरसा और प्रियव्रत फौजी गांव गढ़ी सिसाना का रहने वाला है। अंकित सेरसा नौवीं कक्षा तक ही पढ़ा लिखा है।

▸ एनआईए ने दर्ज किए परिजनों के बयान

### आतंकी साजिश नाकाम चार टिफिन आईईडी सहित अन्य गोला-बारूद बरामद

**राजौरी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान के दौरान एक आतंकी साजिश को नाकाम करते हुए चार टिफिन बॉक्स आईईडी सहित अन्य गोला-बारूद बरामद किया है। इसके बाद सुरक्षाबल आसपास के इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चला रहे हैं। सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम ने गुरुवार को राजौरी जिले के हयातपुर-मंजाकोट इलाके में तलाशी अभियान चलाया। तलाशी अभियान के दौरान घटनास्थल से एक वायरलेस सेट, टेप रिकॉर्डर, 23 राउंड एके गोला बारूद और चार टिफिन बॉक्स आईईडी बरामद किए गए हैं। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

# यूपी एसटीएफ ने पकड़ा आईएसआई एजेंट

▸ मेरठ में छिपकर रह रहा था संदिग्ध, देश विरोधी गतिविधियों में था संलिप्त

समृद्धि न्यूज





**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ ने अवैध असलाहों को एकत्र कर देश विरोधीगतिविधियों में संलिप्त आईएसआई एजेंट मोटा को मेरठ के बुढ़ाना थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। डीजी लॉ एंड आर्डर प्रशांत कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी देते हुए बताया कि शामली के वर्षावाली गली निवासी तहसीम उर्फ मोटा को एटीएफ की टीम ने गिरफ्तार किया है। इसकी पिछले पांच माह से सुरक्षा एजेंसियां तलाश कर रही थी।

एसटीएफ चीफ अमिताभ यश ने बताया कि 16 अगस्त 2023 को एसटीएफने शामली क्षेत्र से आईएसआई से मिलकर अवैध असलाहों को एकत्र कर देश-विरोधी गतिविधियों में संलिप्त शामली मोमीनपुरा निवासी कलीम को गिरफ्तार किया था। इससे पहले दो अगस्त 2023 को शामली से ही छह लाख नकली मुद्रा के साथ इमरान को गिरफ्तार किया गया था। जिसमें जांच में गिरफ्तार तहसीम उर्फ मोटा की भूमिका की जानकारी हुई थी। जिसकी तलाश में अपर पुलिस अधीक्षक ब्रजेश सिंह की टीम को लगाया गया था। एसटीएफ की पूछताछ में तहसीन ने बताया कि वह भाई कलीम के साथ पाकिस्तान आता-जाता था। जहां पर आईएसआई के कुछ हैण्डलर से जान पहचान हो गयी थी, जिनके द्वारा उसे कुछ पैसो का लालच दिया। उनके कहने पर भारत में जिहाद फैलाने के लिए असलाह व गोला-बारूद और पैसा देने की बात कही गई थी। जिससे भारत में शरीयत कानून के तहत नये सिस्टम को स्थापित कर भारत को इस्लामिक राष्ट्र बनाया जा सके। तहसीम ने पूछताछ में बताया कि फर्जी सिम से वाट्सएप से पाकिस्तान में आईएसआई एजेन्ट दिलशाद उर्फमिर्जा से सम्पर्क कर सवेंदनशील सूचनाएं भेजने लगे थे।

# म्यांमार सीमा पर बाड़ को किया जाएगा और मजबूत : सेनाध्यक्ष

एजेंसी



**नई दिल्ली।** सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को सालाना प्रेस कांफ्रेंस में भूटान, चीन, पाकिस्तान और म्यांमार सीमाओं के मौजूदा हालात पर बातचीत की। उन्होंने चीन सीमा के हालात को स्थिर लेकिन संवेदनशील बताया। पूर्वोत्तर में म्यांमार सीमा पर हालिया घटनाओं के मद्देनजर सेना प्रमुख ने चिंता जताते हुए कहा कि यहां बाड़ को और मजबूत किया जाएगा।

पाकिस्तान से घुसपैठ और आतंकी घटनाएं बढ़ने की बात मानते हुए जनरल पांडे ने कहा कि आतंकवादी गतिविधियां हमारे लिए चिंता का विषय हैं। सेना दिवस के मद्देनजर मानेकशॉ सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में सेना प्रमुख ने देश की सीमाओं पर मौजूदा स्थिति, आंतरिक और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, सेना के पुनर्गठन, हिंद-प्रशांत क्षेत्र की चुनौतियों, सेना के आधुनिकीकरण, नई तकनीकों को शामिल करके युद्ध का स्वरूप बदलने की तैयारियों, पाकिस्तान और चीन से मिल रही चुनौतियों के अलावा सेना को आधुनिक बनाने के लिए नई तकनीकों को शामिल किए जाने के मद्देनजर किए गए सवालों के साफगोई से जवाब दिए। सीओएएस जनरल मनोज पांडे के अनुसार भारत-म्यांमार सीमा पर स्थिति हमारे लिए चिंता का विषय है।

**सौगात** — प्रधानमंत्री मोदी अटल सेतु-मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक का करेंगे उद्घाटन

# देश के सबसे लंबे समुद्री ब्रिज अटल सेतु का उद्घाटन आज

▸ पुल से हर दिन होगी 70,000 से अधिक वाहनों की आवाजाही

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 जनवरी को अटल सेतु - मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक का उद्घाटन करेंगे, जो समुद्र पर बना भारत का सबसे लंबा पुल है और इसमें हर दिन 70,000 से अधिक वाहनों की आवाजाही होगी।

एमएमआरडीए के महानगर आयुक्त डॉ. संजय मुखर्जी ने बताया कि 12 जनवरी को पीएम मोदी अटल सेतु - मुंबई ट्रांस हार्बर लिंक का उद्घाटन करेंगे। यह समुद्र पर बना भारत का सबसे लंबा पुल है। इस पुल को बनाने में कई ऐसी तकनीकों का इस्तेमाल किया गया है, जिनका इस्तेमाल भारत में पहली बार हुआ है। इस पुल में इस्तेमाल की गई लाइटें जलीय पर्यावरण को परेशान नहीं करती हैं। दक्षिण से नवी मुंबई (सेवरी और न्हावा शेवा के बीच) तक 21.8 किलोमीटर लंबा समुद्री पुल यात्रा को मौजूदा दो घंटे से घटाकर लगभग 15-20 मिनट कर देगा। यह इससे जुड़े क्षेत्रों में आर्थिक विकास भी लाएगा। पुल, आधिकारिक तौर पर अटल बिहारी वाजपेयी सेवरी-न्हावा शेवा अटल सेतु, 21,200 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है, जिसमें से 15,000 करोड़ रुपये ऋण के माध्यम से हैं। एक्स पर बीजेपी ने पुल की एक झलक साझा करते हुए इसे कनेक्टिविटी का नया चमत्कार करार दिया। महाराष्ट्र सरकार ने एमटीएचएल पर कारों के लिए एक तरफा टोल के रूप में 250 रुपये वसूलने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस फैसले पर एक अधिकारी ने बताया कि जो राशि वसूली जा रही है, वह टोल संग्रह के मौजूदा नियमों के मुताबिक आधी ही है। एक यात्री कार से एक तरफ का टोल 250 रुपये लिया जाएगा, जबकि वापसी यात्रा के साथ-साथ दैनिक और लगातार यात्रियों के लिए शुल्क अलग होगा।

### छह लेन वाला समुद्री लिंक होगा एमटीएचएल

अधिकारियों ने बताया कि यह पुल मुख्य मुंबई-पुणे एक्सप्रेस-वे से जुड़ जाएगा, जो राज्य के दो सबसे बड़े शहरों को जोड़ता है। एमटीएचएल छह लेन वाला समुद्री लिंक होगा, जिसका विस्तार समुद्र में 16.50 किलोमीटर और जमीन पर 5.50 किमी होगा। समय की बचत के साथ, यात्री अपनी ईंधन लागत भी बचा पाएंगे, जो एक अधिकारी के अनुसार, प्रति यात्रा लगभग 500 रुपये होगी। इसके लॉन्च से पहले, मुंबई पुलिस ने कहा है कि एमटीएचएल पर चार पहिया वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा 100 किलोमीटर प्रति घंटा होगी, जबकि मोटरबाइक, ऑटोरिक्शा और ट्रैक्टर को समुद्री पुल पर अनुमति नहीं दी जाएगी।

# धोखाधड़ी कर मुद्रा लोन हड़पने के दो आरोपी गिरफ्तार

**जैदपुर,बाराबंकी।समृद्धि न्यूज**

थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा षडयंत्र व धोखाधड़ी कर बैंक मे खाता धारको का मुद्रा लोन कराकर धनराशि हड़पने वाले 2 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा जनपद मे अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने हेतु अपराधियो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत आज प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह के नेतृत्व मे वरिष्ठ उप निरीक्षक सतीश कुमार सिंह,हेड कांस्टेबल अखिलेश चौधरी,महेश सिंह व कांस्टेबल वीरेन्द्र कुमार की थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा मैनुअल एन्टेलीजेन्स की मदद से षडयंत्र व धोखाधड़ी कर बैंक मे खाता धारको का मुद्रा लोन कराकर धनराशि हड़पने के सम्बन्ध मे थाना जैदपुर पर पंजीकृत 2 अभियोगो मुअसं 348/2023 धारा 406/ 409/ 420/ 467/ 468/ 471/ 506/ 504/ 120बी भादवि व मुअसं 358/ 2023 धारा 406/ 409/ 420/467/468/471/ 506/ 504/120बी भादवि से सम्बन्धित वांछित दो अभियुक्तो राजेश रावत पुत्र फूलचन्द्र निवासी बीरमखेड़ा थाना लोनीकटरा व अमित यादव पुत्र रामकुमार निवासी सिकन्दरपुर थाना गुडम्बा जनपद लखनऊ को हरख चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तो के कब्जे से एक अदद ड्राइविंग लाइसेंस,एक अदद पैन कार्ड व एक अदद मोटर



साइकिल यूपी 32 जीक्यू 0087 बरामद की गयी।पूछताछ मे ज्ञात हुआ कि अभियुक्तो द्वारा अपने अन्य साथियो के साथ मिलकर गांव,कस्बा आदि मे कम पढ़े-लिखे लोगो को विभिन्न योजनाओ के नाम पर व कम्पनियो मे नौकरी दिलाने व वेतन बैंक खाते में आने का झांसा देकर सादे स्टाम्प,विथड्राल फार्म, आधार कार्ड, केवाईसी से सम्बन्धित फार्म,लोन एप्लीकेशन फार्म व सादे कागजो पर बिना पूर्ण जानकारी दिये बिना हस्ताक्षर बनवा कर थाना जैदपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बरौली मलिक स्थित बैंक ऑफ इण्डिया शाखा के बैंक मैनेजर अमन वर्मा व अन्य बैंक कर्मी के साथ मिलकर बैंक में खाता खुलवाकर उनका एटीएम व पासबुक अपने पास रख लेते थे तथा खाताधारक के दस्तावेजों के आधार पर षड़यंत्र व धोखाधड़ी कर मुद्रा लोन पास कराकर नेफ्ट, आरटीजीएस के माध्यम से सुरेश एवं उसके जान पहचान के लोगों के एकाउण्ट में लोन के पैसे भेज दिये जाते थे। खाताधारकों को नये मैनेजर द्वारा उन्हें नोटिस भेजी जाती थी तब उन्हें लोन की जानकारी होती थी। पूछताछ के दौरान यह भी प्रकाश में आया कि जब विभिन्न मामलों में पैसे का लेन-देन चेक किया जा रहा है तो इसमें अलग-अलग बैंक जैसे-बैंक आफ इंडिया, पंजाब एंड सिंध बैंक व बैंक ऑफ़ बडौदा के अलग-अलग खातों तथा शाखाओं का इस्तेमाल किया गया है।इस संबंध में उक्त बैंकों के सक्षम अधिकारियो से भी पत्राचार किया जा रहा है ताकि वह अपने स्तर से विभागीय जांच करवा सके।

# ई लाटरी से कृषि उपकरणों का हुआ आवंटन

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

कृषि विभाग द्वारा संचालित सब मिशन आन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन , प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इन-सीटू मैनेजमेन्ट आफ क्राप रेजिड्यू एवं कृषि यंत्रीकरण की अन्य योजनाओं के सामान्य संचालन/ ई-लाटरी के माध्यम से लाभार्थी चयन के लिए 11-01-2024 को प्रातः 11:00 बजे से जनपद बाराबंकी के कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में जिलाधिकरी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में ई-लॉटरी आहूत की गई जिसमें उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार, कृषि निदेशालय, उप्र द्वारा नामित नोडल अधिकारी उप कृषि निदेशक, कृषि रक्षा, मुख्यालय, उप्र अनिल कुमार सागर, कृषि विज्ञान



केन्द्र, हैदरगढ़, बाराबंकी के अध्यक्ष डॉ. शैलेश सिंह, जिला कृषि अधिकारी राजित राम, जिला उद्यान अधिकारी महेश कुमार श्रीवास्तव, जिला गन्ना अधिकारी संजय कुमार, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अरविन्द मिश्र, अग्रणी जिला प्रबन्धक विवके कुमार, प्रगतिशील कृषक आनन्द मौर्य, पद्मश्री राम सरन वर्मा, माइनुद्दीन, आरिफ हसन, विनोद कुमार श्रीवास्तव, स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधि गुरूशरण सिंह लोधी, चेयरमैन, जिला सहकारी बैंक, बाराबंकी एवं हरिशंकर पाण्डेय, प्रगतिशील कृषक राम किशोर पटेल, विक्रान्त सैनी, सुनील कुमार यादव के साथ ही भारी संख्या में यंत्रों के अनुदान हेतु बुकिंग करने वाले कृषक उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समस्त सदस्यों की उपस्थित पोर्टल पर मार्क करते हुये उनकी हस्ताक्षरित प्रति कृषि विभाग के पोर्टल पर अपलोड करने के उपरान्त जिलाधिकारी / अध्यक्ष की अनुमति से ई-लॉटरी शुरू की गई।

# प्राइवेट अस्पताल व नर्सिंग होम का टीम ने किया निरीक्षण

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

ब्लाक त्रिवेदीगंज में चल रहे प्राइवेट अस्पताल एवं नर्सिंग होम का आज चिकित्सा अधीक्षक त्रिवेदीगंज के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान नर्सिंग होम में मिली अनियमिताओं के मद्देनजर नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

दोपहर लगभग 12:00 बजे अपनी टीम के साथ निकले त्रिवेदीगंज सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर प्रणव श्रीवास्तव ने सबसे पहले दहिला मोड़ स्थित दृष्टि हॉस्पिटल पहुंचे और जरूरी कागजातो का निरीक्षण किया जहां पर सभी कागजात ठीक पाए गए उसी चौराहे पर स्थित एम एन हॉस्पिटल पहुंचने पर सीएचसी अधीक्षक को मौके पर कोई डॉक्टर और मेडिकल स्टाफ मौजूद नहीं मिला वहां पर मौजूद केयरटेकर ने बताया कि सभी लोग कहीं बाहर गए हुए हैं उसके बाद भिलवल स्थित नवज्योति हॉस्पिटल पहुंचे सीएचसी अधीक्षक को वहां पर भी मौके पर डॉक्टर मौजूद नहीं मिले मेडिकल स्टाफ से पूछने पर पता चला कि डॉक्टर साहब कहीं बाहर गए हुए हैं। इसके उपरांत सीएचसी अधीक्षक ने एम एन हॉस्पिटल और नवज्योति हॉस्पिटल के खिलाफ नोटिस जारी कर 3 दिन के अंदर सभी जरूरी कागजात के साथ मिलकर स्पष्टीकरण मांगा गया है। निरीक्षण में सीएचसी अधीक्षक के साथ स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी राघवेंद्र वर्मा ओमप्रकाश जायसवाल सहित अन्य मेडिकल स्टाफ उपस्थित रहा।

# प्रदेश अध्यक्ष बन राजू भैया ने बढ़ाया गौरव : बैजनाथ

- हिंदी पत्रकार एसो. के अध्यक्ष बने राजू भैया का पूर्व मंत्री व नगर पंचायत अध्यक्ष सहित अन्य ने किया स्वागत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सामाजिक कार्यों एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में हिंदी पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बने कृष्ण कुमार द्विवेदी (राजू भैया) ने हैदरगढ़ का गौरव प्रदेश स्तर तक बढ़ाया है। इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। उक्त बात प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद व पूर्व विधायक बैजनाथ रावत ने आज राजू भैया का स्वागत करते हुए बस स्टॉप प्रांगण में कहीं। पूर्व मंत्री ने कहा कि यह हैदरगढ़ एवं बाराबंकी जनपद के लिए गौरव की बात है कि आज




यहां का बेटा हिंदी पत्रकार एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष बना। और वह अब पत्रकारों के स्वाभिमान के लिए संघर्ष करेगा।

उन्होंने कहा कि राजू भैया पत्रकारिता के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी बड़ी भूमिका का निर्वाहन किया है। राजू भैया सम्माननीय हैं ।सम्माननीय थे और आगे भी सम्मानित रहेंगे। हैदरगढ़ के नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने राजू भैया का स्वागत करते हुए कहा कि श्री भैया युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। जबकि उनकी बेबाक लेखन शैली उन्हें पत्रकारिता के क्षेत्र में उच्च मुकाम पर स्थापित करती है। उन्होंने कहा कि उनकी खबरें पारदर्शी एवं प्रहार परक होती है। हिंदी पत्रकार एसोसिएशन अध्यक्ष के रूप में वह सफल हो होंगे ऐसा हम सभी को पूर्ण विश्वास है। युवा भाजपा नेता सौरभ मिश्रा एवं माता-पिता धाम के संस्थापक पंकज मिश्रा ने कहा कि हिंदी पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने राजू भैया ने हैदरगढ़ ही नहीं बल्कि ग्रामीण स्तर के पत्रकारों का भी सम्मान बढ़ाया है। जिससे तमाम पत्रकारों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी।

इस दौरान राजू भैया का पूर्व मंत्री एवं नगर पंचायत अध्यक्ष ने माल्यार्पण का मिठाई खिलाकर स्वागत किया। स्वागत के दौरान प्रमुख रूप से रमेश तिवारी, अनु तिवारी ,रामेंद्र तिवारी, महेंद्र कुमार, बैजनाथ मौर्य, सभासद सूरज दीक्षित ,अरुण मौर्य, श्रीमती आशा तिवारी, रवि शर्मा, श्यामू राज ,बद्दू भाई, बालक राम,मनोज यादव, संकटहरण बाजपेई, अखिलेश कुमार सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

# रेडक्रॉस द्वारा निर्बल थारू महिलाओं को बांटी गई राहत सामग्री




**लखीमपुर खीरी।समृद्धि न्यूज**

इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी राज्य शाखा लखनऊ उत्तर प्रदेश महासचिव डॉ हिमा बिन्दु नायक के प्रोत्साहन से इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी लखीमपुर खीरी द्वारा शीतलहर के चलते थारू जनजाति क्षेत्र चंदन चौकी के ग्राम गुबरौला मे शीतलहर राहत सामग्री का वितरण किया गया। रेडक्रॉस राहत सामग्री वाहन को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से मुख्य चिकित्साधिकारी व अन्य उपस्थित अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

कार्यक्रम में 100 से अधिक थारू महिलाओं को ब्लैंकेट, हाइजीन किट, कैल्शियम डी 3 टेबलेट्स तथा तारपोलिन (त्रिपाल) वितरित किए गए, कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्वारा नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित थारू महिला आरती राणा जो कि हैंडलूम एवम हैंड क्रॉफ्ट के व्यवसाय द्वारा थारू जनजाति की निर्बल महिलाओं को सशक्त बना रही उन्हें सम्मानित किया गया तथा उनके समूह की महिलाओं को राहत सामग्री भेंट की गई।

कड़कड़ाती ठंड के विषम मौसम में रेडक्रॉस खीरी टीम ने अपूर्व जज़्बा दिखाते हुए राहत सामग्री वितरण का भव्य कार्यक्रम किया, इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से डा रविंद्र शर्मा सभापति इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी लखीमपुर खीरी, डॉ रविंद्र नाथ उपसभापति रेडक्रॉस खीरी एवम आरती श्रीवास्तव सचिव रेडक्रॉस खीरी द्वारा कठिन प्रयासों से कार्यक्रम को सफल बनाया गया। कार्यक्रम में डॉ रविंद्र शर्मा, डॉ. रविंद्र नाथ, आरती श्रीवास्तव, सुमन त्यागी, आचार्य श्री व्रत (तक्षशिला), डॉ रामेश्वर माहेश्वरी, अनुराग सक्सेना, बबिता सक्सेना, वीरेंद्र सिंह, अमर नाथ शुक्ला, मनोज श्रीवास्तव, रमेश गुप्ता, नारायण सेठ, प्रशांत सिंह आदि की महती भूमिका रही।

## खबरें एक नजर में

### विमान सेवा के विस्तार को लेकर गांवों में सर्वे शुरू

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** पलिया स्थित मुजहा में विमान सेवा शुरू करने के लिये यहां के रनवे का विस्तार 1600 मी से बढ़ाकर 3490 मी. किया जाना है इसके लिए यहां के आस पास के गांवों में सर्वे का कार्य शुरू कर दिया गया है रनवे का विस्तार होने से यहां पर बड़े विमान आसानी से टेकआफ व लैंड कर पायेंगे।

### राज्यमंत्री को बताई कोटेदारों की समस्याएं

**सिद्धौर बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश सस्ता गल्ला विक्रेता परिषद बाराबंकी की जिलाध्यक्ष रीता वर्मा ने गुरुवार को प्रदेश के खाद्य रसद एवं नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा से भेंट कर कोटेदारों की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया क्षेत्र के नई सड़क तिराहा स्थित कैंप कार्यालय पर राज्यमंत्री श्री शर्मा से भेंट कर परिषद की जिलाध्यक्ष ने पूर्ति विभाग के अधिकारियों की शिकायत की और कोटेदारों का कमीशन बढ़ाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की जिलाध्यक्ष रीता वर्मा ने बताया कि वार्ता काफी सार्थक रही ।राज्यमंत्री ने कोटेदारों का लाभांश बढ़ाने का आश्वासन दिया है।

### आश्वासन के बाद कोटेदारों की हड़ताल समाप्त

**जैदपुर, बाराबंकी।** कमीशन सहित अन्य मांगो को लेकर कोटेदारो की हड़ताल अधिकारियो ने मांग पूरी करने का आश्वासन के बाद समाप्त हो गयी। जिसके चलते क्षेत्र के कोटेदार 10 जनवरी से वतरण करते नजरआ रहे है। राशन मिलते ही कार्डधारको में खुशी का माहोल बन गया है। जानकारी के अनुसार नए साल की शुरुआत होते ही कोटेदारो द्वारा अपनी मांगों को लेकर प्रदेश भर में जगह जगह अधिकारियो को ज्ञापन दिया था। जिसके चलते नगर पंचायत जैदपुर मे भी कोटेदारो द्वारा वितरण न करने की सूचना पर कार्ड धारको मे चिंताएं दिख रही थी। वही 10 जनवरी को नगर पंचायत जैदपुर की जुबेदा बानो,मो इसराइल कुरैशी, खुर्शीद आलम कुरेशी, आफताब आलम सहित आसपास के क्षेत्र के सभी कोटेदारो की सरकारी सस्ते राशन की दुकाने खुलते ही लोगो के चेहरे की चमक बढ़ गई।

### ठंड में गरीबों को गोला थाना प्रभारी ने बांटे कम्बल



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** शीतलहर के चलते गोला थाना प्रभारी इंद्रजीत सिंह चौहान बुधवार की रात्रि गोला के प्रमुख मार्गों पर गश्त के दौरान गरीबों को कम्बल उढ़ाते नजर आए। गोला के मुख्य मार्ग पर रात्रि गस्त के दौरान रिक्शा चालक, मानसिक रूप से कमजोर व गरीब असहाय लोगो को गोला थाना प्रभारी इंद्रजीत सिंह ने कंबल वितरित किए जिससे असहाय लोगो को ठंड के प्रकोप से बचाया जा सके। गोला थाना प्रभारी इंद्रजीत सिंह के इस कार्य को गोला नगर वासियों ने सराहनीय कार्य बताया है। नगर वासी थाना प्रभारी की प्रशंसा कर रहे है। इस मौके पर थाना प्रभारी गोला इंद्रजीत सिंह के साथ कस्बा चौकी इंचार्ज सुनील कुमार सिंह, सिपाही अनुज कुमार, सूर्य प्रताप राघव, मोहित एवं गौरव साथ में मौजूद रहे।

# पूजित अक्षत व आमंत्रण पत्र घर-घर पहुंचा रहे रामभक्त

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के भव्य और दिव्य मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अयोध्या से आये पूजित अक्षत व आमंत्रण पत्र मन्दिर का चित्र रामभक्तों द्वारा घर- घर पहुंचाया जा रहा है। और उनसे 22 जनवरी का दिन दीपावली की तरह उत्सव के रूप में मनाने व आसपास के मन्दिरों में पूजा अर्चना करने की अपील की जा रही है। जिसके क्रम में आज क्षेत्र के गोतौना ग्राम पंचायत में रामभक्तों के द्वारा अयोध्या से आये हुए पूजित अक्षत व आमंत्रण पत्र घर- घर पहुंचकर लोगों को देते हुए उनसे 22 जनवरी का दिन दीपावली उत्सव के रूप मनाने का आवाहन करते हुए और आसपास में मौजूद मंदिरों पर पहुंचकर पूजा-अर्चना करने की



अपील की भी गई। इस दौरान समाजसेवी सुधीर जायसवाल ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्री राम के भव्य एवं दिव्य मंदिर में 22 जनवरी को रामलला विराजमान होने जा रहे हैं और भारत अपना खोया वैभव तमाम तपस्या के बाद पाने जा रहा है।

इस दिन को आप सभी लोग उत्सव के रूप में मनायें। गाजे बाजे के साथ निकली यात्रा में मुख्य रूप से विकास पांडे विक्की विजय हिंदुस्तानी विभोर गुप्ता ग्राम प्रधान निलेश पाल क्षेत्र पंचायत सदस्य राजीव कुमार सिंह भूपेंद्र सिंह सत्यम शुक्ला पवन सिंह शिववरदान सिंह उदयराज सिंह बब्बू सिंह राहुल बाबा शिव नरेश सिंह पुतान सिंह पल्लर सिंह सीपी सिंह अंकुर सिंह हिमांशु सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में राम भक्त मौजूद रहे।

# मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित

**मोहम्मदी खीरी समृद्धि न्यूज।** स्वर्गीय उमाशंकर रस्तोगी न्यास द्वारा मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह अस्त मंदिर इंटर कालेज के प्रांगण में सम्पन्न हुआ, कार्यक्रम के मुख्य अथिति राज्यमंत्री लोकेन्द्र प्रताप सिंह विशिष्ट अथिति उपजिलाधिकारी डॉ. अवनीश कुमार कनिष्ठ अथिति सन्दीप महरोत्रा कार्यक्रम की अध्यक्षता गुलशन कुमार भसीन ने की, कार्यक्रम में जिले के 48 इंटर मीडियट एवं हाई स्कूल के 48 छात्र छात्राओं को मेडल शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया , इस अवसर पर जिले के सभी विद्यालयो के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे इससे पूर्व विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में दर्शकों का मन मोह लिया।

## शव पहुंचने पर परिजनों ने की मकान गिराए जाने की मांग

**मितौली खीरी।** थाना क्षेत्र के ग्राम शहीदपुर में हुए पंकजवर्मा हत्याकांड के दूसरे दिन जब शव पोस्टमार्टम होने के बाद गांव आया तब ग्रामीण एवं परिजन हत्या आरोपियों के मकान को गिराए जाने की जिद अड़ गए। मृतक के शव को अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। पुलिस उपाधीक्षक तथा उप जिलाधिकारी विनीत कुमार उपाध्याय, थाना प्रभारी मैगलगंज, थाना प्रभारी नीमगांव, थाना प्रभारी मितौली मय फोर्स के साथ परिजनों एवं ग्रामीणों को समझाने बुझाने मे जुट गए। लगभग 1 घंटे तक मामला चलता रहा। उप जिलाधिकारी पुलिस उपाधीक्षक के समझाने बुझाने तथा आश्वासन दिए जाने के बाद परिजनों ने अंतिम संस्कार किया।

## पंचपरमेश्वर विद्यापीठ के प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारंभ आज

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज** भारत के महान आध्यात्मिक संत स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस 12 जनवरी को विवेकवान नेतृत्व विकास के लिए समर्पित पंचपरमेश्वर विद्यापीठ के प्रशिक्षण व सन्दर्भ केंद्र का शुभारंभ चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल ग्राम छंदवल विकास खण्ड बनीकोडर में किया जा रहा है। केंद्र के संयोजक बिरजू संस्थान के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों युवाओं को प्रशिक्षण केंद्र के शुभारंभ अवसर पर प्रतिभाग करने के लिए अपील की है। रत्नेश कुमार ने बताया कि समाज को सही दिशा में गतिशील करने के लिये सद् विवेकी नेतृत्व की आवश्यकता होती है। कुशल एवं विवेकवान नेतृत्व, अन्तरविरोधों में उचित सामंजस्य स्थापित करके समाज के सामुदायिक स्वरूप को संरक्षित और संवर्धित करता है।

# करोड़ों से बनी कान्हा गौशाला चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट



**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।**

निघासन कस्बे में निर्माणाधीन कान्हा गौशाला में घटिया सामग्री का प्रयोग किए जाने का विरोध करते हुए सभासदों ने मौके पर पहुंचकर हंगामा करते हुए काम बंद करा दिया। सभासदों का आरोप है कि कार्य में मौरंग की जगह बालू का प्रयोग किया जा रहा है। और मिनी प्लांट की सीमेंट वह भी मानक से कम मात्रा में प्रयोग की जा रही है।

निघासन कस्बे कैसा पटेल नगर में 1.82 करोड़ की लागत से गौशाला का निर्माण कराया जा रहा था। जहां सभासद राजेश, मुन्ना, श्यामसुंदर, पल्लू, पिंटू वर्मा, उमेश, गुड्डु, राजू गिरि, पुल्लू आदि लोग

> एई ने मामले की जांच की बात कही है। चेयरमैन बद्री प्रसाद मौर्या ने बताया कि ठेकेदार से खराब ईंट बदलने और बालू के प्रयोग की जगह मौरंग से चुनाई के लिए कहा गया, लेकिन उसने नहीं बदली। गलत काम कतई बर्दास्त नहीं किया जायेगा।

निर्माणाधीन गौशाला के कार्यों की गुणवत्ता की जांच पड़ताल करने पहुंच गए। वहां पर अव्वल ईंट की जगह पर पीला और दोमा खराब ईंट का प्रयोग किया जा रहा था जो हांथ से ही टूट रही थी। आरोप है की मसाले में मिनी प्लांट की सीमेंट के साथ बालू का इस्तेमाल किया जा रहा था। जबकि इस्टीमेट मे बालू का प्रयोग कहीं नही किया जा सकता है। नाराज सभासदों ने काम बंद करा दिया था। मामले की शिकायत उच्चाधिकारी से की है।



## विकास खण्ड में दो गौशाला बनकर हुई तैयार

**मोहम्मदी खीरी।** गौवंश की सुरक्षा व आवारा घूम रही गौवंश के लिए ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई व विकासखंड अधिकारी अश्विनी कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि ग्राम पंचायत गोकन और सिसोरा निकूमपुर में गौशाला पूर्ण रूप से बनकर तैयार हो गई है। एक सप्ताह के अंदर दोनों गौशालाओ को सुचारू रूप से शुरू कर दिया जाएगा। जिससे आवारा घूम रहे गौवशों को राहत मिलेगी। सिसोरा निकूमपुर में 5 एकड़ की भूमि पर गौशाला बनी है। जबकि गोकन में 7 एकड़ की भूमि पर गौशालाओं का निर्माण टीन शेड बनकर तैयार हो गई है। शीघ्र गौवशों को वहां ले जाया जाएगा। वहीं उन्होंने बताया कि शासन के माध्यम से एक बड़ी गौशाला दिलावरपुर में स्वीकृत हो गई है जो लगभग 1 करोड़ की लागत से तैयार होगी। वही ब्लॉक प्रमुख महेंद्र कुमार बाजपेई ने बताया कि जिन गांवों में पानी निकास की समस्या आ रही थी उन गांवों को चिन्हित कर उन गांव में नालों की व्यवस्था का काम शुरू किया जाएगा तथा निर्माण कार्य कराने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

# दलाल मुक्त रहेगी कोतवाली: चंद्रशेखर

- जरूरत पड़ने पर हर विभाग का सहयोग करेंगे
- बंद पड़े सीसी टीवी कैमरा शीघ्र होंगे चालू

**मोहम्मदी खीरी समृद्धि न्यूज।**

सदर लखीमपुर से आऐ नवागत कोतवाल चन्द्र शेखर सिह ने चार्ज सभालते ही मीडिया से हुऐ रूबरु,उन्होंने बताया मै मूल रूप से जनपद गाजीपुर के निवासी हूं ,2001 से सब इंस्पेक्टर के रूप में सीतापुर से अपनी सर्विस की शुरुआत की, इंस्पेक्टर बनने के बाद लखनऊ के विभिन्न थानों की कमान सभाली,उसके उपरांत जनपद



लखीमपुर खीरी के सदर कोतवाली और अब मोहम्मदी का चार्ज,उन्होंने बताया कि 7 साल एन.आई.ए मे भी अपनी सेवाएं दी,प्रभारी निरीक्षक स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी कीमत पर दलाली नहीं होने दी जाएगी,वहीं फर्जी मुकदमे किसी कीमत पर नहीं लिखे जाएंगे,दबाव भी किसी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा, अपराध और अपराधियों पर हर कीमत पर अंकुश लगाया जाएगा,शासन की मंशा के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर हर फरियादी की सुनवाई प्रतिदिन की जाएगी। जिसके लिऐ कोतवाली गेट पर काउंटर लगाया गया है,महिला अपराध पर तत्काल संज्ञान लिया जाएगा ,एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा सामाजिक अपराध सट्टा,गोकशी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी,वहीं उन्होंने कहा नगर में बंद पड़े सभी कैमरे शीघ्र ही चलाए जाएंगे,जिसकी निगरानी कोतवाली से की जाएगी,उन्होंने मीडिया से सकारात्मक सहयोग करने की अपेक्षा की है, ऐसी खबरों का प्रकाशन न करें जिससे आपसी सामंजस खराब होने की संभावना हो,नगर,कोतवाली आपकी है बगैर आपके सहयोग के सब अधूरा है।

कार्यवाही | पोर्टल के माध्यम से ई-लाटरी की कार्रवाई सकुशल संपन्न

# पारदर्शी तरीके से हुई ई-लाटरी, 127 यंत्रों के लिए किसानों का चयन

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज**

कृषि यंत्रों के चयन के संबंध में गुरुवार को पूर्व सूचना के अनुसार सभी नामित सदस्यों एवम पंजीकृत कृषकों की उपस्थिति में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में पोर्टल के माध्यम ई-लाटरी की कार्यवाही सकुशल पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई।

डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्र ने बताया कि जनपद में 127 यंत्रों के लक्ष्य के सापेक्ष 127 कृषको का चयन ई-लाटरी के जरिए किया गया। 50 प्रतिशत की प्रतीक्षा सूची




भी तैयार की गई है। ई लाटरी के माध्यम से चयनित कृषको द्वारा यंत्र न लेने पर वरीयता सूची के किसानों को अवसर दिया जाएगा। बताते चलें कि पूरी प्रक्रिया में निर्धारित लक्ष्य यंत्रों के सापेक्ष कृषकों का चयन किया। इसी के साथ 50 प्रतिशत प्रतीक्षा सूची भी जारी की गई। चयनित कृषको को पोर्टल से ही तत्काल उनके मोबाइल पर मैसेज के माध्यम से सूचित कर दिया गया है। चयनित किसान यंत्र क्रय करके बिल कृषि विभाग के पोर्टल पर अपलोड करेंगे। उसके बाद सत्यापन की कार्यवाही करते हुए अनुदान का भुगतान कर दिया जाएगा।

ई लाटरी की कार्यवाही के समय डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्र, जिला कृषि अधिकारी अरविंद चौधरी, डीएचओ मृत्युंजय कुमार सिंह, डीसीओ वेद प्रकाश, डीआईओ (एनआईसी) महेंद्र कुमार, एलडीएम अजय पांडेय, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, समिति में नामित कृषक उपस्थित थे। ई-लाटरी के समय अनुदान पर यंत्र लेने के लिए टोकन जारी करने वाले कृषक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# बायो सीएनजी संयंत्र लगाने की योजना को मंजूरी संयंत्र शुरू होने पर प्रदूषण स्तर में आएगी कमी

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। रियल एस्टेट परियोजनाओं के निर्माण, पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति और बायोमेडिकल वेस्ट मेनेजमेन्ट में लगी कंपनी संमित इंफ्रा लिमिटेड अल्टरनेटिव्स टुवाड्र्स अफोर्डेबल ट्रान्सपोर्टेशन स्कीम (एसएटीएटी) के तहत बायो सीएनजी संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है।



बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने बैठक में प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है और कंपनी को जल्द ही इस पर काम शुरू करने की उम्मीद है। यह परियोजना व्यवसाय संचालन में कई विस्तार का हिस्सा है जिसे कंपनी अगले 2-3 वर्षों में योजना बना रही है। बोर्ड का मानना है कि, बायो सीएनजी परियोजना जलवायु परिवर्तन लक्ष्यों को प्राप्त करने और प्राकृतिक गैस और कच्चे तेल के आयात में कमी लाने और बहुत सारी विदेशी मुद्रा बचाने में राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं का समर्थन करेगी। यह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल-गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव के खिलाफ एक बफर के रूप में भी खड़ा हो सकता है, जिससे देश आत्मनिर्भर हो सकता है। भारत सरकार ने कम्प्रेस्ड बायोगैस उत्पादन संयंत्र स्थापित करने और इसे ऑटोमोटिव के लिए इसके व्यावसायिक उपयोग के लिए बाजार में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्ष 2018 में एसएटीएटी योजना शुरू की है, जिससे प्रदूषण के स्तर में काफी कमी आएगी।

# अभूतपूर्व होगा श्रीराम का स्वागत, प्रदेश में चलेगा स्वच्छता महा अभियान

## सीएम 14 को अयोध्या से करेंगे अभियान की शुरुआत, गांव-नगर-नगर में चलेगा अभियान, सजेंगे स्कूल-कॉलेज और दफ्तर

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। जिस प्रकार प्रतिवर्ष दीपावली से पहले हम साफ-सफाई और रंग रोगन के बाद अपने अपने घरों को आकर्षक झालरों और दीपों से सजाते हैं, ठीक उसी तर्ज पर योगी सरकार 22 जनवरी से पहले पूरे प्रदेश को चमकाने, सजाने और संवारने जा रही है। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मकर संक्रांति से इस महा अभियान की शुरुआत करेंगे।

सीएम योगी अयोध्या से स्वच्छता अभियान की शुरुआत करेंगे, जिसके बाद प्रदेश के हर गांव, हर नगर और प्रत्येक मोहल्ले में वृहद् स्वच्छता



अभियान चलाया जाएगा। नगर विकास और पंचायती राज विभाग को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नगर विकास और पंचायती राज विभाग के लिए निर्देश जारी

अयोध्या में होने जा रहे भव्य मंदिर के उद्घाटन और प्रभु श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की ओर से नगर विकास विभाग और पंचायती राज विभाग के लिए निर्देश जारी किये गये हैं। 14 जनवरी से शुरू होने जा रहे स्वच्छता के महाअभियान की कमान खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संभालेंगे। इसके बाद अगले 9 दिन तक प्रदेश के हर हिस्से में बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। यही नहीं, प्रदेश के प्रत्येक जिला मुख्यालयों पर स्थानीय जनप्रतिनिधि विशेष सफाई अभियान की कमान संभालेंगे।

### दस करोड़ से बनेगी टेंट सिटी, ठहरेंगे पांच हजार कलाकार

लखनऊ। अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अंतर्गत रामकथा की शुरुआत हो चुकी है। 14 जनवरी से 24 मार्च तक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में देश-विदेश के लगभग पांच हजार कलाकार शामिल होंगे। इनके ठहरने के लिए संस्कृति विभाग दस करोड़ रुपये से टेंट सिटी बनाएगा। विभाग ने इसके लिए वित्तीय स्वीकृति दे दी है। नया बस स्टैंड के पास बन रही टेंट सिटी में रोज लगभग पांच सौ लोगों के ठहरने की व्यवस्था की जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तहत 14 से 22 जनवरी तक प्रदेश भर के मंदिर, धार्मिक व आध्यात्मिक स्थलों पर भजन-कीर्तन, रामकथा प्रवचन और रामायण व सुंदरकांड का पाठ होगा। राम कलश यात्रा भी निकाली जाएंगी। अयोध्या में 14 जनवरी से 24 मार्च तक सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे जिसमे नेपाल, कंबोडिया, सिंगापुर, श्रीलंका, थाईलैंड व इंडोनेशिया के भी कलाकार आ रहे हैं।

### हाईवे बनाए जाएंगे ग्रीन कॉरिडोर

लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज, वाराणसी से अयोध्या के राजमार्गों को ग्रीन कॉरिडोर बनाते हुए इन मार्गों की समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इन मार्गों पर रामचरित मानस की चौपाइयों की होर्डिंग्स भी लगाए जाएंगे। साथ ही साथ प्रदेश के सभी सरकारी इमारतों और स्कूल-कॉलेज को सजाने के भी निर्देश हैं। प्रदेश के सभी कार्यालयों को 22 से 26 जनवरी तक रंग बिरंगे झालरों और प्रकाश से सजाने के भी निर्देश दिये गये हैं।

# महिलाएं बन रहीं स्वावलंबी व आत्मनिर्भर

**आधी आबादी को पूरा अधिकार, सरकार चली जनता के द्वार**

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा व सतत् मार्गदर्शन में महिलाओं व बच्चों के जीवन स्तर में निरन्तर सुधार हो रहा है और इस दिशा में सरकार द्वारा बहुत सकारात्मक कदम उठाए गए हैं। देश व प्रदेश में पोषण आधारित विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं, जिनका प्रत्यक्ष असर भी दिखाई दे रहा है। आधी आबादी को पूरा अधिकार दिलाने के लिए सरकार जनता के द्वार पर चलकर जा रही है। महिलाओं और बच्चों के पोषण स्तर में लगातार सुधार हो रहा है।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को स्वावलम्बी व आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। श्री मौर्य गुरुवार को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में आयोजित ष्खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता विषयक राष्ट्रीय स्तर की दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में महिलाओं और बच्चों केजीवन स्तर में निरंतर सुधार हो रहा है। प्रदेश खाद्य, पोषण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, लैंगिक समानता व सुशासन, अन्त्योदय और सबका साथ, सबका विकास के लक्ष्य की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश हर क्षेत्र में नित नये आयाम स्थापित कर रहा है। उत्तर प्रदेश में विकास की पवित्र गंगा बह रही है। भारतीय सांस्कृतिक सभ्यता के मूल्यों को पुनर्स्थापित किया जा रहा है। लोक कल्याण के आदर्श स्थापित हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश हर क्षेत्र में नयी उड़ान भर रहा है।उत्तर प्रदेश, देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन है।

प्रदेश में 1.20 करोड़ परिवारों को 8.71 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा गया है। बीसी सखी, बैंक सखी, विद्युत सखी आदि अलग-अलग स्वरूप में काम कर न केवल अपने व अपने परिवार के उत्थान की ओर अग्रसर है, बल्कि देश व समाज के उत्थान में भी योगदान दे रही है, निःसन्देह इनके कार्य बेहद सराहनीय हैं और इनके कार्य क्षेत्र व सुविधाओं मे और अधिक इजाफा किया जायेगा। एक ग्राम पंचायत एक बीसी सखी कार्यक्रम में 37642 बी सी सखी द्वारा 20587 करोड़ से अधिक की धनराशि का लेन-देन करते हुये 55 करोड़ से अधिक का लाभांश अर्जित किया गया है। 10242 विद्युत सखियों द्वारा 716 करोड़ का बिल कलेक्शन करते हुए 11 करोड़ से अधिक धनराशि का कमीशन अर्जित किया गया है। समूहों के माध्यम से बुन्देलखण्ड में बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर कम्पनी का संचालन किया जाना महिलाओं की आत्मनिर्भरता का ऐतिहासिक प्रयास है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उपस्थित लोगों का आह्वान किया कि 14 - 22 जनवरी तक स्वच्छता अभियान चलायें। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यशाला के दौरान खाद्य, स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वछता पोषण गतिबिधियो में किये गए उत्कृष्ट कार्यो एवं अनुभवों को साझा करते हुए और आगामी रणनीति तैयार करते हुए हम सब एक टीम के रूप में इसी प्रकार नवीन उर्जा, समर्पण, बेहतर समन्वय के साथ प्रधानमंत्री के सबका साथ सबका विकास, समानता एवं अन्त्योदय के लक्ष्य को हासिल करेंगे। 10 जनवरी से शुरू हुई इस राष्ट्रीय स्तर की दो दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला में ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक, दीपा रंजन, ग्रामीण विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव, उप सचिव, अधिकारी तथा 16 राज्यों में महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारी मौजूद रहे।

### मोटे अनाजों को सरकार दे रही बढ़ावा

उप मुख्यमंत्री ने नारी शक्ति वन्दन अधिनियम की चर्चा करते हुए कहा कि देश की आधी आबादी को उनका हक देने, भारतीय लोकतंत्र को और अधिक मजबूत व सहभागी बनाने वाला प्रधानमन्त्री का यह कालजयी निर्णय विकसित भारत के निर्माण में बहुत बड़ी भूमिका निभाएगा। खाद्य, पोषण एवं स्वास्थ्य की दृष्टि से सरकार द्वारा मोटे अनाजों श्री अन्न को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे किसानों की आमदनी तो बढ़ ही रही है, पोषण की दृष्टि से भी बहुत उपयोगी है। कहा कि समूहों की दीदियों की आमदनी तो बढ़ी ही है, उनमें अभूतपूर्व उत्साह की भी अभिवृद्धि हुई है।

## उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन ने पेंशन बहाली को लेकर कैरेज वर्कशॉप पर दिया धरना

लखनऊ। सम्पूर्ण केन्द्रीय कर्मचारियों व राज्य कर्मचारियों के भविष्य को संवारने के लिए तथा बुढ़ापे को सुरक्षित करने के उद्देश्य से नेशनल फेडरेशन आफइंडियन रेलवे मेन के महामंत्री डा. एम. राघवैया चेयरमैन ने नई पेंशन स्कीम को रद कर पुरानी पेंशन स्कीम को पुनः लागू कराने आदि अन्य मांगो को लेकर यह फैसला लिया कि सम्पूर्ण भारत वर्ष में दिनाक 08 जनवरी से 11 जनवरी तक शाखा-मण्डल स्तर पर क्रमिक अनशन किया जाएगा ताकि कर्मचारी विरोधी इस सरकार की कुंभकणी नींद को तोड़ा जा सके। इस फैसले के तहत उत्तरीय रेलवे मजदुर यूनियन ने सभी शाखाध्मण्डल स्तर पर दिनांक 08 जनवरी से 11 जनवरी तक क्रमिक अनशन आयोजित करने का निर्णय लिया जिसमें युवा कर्मचारियों के साथ-साथ वरिष्ठ कर्मचारियों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। मण्डल उपाध्यक्ष शशांक सिंह ने बताया कि इसी कड़ी में कैरिज वर्कशाप आलमबाग लखनऊ के गेट पर क्रमिक अनशन की आलमबाग वर्कशाप शाखा विद्युत शाखा तथा भण्डार शाखा द्वारा संचालित किया जा रहा है।

# प्रयागराज माघ मेला की तैयारी जोरों पर

**श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुख्ता व्यवस्था : जयवीर**

समृद्धि न्यूज



लखनऊ । प्रयागराज के संगम तट पर 54 दिनों तक चलने वाले माघ मेले को सकुशल एवं सुरक्षित संपन्न कराने के लिए मेला प्रशासन और पर्यटन विभाग की तैयारियां अपने अंतिम चरण में है। मकर संक्रांति से शुरू होने वाले माघ मेला के एक साल बाद वर्ष 2025 महाकुंभ प्रारंभ हो जाएगा। ऐसे में माघ मेला को पूर्वाभ्यास के तौर पर भी देखा जा रहा है।

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस वर्ष माघ मेला 15 जनवरी से शुरू होकर 8 मार्च तक चलेगा जिसमें छह प्रमुख स्नान पर्व होंगे इनमें पहला स्नान 15 जनवरी को मकर संक्रांति, 25 जनवरी को पौष पूर्णिमा, 9 फरवरी को मौनी अमावस्या, 14 फरवरी को बसंत पंचमी, 24 फरवरी को माघी पूर्णिमा और 8 मार्च को महाशिवरात्रि के पर्व के साथ ही मेले का समापन होगा। हर वर्ष माघ मेले के दौरान पौष पूर्णिमा से लेकर माघ पूर्णिमा तक प्रयागराज के त्रिवेणी घाट में कल्पवास का आयोजन किया जाता है। इस बार मेले में पर्यटन विभाग श्रद्धालुओं के लिए विशेष फूड कोर्ट की व्यवस्था करेगा, जिसमें प्रदेशों के शाकाहारी भोजन उचित दर पर उपलब्ध होंगे। हाल ही में शुरू हुआ 40 सीटर क्षमता वाला फ्लोटिंग रेस्टोरेन्ट भी श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा। मेले को भव्य रूप देने के लिए कई विशेष व्यवस्थाएं और नवीन प्रयोग भी किए जाएंगे। इस बार मेले में खास डिजाइन के चेंजिंग रूम की व्यवस्था भी होगी।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि इस बार के माघ मेले को विस्तार देने के लिए पांच की जगह छह सेक्टरों में बसाया जाएगा। लोगों की संख्या को ध्यान में रखते हुए इस बार मेले में पांच के बजाय छह पांटून पुल भी बनाए जाएंगे। पहली बार मेले में सोलर हाइब्रिड लाइटों का प्रयोग किया जाएगा और सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने का काम स्वास्थ्य विभाग के बजाय अब प्रयागराज मेला प्राधिकरण करेगा। इस बार मेला प्लास्टिक फ्री हो, इसके लिए प्रशासन मिट्टी के बर्तनों, दोने-पत्तल और हाथ व जूट से बने बैग्स का प्रयोग करेगा।

संस्कृति मंत्री ने बताया कि मेला 770 हेक्टेयर में बसाया जाएगा और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए लगभग 110 किलोमीटर लंबी सुविधाजनक सड़कें बनेंगी और सुरक्षा की दृष्टि से करीब 100 सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। मेले में आने वाले लाखो श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सभी प्रमुख स्नानों पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस बार 14 थाने और 14 फायर स्टेशन के साथ 5,000 जवानों की तैनाती कीजाएगी। श्रद्धालुओं को डूबने से बचाने के लिए एनडीआरएफ एसडीआरएफदल के साथ 2 रेस्कू बोट भी तैनात की जाएंगी। माघ मेला को सफ्लतापूर्वक और सुरक्षित रूप से आयोजित करने के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं। हमने विशेष फूड कोर्ट की व्यवस्था की है ताकि मेले में आने वाले किसी यात्री को असुविधा न हो और विधिवत स्नान ध्यान कर सके।

## खबरें एक नजर में

**बदलाव : बसपा ने पहली बार जारी किया मिसकॉल नंबर**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले बसपा में पहली बार बदलाव देखने को मिल रहा है। बसपा नई सूरत में दिख रही है। बसपा के इतिहास में पहली बार मिसकॉल नंबर जारी किया गया है। ये नंबर बहुजन समाज पार्टी के मुखिया मायावती के भतीजे आकाश आनंद से जुड़ने के लिए है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपील की है। बसपा के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद की देखरेख में नया सोशल मीडिया सेल तैयार हो रहा है। मायावती अपने जन्मदिन पर लांच कर सकती हैं। आज मायावती के उत्तराधिकारी आकाश आनंद ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि ना रुके हैं, ना रुकेंगे, सत्ता की 'गुरु किल्ली' लेकर रहेंगे। अपने अधिकारों की लड़ाई के लिए, सामाजिक परिवर्तन के संघर्ष के लिए, देश में समतामूलक समाज बनाने के लिए हमें संगठित होना होगा और ये आपसे शुरू होगा। इस मिशन से जुड़ने के लिए 9911278181 पर एक मिस्ड कॉल दीजिए और सीधे मुझसे जुड़िए। उन्होंने कहा, हम ऐसी टेक्नोलॉजी लेकर आएंगे, जिससे सभी की बातें सीधे 'बहन जी' तक पहुंच सकें।

**मंडलायुक्त ने किया आर्मी डे परेड की तैयारियां का निरीक्षण**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने आर्मी डे परेड के दृष्टिगत की जा रही तैयारियां का जायजा लेने के उद्देश्य से अंबेडकर पार्क पहुंची। 14 जनवरी को आर्मी-बैंड कार्यक्रम का आयोजन अंबेडकर पार्क में किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बैठने के लिए चेयर, लाइटिंग व हॉर्टिकल्चर के कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण कर लिया जाये, साथ ही गोल्फकार्ड की भी व्यवस्था पूर्व से ही कर लिया जाए। मंडलायुक्त ने सेना के संबंधित ऑफिसर से वार्तालाप के दौरान कहां की एलडीए की तरफ से कार्य में कोई अर्चन हो तो हमें तत्काल अवगत कराये। उन्होंने अंबेडकर पार्क में गमले की संख्या में बढ़ोतरी व साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने व पार्किंग व्यवस्था पूर्व से ही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। पार्क के फाउंटेन सारे चलते रहने चाहिए अगर कोई खराब है उसे तत्काल सही करा लिया जाए। इस दौरान एलडीए वीसी इंद्रमणि त्रिपाठी और एलडीए सचिव पवन गंगवार भी मौजूद रहे।

**जापान में भारत का प्रतिनिधित्व करेगा सी.एम.एस. छात्र दल**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर द्वितीय कैम्पस का 6 सदस्यीय छात्र दल 'सकूरा साइन्स एक्सचेंज प्रोग्राम' में प्रतिभाग हेतु जापान रवाना हो रहा है। यह साइन्स एक्सचेंज प्रोग्राम जापान साइन्स एण्ड टेक्नोलॉजी एजेन्सी द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विश्व के लगभग 30 देशों के छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। इस शैक्षिक यात्रा के दौरान सी.एम.एस. छात्र जापान के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों एवं रिसर्च इन्स्टीट्यूट का भ्रमण करेंगे एवं इस दौरान एडवांस साइन्स एवं टेक्नोलॉजी पर विशेषज्ञों का व्याख्यान एवं मार्गदर्शन प्राप्त करने साथ ही प्रायोगिक परीक्षण भी प्राप्त करेंगे। सी.एम.एस. छात्रों की जापान यात्रा का सम्पूर्ण खर्च आयोजकों द्वारा वहन किया जायेगा। जापान रवाना होने वाले छात्र दल का नेतृत्व विद्यालय के शिक्षक योगेन्द्र प्रताप सिंह करेंगे जबकि छात्र सदस्यों में आर्यन सिंह, श्रेया, शुभ मेहरोत्रा, वैभव पाण्डेय एवं वैदेही मिश्रा शामिल हैं। विभिन्न संस्कृतियों एवं सभ्यताओं का एक अन्तर्राष्ट्रीय मंच पर समागम भी इसका एक प्रमुख उद्देश्य है जिसके माध्यम से विभिन्न देशों के छात्र एक-दूसरे के रहन-सहन, भाषा तथा ज्ञान-विज्ञान से रूबरू होंगे।

**शराबबंदी समिति के अध्यक्ष ने शिवपाल को साइकिल भेंट की**

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव से आज शराब बंदी संघर्ष समिति के अध्यक्ष मुर्तजा अली एक प्रतिनिधि मंडल दल के साथ उनसे मुलाकात किया इस मुलाकात में शराबबंदी संघर्ष समिति के अध्यक्ष मुर्तजा अली ने शिवपाल सिंह यादव से कहा कि राम की नगरी अयोध्या में मीट और अंडा पर पाबंदी सरकार के द्वारा लगाने और शराब की बिक्री पर किसी प्रकार का रोक लगने पर भी चर्चा की गई। मुर्तजा अली ने कहा कि जिस तरह अंडा, मीट और मछली पर पाबंदी सरकार ने लगाई है उसी प्रकार शराब पर भी पाबंदी लगनी चाहिए। 2024 के लोकसभा चुनाव और भी सामाजिक मुद्दों पर चर्चा हुई। इस मौके पर शराबबंदी संघर्ष समिति के अध्यक्ष मुर्तजा अली ने शिवपाल सिंह यादव को साइकिल भेंट किया, प्रतिमंडल दल के साथ शराबबंदी संघर्ष समिति के राष्ट्रीय सलाहकार खालिद इस्लाम, रणजीत सिंह , अब्दुल मोईद, शेख अफजल अहमद, तंजीम जाफरी, इनशिराह फातिमा, आदि लोग शामिल थे।

**योगी ने पूर्व पीएम शास्त्री की पुण्यतिथि पर किया याद**

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। सीएम योगी ने पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी है। सीएम योगी ने ट्वीट किया और लिखा-पूर्व प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय चेतना को सशक्त करने वाले जय जवान-जय किसान मंत्र के उद्घोषक, भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। सादा जीवन-उच्च विचार भाव को चरितार्थ करता उनका त्यागमय, लोकनिष्ठ जीवन हम सभी के लिए पाथेय है।

# वॉइस कॉल के जरिए करोड़ों की ठगी करने वाला टेक्निकल हेड सहित 25 गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। यूपी एसटीएफ ने एसडीटी एक्जिम ओवरसीज प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी की आड़ में विदेशों से वाइस कॉल और टीएफएन सॉफ्ट फोन के जरिए कम्प्यूटर और लैपटाप को रिमोट पर लेकर करोड़ो रूपये की ठगी करने वाले संगठित गिरोह के टेक्निकल हेड सहित पच्चीस लोगो को नोएडा के लेट्स कनेक्ट विल्डिंग डी- 41 सी-ब्लाक सेक्टर -59 से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी जयन्त उर्फ जितेन्द्र उर्फ उस्मान, मानिक सिवाच, मोहम्मद शाबिर, शिवा कश्यप, आदिल रिजवी, दिव्यम शर्मा, रितिक मल्होत्रा, सक्षम मल्होत्रा, हिमांशु भारद्वाज, रोहित यादव, अंकुर सोनी, कैलाश शही, फिरोज ग्रोवर, भुपेन्द्र सिंह यादव, आफरोज, युधिष्ठिर कुमार, मनीष तिवारी, गौतम सहगल, यश मक्कड़, अनुभव त्यागी, संजीत, चिन्टू उर्फ चन्द्रपाल, नीरज, नदीम के पास से बाइस सीपीयू और बाइस डेस्कटॉप मॉनिटर और बाइस हेड फोन व बाइस की बोर्ड-माउस तथा चौतीस मोबाइल फोन और आठ एटीएम कार्ड तथा पांच




आधार कार्ड और तीन पैन कार्ड व तीन ड्राइविंग लाइसेंस तथा तीन कार रजिस्ट्रेशन कार्ड और दिल्ली मेट्रो कार्ड तथा हेल्थ कार्ड व तीन कार तथा एक जिप्सी कार और चार लैपटॉप तथा चार इंटरनेट राउटर और दो हिसाब किताब रजिस्टर तथा 22,222-00 रुपये नगद बरामद किया है।

एडीजी एसटीएफ अमिताभ यश ने बताया कि इस गिरोह का टेक्निकल हेड नीरज यादव अपने साथी संजीत, दिव्यम शर्मा, मोहित आदिल रिजवी आदि के साथ यह फर्जी काल सेन्टर चलाता है। जिसका मालिक शाजिद सहिदी है। जिसके द्वारा विदेशी लोगों को काल की जाती है तथा रिसीव की जाती है। काल से सम्बन्धित सभी इलेक्ट्रानिक उपकरण, मोबाइल, सिम शाजिद शहीदी टेक्निकल हेड को देता है। शाजिद कम्पनी को मकान नंबर 128 बी 1 प्रथम फ्लोर मौहम्मदपुर, आरके पुरम नियर एमसीडी पार्क नई दिल्ली पर रजिस्टर्ड करा रखा है। एडीजी एसटीएफने बताया कि फर्जीवाड़ा करने के लिए ही कम्पनी गलत पते पर संचालित किया जा रहा है। जिससे कोई भी वास्तविक पता न खोज सके। कॉल सेंटर से जीएसटी रजि 0 सर्टिफिकेट में कम्पनी का नाम व पता दूसरा लिखा है। जबकि कम्पनी के रजिस्ट्रेशन में नाम व पता अलग दर्ज है। इसके अलावा मर्चेंट आगरा फार्म से किये गये रेंट एग्रीमेंट के अनुसार कम्पनी प्लाट नं 0 41 ब्लाक डी सेक्टर 59 नोएडा मे संचालित हो रही है । यह कॉल विदेश से टेन पोर्टल 15357 तथा माई फोन सिस्टम्स कॉम के साफ्टवेयर से कॉल सेंटर मे लगे सिस्टम पर लैण्ड करायी जाती है। उस कॉल को कॉल सेंटर पर पूर्व से एक्टिव कॉलर कॉल रिसीव करते है तथा अपने आप को विदेशी कम्पनी का प्रतिनिधि प्रदर्शित करते हुए उनकी समस्या का जल्द समाधान का आश्वासन देते है तथा हमारी कम्पनी में काम करने वाले कर्मचारी उन लोगो को बोलते है कि आपका सिस्टम हेक तथा आईपी एड्रेस कम्प्रोमाईज्ड हो गया है।

## ईवीएम वीवी पैट जागरुकता प्रशिक्षण केन्द्र में लोगों को किया गया जागरूक

लखनऊ। जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बताया की निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन के ऋम में कलेक्ट्रेट के प्रांगण में लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत ईवीएम और वीवी पैट जागरूकता प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना की गई थी। जिसमे इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन, वीयू व सीयू एवं वीवीपैट का प्रदर्शन एवम मतदान की सम्पूर्ण प्रक्रिया के बारे में आमजनमंस को जागरूक किया जा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बताया गया की यह केंद्र सभी तहसीलों व विकास भवन में भी स्थापित किए गए है ताकि अधिक से अधिक लोगो को मतदान की प्रक्रिया का प्रशिक्षण एवम जागरूकता पहुचाई जा सके। कलेक्ट्रेट प्रांगण में आज जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा ईवीएम मशीन से वोटिंग किये जाने की प्रकिया, वीवीपैट के कार्य एवं मतदान के पश्चात पर्ची निकलने के सम्बन्ध में जानकारी तथा ईवीएम मशीन को वैलेट यूनिट व कन्ट्रोल यूनिट से जोडने की प्रकिया के सम्बन्ध में अपने समक्ष प्रदर्शन कराया एवं जानकारी में कार्यरत कार्मिकों से प्राप्त की।

# इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे पर फैसला जल्द : अखिलेश

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को लखनऊ में पार्टी कार्यालय विधानसभा अध्यक्षों के साथ बैठक की। उन्होंने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को विधानसभा अध्यक्षों टिप्स दिए। उन्होंने कहा इंडिया गठबंधन की बैठक लगातार चल रही है। सीट बंटवारे को लेकर सुझाव दिए गए हैं, उनकी तरफ से भी सुझाव आए हैं। गठबंधन में सीट बंटवारे पर फैसला जल्द होगा। अभी तक जो बातचीत हुई है, वह बहुत ही पॉजिटिव है।

अखिलेश ने कहा है, भाजपा नकारात्मक राजनीति करने की आदी है। संविधान और लोकतंत्र पर खतरा है। सर्वाधिक 80 सीटें उत्तर प्रदेश में है, इसलिए यूपी की जिम्मेदारी भी बड़ी है। सपा कार्यकर्ताओं को भाजपा के जाल में नहीं फंसना है। सभी 80 सीटों पर भाजपा को हराने के लिए एकजुट होना होगा। भाजपा साजिश करने में माहिर है। भाजपा जनहित की राजनीति नहीं करती है। भाजपा का रवैया जन-विरोधी है। प्रदेश में जहां भी खाली जमीन है, वहां पर भाजपा के लोग कब्जा कर रहे हैं। आजकल बीजेपी



वाले भू-माफिया हो गए हैं। महंगाई से सभी त्रस्त हैं। कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट है। महिलाओं का उत्पीड़न हो रहा है। बच्चियों तक की सुरक्षा नहीं है। नौजवानों के लिए रोटी-रोजगार की व्यवस्था नहीं है। हर तरफलूट मची हुई है। थाना-तहसील से लेकर ऊपर तक बिना लेन-देन के कोई काम नहीं हो रहा है। हर तरफअराजकता है। स्वास्थ्य सेवाएं जन सामान्य को उपलब्ध नहीं है। अस्पतालों में इलाज और दवा की व्यवस्था बेपटरी पर हैं। मरीजों को इधर से उधर रेफर करने के खेल में लोगों की जानें जा रही है। 108 और 102 डायल एम्बुलेंस सेवा पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर की यूपी डायल 100 पुलिस सेवा को भी भाजपा ने 112 बनाकर बर्बाद कर दिया। ठंड की ठिठुरती रातों में गरीबों के लिए न अलाव और न ही रैन बसेरे की व्यवस्था है।

**रणनीति** | **लोकसभा चुनाव को लेकर आगामी संगठनात्मक तथा चुनावी कार्ययोजना पर मंथन**

# उत्तर प्रदेश की धरती डबल इंजन की सरकार में खुशहाल

**80 सीटें जीतकर मोदी को तीसरी बार बनाना है प्रधानमंत्री**

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी की गुरुवार को लखनऊ में हुई खास बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर गहन मन्त्रणा हुई। पार्टी की मिशन फतह 80 की रणनीति बनी। लोकसभा चुनाव योजना बैठक में गुरुवार को आगामी संगठनात्मक तथा चुनावी कार्ययोजना पर मंथन हुआ। लखनऊ में आयोजित योजना बैठक में पार्टी के कार्यक्रम व अभियानों के साथ ही मिशन 2024 की निश्चित सफलता की रणनीति पर चर्चा हुई।



प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह तथा प्रदेश सहप्रभारी संजीव चौरसिया की उपस्थिति में बैठक हुई।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण से आत्मनिर्भर भारत निर्माण का संकल्प पूर्ण हो रहा है। देश आर्थिक, सामरिक व सांस्कृतिक उत्थान के साथ सम्पूर्ण विश्व का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। उत्तर प्रदेश की पहचान कभी दंगा प्रदेश के रूप में होती थी आज वही उत्तर प्रदेश की धरती डबल इंजन की सरकार में भयमुक्त, दंगामुक्त, खुशहाल तथा हर्ष और उल्लास के साथ उत्सव प्रदेश हो गयी है। उत्तर प्रदेश से 80 लोकसभा सीटे जीतने का लक्ष्य पूर्ण करके नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ सरकार के निर्णय व संगठन की विचारधारा को जनमानस के बीच लेकर सम्पर्क व संवाद की भाजपा परम्परा के अनुसार काम करना है। भाजपा कार्यकर्ता परिश्रम का पर्याय हैं और किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम है।पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सम्मानित जनता ने गांव, नगर की सरकार से केन्द्र की सरकार तक भारतीय जनता पार्टी को मुक्तहस्त से आशीर्वाद दिया है। उन्होंने कहा कि लाभार्थी सम्पर्क के माध्यम से हमें प्रत्येक लाभार्थी की दहलीज पर पहुंचकर सम्पर्क व संवाद स्थापित करना है।

### संगठन की प्रदेश इकाई मजबूती के साथ संकल्पित

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने अपने सम्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तीसरी बार भाजपा को चुनने जा रहा है। इस सरकार गठन में उत्तर प्रदेश की शत प्रतिशत भागीदारी के लिए संगठन की प्रदेश इकाई मजबूती के साथ संकल्पित है। मोदी व योगी के रूप में कुशल नेतृत्व और भाजपा कार्यकर्ताओं का अनुशासन व परिश्रम जीत की गारन्टी है। पार्टी द्वारा लोकसभा चुनाव की तैयारियां प्रारम्भ हो चुकी है, ऐसे में हमारी सक्रियता भी बढेगी। उन्होंने कहा कि सपा-बसपा व कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल जहां गठजोड के लिए जद्दोजहद कर रहे है, वहीं हमें बूथ विजय का लक्ष्य लेकर प्रत्येक बूथ पर विजय की रणनीति पर काम करना है। केन्द्रीय नेतृत्व को संगठन की प्रदेश इकाई प्रत्येक अभियान व कार्यक्रम के प्रभावी तथा परिणाम केन्द्रित क्रियान्वयन के लिए आश्वस्त करती है।

## गोवंश का संरक्षण व संवर्द्धन राज्य सरकार की प्राथमिकता : धर्मपाल

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में टीम-9 के साथ निराश्रित गोवंश को गोआश्रय स्थलों पर पहुंचाने हेतु माह नवंबर और दिसंबर में की गई कार्यवाही की समीक्षा की। इस अभियान के तहत 204391 निराश्रित गोवंश का संरक्षण किया गया। 448 अस्थायी गोआश्रय स्थल का नवनिर्माण कराया गया और 734 अस्थायी गोआश्रय स्थलों का विस्तारीकरण किया गया। पशुधन मंत्री ने निर्देश दिये कि 25 जनवरी तक अभियान चलाकर अस्थायी नये गोआश्रय स्थलों के निर्माण कार्य एवं विस्तारीकरण कार्य के लक्ष्यों को निर्धारित अवधि में पूर्ण किया जाय। पशुधन मंत्री ने अधिकारियों से जनपदों में गो संरक्षण कार्यों की रिपोर्ट लेते हुए विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

### स्वर्गीय वीरेंद्र बहादुर सिंह ( लल्लन सिंह एडवोकेट) की 10वीं पुण्यतिथि पर खेल प्रतियोगिता एवं रक्तदान शिविर आयोजित

# डीएम ने रक्तदान व खेल में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

- लायंस क्लब गोंडा एवं राजा देवी बख्श सिंह अवध राज सिंह महाविद्यालय डुमरियाडीह के तत्वाधान में महाविद्यालय के प्रबंधक एवं अध्यापकों सहित दर्जनों लोगों ने किया रक्तदान




**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को राजेंद्र नाथ लाहिड़ी स्मारक इंटर कॉलेज डुमरियाडीह में स्वर्गीय वीरेंद्र बहादुर सिंह उर्फ लल्लन सिंह एडवोकेट की दसवीं पुण्यतिथि पर अंतर महाविद्यालय नेट बाल प्रतियोगिता एवं लायंस क्लब दिलीप सिंह द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्वामी विवेकानंद पाली क्लीनिक हॉस्पिटल लखनऊ में कार्यरत प्रसिद्ध यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर पीयूष प्रताप सिंह के कुशल देखरेख में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें आस-पास के रहने वाले सैकड़ो लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथ के रूप में पधारे मगहर आश्रम के महंत विचार साहब ने मंच को संबोधित करते हुए छात्राओं एवं जनसमूह को दया और करुणा का संदेश दिया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारीं जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने प्रतियोगी छात्र-छात्राओं को संदेश देते हुए कहा कि आप सभी लक्ष्य के प्रति समर्पण और अटूट लगन से बड़ी से बड़ी कामयाबी हासिल कर सकते हैं। साथ ही मनकापुर राज घराने के कुंवर अतुल कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की सुभाकामना देते हुए कॉलेज प्रबंधन के कार्यों की प्रशंसा की।

वहीं मनकापुर चीनी मिल के यूनिट हेड डॉक्टर नीरज बंसल एवं जी एम केन उमेश सिंह विशेन ने स्वर्गीय वीरेंद्र बहादुर सिंह के जीवन गाथा पर प्रकाश डाला। इस मौके पर सीएमओ गोंडा डॉक्टर रश्मि वर्मा, आरटीओ शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी, डॉक्टर एचडी यादव विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान (साकेत पीजी कॉलेज अयोध्या), डॉक्टर ओंकारनाथ पाठक एवं डॉक्टर जितेंद्र सिंह एलबीएस पीजी कॉलेज गोंडा, हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सिंह सहित महाविद्यालय और इंटर कॉलेज के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

अंत में कार्यक्रम में पधारे समस्त गणमान्य अतिथियों का कैप्टन धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने आभार व्यक्त किया कार्यक्रम के मंच का संचालन डॉक्टर पवन कुमार नंदा एवं अनुराग सिंह के द्वारा किया गया।



### ग्रामीण संवाद यात्रा कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

**मनकापुर /गोण्डा ,समृद्धि न्यूज।** भारत विकसित संकल्प यात्रा के तत्वावधान मे ग्रामीण संम्बाद यात्रा कार्यक्रम, ग्रामसभा फिरोजपुर व ग्रामसभा भरहूं मे आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोण्डा के सांसद माननीय कीर्तिवर्धन सिंह (राजा भैय्या ) ने मां सरस्वती के प्रतिबिम्ब पर पुष्प अर्पित करते हुए दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । अपने उद्बोस में संसद कीर्तिवर्धन सिंह ने बताया सभी पात्र लोगों का राशन कार्ड बनेगा, सभी ग्राम वासियों को पीएम किसान सम्मन निधि मिलेगा, सभी पात्र लोगों को आयुष्मान कार्ड मिलेगा, सभी पात्र लोगों को आवास मिलेगा इसीलिए जहां पर भी भारत विकसित संकल्प यात्रा के तत्वावधान में ग्रामीण संवाद कार्यक्रम लगाया जाता है वहां पर सभी योजना के कर्मियों के बुलाया जाता है और जिसको लाभ नही मिला है किसी कारण बस छूट गया है उन सभी पात्र ग्राम वासियों का कार्यक्रम पंडाल मे ऑनलाइन कराया जा रहा है। सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने कार्यक्रम मे उपस्थित सभी योजना के कर्मचारियों को शख्त हिदायत देते हुए कहा कि कोई भी ग्रामवासी जो पात्र हैं उनका नाम नहीं छूटना चाहिए सभी का नाम जाना चाहिए और उनको लाभ मिलना चाहिए।

# नजूल फ्री होल्ड नहीं हो पाया तो जिला प्रशासन ने तोड़ दिया सभी मकान

- ठंड में ठिठुरता रहा पूरा परिवार कैसे कटेगी रात

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**



नजूल की जमीन कब्जा कर बनाए गए मकानों व दुकानों पर गुरुवार को प्रशासन का बुलडोजर चला। प्रशासन के रहम का इंतजार कर रहे लोग अमले को देखकर जल्दी-जल्दी दुकानें व मकान खाली कर गए।देर शाम तक ध्वस्तीकरण की कार्रवाई चलती रही।गुरुवार सुबह दस बजे पुलिस फोर्स के साथ ही नगर पालिका, राजस्व व प्रशासनिक अधिकारियों की टीम नजूल की जमीन गाटा-142 खाली कराने पहुंची तो नजारा देखकर लोग दहशत में आ गए।इस दौरान लोग रहम की दुहाई मांगते रहे। मगर नोटिस के बाद अधिकारियों ने उनकी एक न सुनी।मामूली कहासुनी के बाद करीब 11 बजे के

मंडलायुक्त के आवास बगल दीवानी तिराहा पर बनाई गईं दुकानें तोड़ी गईं।नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी संजय कुमार मिश्र ने बताया कि दीवानी तिराहा मंडलायुक्त के आवास के बगल तक नजूल की जमीन पर बने मकान व दुकान चिह्नित किए गए हैं।प्रशासनिक आधार पर दुकानों का ध्वस्तीकरण कराया जाना है। इसके लिए छह जेसीबी के साथ ही पुलिस फोर्स व राजस्व व प्रशासनिक अफसरों की मौजूदगी में कार्रवाई शुरू की गई है।देर शाम तक दुकान व मकान तोड़े गए हैं।

ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान गोंडा लखनऊ राजमार्ग और शाहिद केपी सिंह मार्ग समेत आसपास इलाके में तमाशबीनों की भीड़ जुटी रही।ऐसे में पुलिस फोर्स की तैनाती के बावजूद आसपास पूरे दिन जाम की स्थिति रही।स्थानीय लोगों का आरोप है कि नजूल के कर्मचारी और अफसरों ने मिलीभगत कर बहुमंजिला इमारतें खड़ी की गईं।वर्षों बाद अधिकारियों ने हटवाने की कवायदें शुरू की तो भवन स्वामियों ने हाईकोर्ट तक गुहार लगाई। वहां से भी राहत न मिलने पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू हो गई है।मगर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। मंडलायुक्त के आवास के बगल बनी दुकानें तोड़ने पहुंची टीम तो कुछ महिलाएं और बच्चे घर के अंदर ही रहे नहीं निकल रहे थे। जिसको नगर कोतवाल ने महिला पुलिस कर्मियों को ले जाकर महिलाओं और बच्चों को बाहर निकाला फिर बच्चे और महिलाएं रोते बिखलते हुए सड़क पर आ गए बाहर आते ही जेसीबी से कार्रवाई शुरू की गई है।एसडीएम सदर सुशील कुमार यादव ने बताया कि हाईकोर्ट व प्रशासनिक आधार पर कार्रवाई की गई है।

### सीएम के निर्देश की हुई अवहेलना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि गरीब की दुकान, मकान या झोपड़ी पर बुलडोजर नहीं चलेगा, बल्कि यह सख्त कार्रवाई माफियाओं की अवैध संपत्ति पर की जाए, लेकिन जिले में प्रशासन के द्वारा ठीक इसका उल्टा किया गया है। पीड़ित परिवार का कहना है कि ध्वस्त किए गए इस आशियाना के अलावा उनके पास रहने का न तो कोई ठिकाना है और न ही खाने-पीने की कोई व्यवस्था। ऐसे में पूरा परिवार खुले आसमान तले रहने को मजबूर है। हलाकि सीएम योगी ने अफसरों को सख्त हिदायत दी है कि बुलडोजर किसी गरीब की झोपड़ी या दुकान पर नहीं चलेगा। इसके बावजूद जिला प्रशासन के कुछ जिम्मेदार अधिकारी मुख्य मंत्री के आदेशों की धज्जियां उड़ा रहें है।

### परिवहन मंत्री ने काफिला रोक कर सड़क के किनारे खड़े ट्रकों को कराया सीज

**सभी वाहन थे ओवरलोड**

**नवाबगंज, गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** बुधवार की रात्रि में करीब आठ बजे परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह गोंडा से अयोध्या की तरफ जा रहे थे। शिवदयालगंज से बस्ती हाइवे पर सड़क के किनारे कुछ ट्रकें कतार में खड़ी थीं जिससे सड़क पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी।

परिवहन मंत्री ने काफिला रोक कर सड़क के किनारे खड़े ट्रकों को चेक किया तो सभी में गिट्टी लदी थी और सभी वाहन ओवरलोड थे। मंत्री का काफिला रुकते ही सभी ट्रकों के ड्राइवर और खलासी अपना वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गए। मंत्री के फोन पर मौके पर पहुंचे अयोध्या के आरटीओ ने छह ट्रकों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें नवाबगंज थाने पर लाकर सीज कर दिया है।

# कोहरे के चलते नाले में गिर कर बाइक सवार की मौत

- सूखे नाले के मोड़ को कोहरे के कारण नहीं देख सका बाइक सवार युवक

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**



कटरा बाजार थाना क्षेत्र के अहिरहन पुरवा गंडाही गांव जाने वाली सड़क पर स्थित सूखे नाले के मोड़ पर बुधवार की रात कोहरे के कारण एक बाइक सवार युवक बाइक समेत नाले में जा गिरा। वह घायल हालत में रातभर नाले में पड़ा रहा। इलाज के अभाव में युवक की मौत हो गयी। ग्रामीणों ने सुबह नाले में शव पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के चंदवतपुर गांव का रहने वाला फिरंगी (20 वर्ष) पुत्र रामू बुधवार की शाम को बाइक से कटरा बाजार थाना क्षेत्र के सर्वांगपुर गांव स्थित अपने बुआ के घर गया था। रात करीब 9 बजे वह वापस अपने गांव जाने के लिए बाइक से निकला था। अहिरहन पुरवा गंडाही ग्राम की सड़क पर वह सूखे नाले के मोड़ को कोहरे के कारण देख नहीं सका और बाइक समेत नाले में जा गिरा। नाला सूखा होने की वजह से उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। वह रात भर नाले में ही पड़ा रहा। समय पर इलाज न मिलने के कारण उसकी मौत हो गयी। सुबह जब ग्रामीण उधर से गुजरे और नाले में युवक का शव पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार संजय गुप्ता पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और युवक के शव को बाहर निकलवाया। युवक की पहचान होने पर उसके परिवार वालों को सूचना दी गयी। परिजनों की मौजूदगी में पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक संजय गुप्ता ने बताया कि संभवतः समय पर इलाज न मिलने के कारण युवक की मौत हुई है।

## खबरें एक नजर में

### जरूरतमंदों को वितरित किया कम्बल



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** शासन व जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्ता के नेतृत्व में वृद्धाआश्रम के कर्मचारियों की टीम ने देर रात बस स्टाप, रेलवे स्टेशन, अस्पताल, पीपल तिराहा, घंटाघर, छावनी, डिगिहा, पानीटंकी चौराहा सहित नगर के अन्य प्रमुख स्थानों का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान पाये गये निराश्रित, असहाय, वृद्धजनों व जरूरतमंदो को कम्बल का वितरण किया गया तथा वृद्धजनों को वृद्धाआश्रम में संवासित होने के लिए प्रेरित भी किया गया। वृद्धजनों को बताया गया कि वृद्धाआश्रम में रहने, खाना, कपड़ा, विस्तर, उपचार इत्यादि के बेहतर प्रबन्ध है आपको वृद्धाआश्रम में किसी प्रकार की समस्या नहीं आयेगी।

### व्यक्तिगत कोचिंग के लिए बाध्य हो रहे है विद्यार्थी

**पयागपुर, बहराइच, समृद्धि न्यूज़।** विकास क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत संचालित वीर इंटर कालेज धनुही विद्यालय के प्रबंध तंत्र द्वारा ताला लगाकर शिक्षण कार्य बंद कर दिया गया है । ज्ञातव्य हो यूपी बोर्ड की दसवीं व बारहवीं की परीक्षाएं 22 फरवरी से संचालित होना प्रस्तावित है । ऐसे में बिना किसी शासनादेश के विद्यालय में शिक्षण कार्य बंद किया जाना गले से नही उतर रहा है।शिक्षण कार्य बंद होने से विद्यार्थी पूर्ण रूप से व्यक्तिगत कोचिंग के लिए बाध्य हो रहे है । कई अभिभावकों ने बताया कि सत्र के अधर में शिक्षण कार्य बंद किया जाना विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ तथा अभिभावकों पर व्यक्तिगत कोचिंग के एवज में अतिरिक्त आर्थिक बोझा डालना है ।अत्यधिक ठंड के चलते शिक्षा विभाग द्वारा कक्षा 1 से 8 तक के छोटे विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया गया है ।इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि पूर्व में भी विद्यालय के प्राचार्य को दूरभाष पर स्थिति सुधारने हेतु निर्देशित किया गया है ,लेकिन मुझे नही लगता कि वे अपनी आदत में सुधार लायेगे। इस बार निश्चित रूप से उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

### सिपाही का घूस लेते वीडियो वायरल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जिला मुख्यालय पर नगर कोतवाली में तैनात सिपाही ने पासपोर्ट में रिपोर्ट लगाने के नाम पर रिश्वत ली जिसका वीडियो वायरल हो गया है। वायरल वीडियो में नगर कोतवाली में तैनात सिपाही पासपोर्ट में रिपोर्ट लगाने के नाम पर रिश्वत लेता हुआ नजर आ रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद मामले में जांच के आदेश दिए गए हैं। दरअसल नगर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत के रहने वाले एक युवक ने पासपोर्ट बनवाने को लेकर के ऑनलाइन आवेदन किया था। पुलिस वेरिफिकेशन के लिए नगर कोतवाली में गया था। जहां से पासपोर्ट में रिपोर्ट लगाने के लिए नगर कोतवाली में तैनात सिपाही ने रिपोर्ट लगाने के नाम पर एक हजार रिश्वत की मांग की। जब युवक ने रिश्वत देने से मना किया तो पासपोर्ट में रिपोर्ट लगाने से इनकार कर दिया था।

### पांच शातिर चोर गिरफ्तार, तीन मोटरसाइकिलें बरामद

गोंडा, समृद्धि न्यूज। पुलिस अधीक्षक महोदय विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा राधेश्याम राय के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित थाना को0 नगर पुलिस टीम द्वारा कड़ी मेहनत व अथक प्रयासोपरांत मु0अ0सं0-015/24, धारा 379 भादवि से सम्बन्धित प्रकाश में आये 05 आरोपी अभियुक्तों- 01. सैय्यद इमरान हैदर उर्फ ओन पुत्र सैय्यद जमाल हैदर काजमी, 02. तरुण दुबे, 03. अमित कुमार उर्फ पंचू 04. दीपक कुमार व 05. सलमान को धनौली सोनी गुमती से रेलवे स्टेशन मार्ग पर गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 03 अदद मोटरसाइकिले बरामद कर लिया गया।

# एसपी ने किया थाना विशेश्वरगंज का औचक निरीक्षण

**निरीक्षण के दौरान एसपी ने जांची विशेश्वरगंज पुलिस की कार्यशैली**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने थाना विशेश्वरगंज का औचक निरीक्षण कर पुलिस की कार्यशैली को चेक किया।तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

जिले की नवांगत पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने गुरुवार को थाना विशेश्वरगंज का औचक निरीक्षण किया। एसपी ने थाने का मेस,अपराध पंजिका,मलखाना सहित अन्य आवश्यक कागजातों का गहनता से निरीक्षण किया। थानाध्यक्ष सूरज कुमार राना को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। एसपी को थाने की व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त मिली ।उन्होंने साफ सफाई के लिए तारीफ किया।

# 24 जनवरी को युवा मोर्चा आयोजित करेगा नवमतदाता सम्मेलन

- नव मतदाता सम्मेलन से होगा 2024 लोकसभा का आगाज : नितिन मित्तल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**




भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर 24 जनवरी को होने वाले नव मतदाता सम्मेलन के निमित्त एक आवश्यक बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। इस बैठक के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा नितिन मित्तल रहे। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने की जबकि संचालन युवा मोर्चा महामंत्री अखिलेश यादव ने किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नितिन मित्तल ने बताया कि आने वाले 1 जनवरी से 24 जनवरी तक लगातार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं जिनके क्रम में डोर टू डोर संपर्क, एनसीसी व शैक्षिक संस्थानों में युवाओं से संपर्क एवं नव मतदाताओं का रजिस्ट्रेशन आदि कार्यक्रम किये जा रहे हैं साथ ही नमो ऐप डाउनलोड करने का भी कार्य किया जा रहा है। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बैठक में वृत्त लेने के साथ ही सभी पदाधिकारी व मंडल अध्यक्षों से संवाद स्थापित किया एवं आने वाले नव मतदाता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए आवाहन किया।

जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने आश्वासन दिया कि आने वाले नव मतदाता सम्मेलन व अन्य कार्यक्रमों को भारतीय जनता युवा मोर्चा बहराइच सफल बनाते हुए हमेशा की तरह इस बार भी प्रथम पायदान पर होगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को नमो एवं नव मतदाता सम्मेलन कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सक्रिय भूमिका में आने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर भाजयुमो क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विशाल सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मन्दीप सिंह वालिया, क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य एकता जयसवाल, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा परमार्थ सेन चौधरी, कोषाध्यक्ष नितिन रुपानी, जिला मंत्री प्रमित शुक्ला, आकर्ष जायसवाल, मीडिया प्रभारी सतीश सिंह, मंडल अध्यक्ष अर्पित श्रीवास्तव, शिवांकर शुक्ला, अखिलेश सिंह,प्रभात गुप्ता, सतीश वर्मा, अतुल चौधरी जी, आनंद जायसवाल, दुर्गेश सिंह रैकवार, राजन पांडे, पप्पू तिवारी, हिमांशु शिवम,अरविंद गुप्ता, सुधांसु सिंह राणा सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सड़क हादसों में दो युवकों की मौत, परिवार में कोहराम

- मोतीपुर और विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र में हुए दोनों हादसे

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



जिले के मोतीपुर और विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र में रात में सड़क हादसे हो गए। जिसमें दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मक्कापुरवा निवासी नीरज (19) पुत्र मुखराज बाइक से रिश्तेदारी में गए थे। बुधवार रात को वह 10 बजे वापस अपने गांव आ रहा था। नानपारा लखमीपुर मार्ग पर गायघाट चौराहे के पास विपरीत दिशा से आ रहे डीसीएम ने बाइक में टक्कर मार दी। मौके पर ही युवक की मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उधर विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रानियापुर गोबरही के निवासी पवन तिवारी उर्फ पप्पू उम्र करीब 32 वर्ष पुत्र बाबू राम तिवारी देर शाम अपने रिश्तेदारी से वापस आते समय श्री नगर चौराहे के पास मार्ग दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों की मदद से परिजनों ने एम्बुलेंस के माध्यम से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विशेश्वरगंज ले गए जहाँ डॉक्टरों ने पवन तिवारी को मृत घोषित कर दिया।सूचना पर पहुंची विशेश्वरगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अभी 6 माह पूर्व ही पवन तिवारी के पिता बाबू राम की मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई थी।परिवार वालो का रो रो के बुरा हाल है।

### शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक है रामोत्सव की धूम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही है। रामोत्सव की धूम शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक है। प्राण प्रतिष्ठा की तारीख नजदीक आते ही जनपद को राममय करने के लिए स्वयं सेवक लगे हुए है। आरएसएस, विहिप व बजरंग दल के स्वयंसेवक डोर टू डोर जनसंपर्क करके श्रीराम जन्म भूमि के पूजित कलश अक्षत व निर्माणाधीन श्रीराम जन्म भूमि का चित्र सनातन धर्मावलंबियों को हाथों में सौंप कर जयश्रीराम का उद्घोष करते दिखाई पड़ रहे है। इसी क्रम में शहर के बशीरगंज मोहल्ले में पूर्व नगर अध्यक्ष कन्हैया सोनी के नेतृत्व में स्वयं सेवकों की टीम डोर टू डोर जनसंपर्क करके प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूजित कलश अक्षत व निर्माणाधीन मन्दिर का चित्र वितरित कर रहे हैं। पूर्व नगर अध्यक्ष कन्हैया सोनी ने बताया कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होना है। जिसके लिए डोर टू डोर सनातन धर्मावलंबियों को पूजित कलश अक्षत व निर्माणाधीन मन्दिर का चित्र भेंट किया जा रहा है।

# एनपीएस गो बैक के नारों से गूंज उठा रेलवे स्टेशन परिसर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

रेलवे स्टेशन परिसर में गुरुवार से रेल कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर कर्मिक अनशन शुरू कर दिया। सभी ने नई पेंशन योजना को हटाने और पुरानी पेंशन योजना को मंजूरी देने की मांग कर रहे हैं। एनईआर रेलवे यूनियन की ओर से मंडल के बाद जिले स्तर पर कर्मिक अनशन शुरू किया गया है। गुरुवार को यूनियन के पदाधिकारियों ने बहराइच रेलवे स्टेशन के सामने परिसर में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर क्रमिक अनशन शुरू कर दिया। यूनियन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा और सूरज प्रसाद चौहान के निर्देशन में जिला मुख्यालय पर आयोजित धरने की अध्यक्षता संगठन के रमेश कुमार यादव ने की। सभी ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। एनपीएस गो बैक के नारे लगाए। शाखा मंत्री सूरज कुमार ने कहा कि सरकार हमारे मांगें माने। नहीं तो क्रमिक अनशन अनवरत चलता रहेगा। सुनील कुमार वर्मा ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना से कर्मचारियों को लाभ मिलता था। कर्मचारी अपने काम के बदले हक की मांग कर रहे हैं।

**खबर का असर**

# हाईवे के गड्ढों का किया गया मरम्मत कार्य

- बहराइच - सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग से प्रतिदिन गुजरते है सैकड़ों वाहन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**


नेशनल हाईवे पर बना गड्ढा, दुर्घटना को दे रहा दावत



दैनिक समृद्धि न्यूज़ की खबर का असर हुआ है।विगत 30 दिसंबर को प्रकाशित खबर ÷नेशनल हाईवे पर बना गड्ढा दुर्घटना को दे रहा दावत शीर्षक को अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी ने संज्ञान लिया है।

प्रकाशित खबर को सोशल मीडिया पर शेयर किया गया था। अधिशासी अभियंता ने ट्विटर हैंडल पर क्षतिग्रस्त हाईवे पटरी के मरम्मत की फ़ोटो साथ में संलग्न की है। उल्लेखनीय हो कि घने कोहरे से दुर्घटनायें बढ़ती जा रही हैं। सफेद चादर ओढ़े मौसम ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है।

बहराइच-सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने गहरे गड्ढे मौत को दावत दे रहा था। सड़क किनारे बना गड्ढा किसी भी समय दुर्घटना का सबब बन सकता था। राष्ट्रीय राजमार्ग पर मोगलहा ग्राम के पास बने क्षतिग्रस्त पटरी के गड्ढे दिन प्रतिदिन विकराल रूप ले रहे थे।कई दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त भी हो चुके थे।इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ो वाहन गुजरते है।प्रतिदिन यात्रा करने वाले समाजसेवी सचिन श्रीवास्तव व शिक्षक कमल पाठक ने प्रमुखता से इसकी शिकायत संवाददाता से दर्ज करवाई थी।खबर की प्रमुखता को देखते हुए दैनिक समृद्धि न्यूज़ ने प्रमुखता से जनसमस्या को प्रकाशित किया जिससे खबर का असर हुआ है।अधिशाषी अभियंता पीडब्ल्यूडी ने राष्ट्रीय राजमार्ग की क्षतिग्रस्त पटरी को फर्ज अदायगी करते हुए मरम्मत कराते हुए फ़ोटो ट्विटर हैंडल पर पोस्ट की है।

# जनपद में शुरू हुई नई पहल, घुमंतू परिवारों के नौनिहाल भी होंगे सुरक्षित

**समृद्धि न्यूज।**

**15 जनवरी से अभियान चाकर सभी ईंट भटठों पर होगा टीकाकरण**

**राहुल सोनी, बहराइच।** टीके बच्चों को जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित रखते हैं। इसके लिए माह के प्रत्येक बुधवार व शनिवार को आबादी में स्थिति सामुदायिक केन्द्रों पर पाँच वर्ष तक के बच्चों व गर्भवती को टीका लगाया जाता है। इस दौरान घुमंतू परिवारों के बच्चे जो मुख्य आबादी से दूर रहते हैं वह टीकाकरण व अन्य स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रह जाते हैं। इसके लिए जनपद बहराइच में नई पहल करते हुए स्वास्थ्य महकमा सभी ईंट भटठों पर टीकाकरण सत्र आयोजित करेगा। नवाचार के इस कवायद से 2400 से अधिक बच्चे जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित हो जाएंगे।

### पहली बार हुई कवायद

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सतीश कुमार सिंह ने बताया कि ईंट भटठों पर काम करने वाले श्रमिक हर वर्ष कुछ ही समय के लिए परिवार सहित आते हैं और काम समाप्त होने पर वापस चले जाते हैं। इनमें से ज्यादातर दूसरे जनपद या दूसरे प्रदेश के होते हैं। ऐसे में इन परिवारों तक टीकाकरण सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच बनाना चुनौती पूर्ण रहता है। इस समस्या के समाधान के लिए पहली बार जनपद में स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से 307 ईंट भटठों का सर्वे कराया गया। इनमें 199 ईंट भटठे क्रियाशील पाये गए। सर्वे की मानीटरिंग में डबल्यूएचओ का सहयोग लिया गया। आगामी 15 जनवरी से सभी ईंट भटठों पर टीकाकरण सत्र आयोजित कर घुमंतू परिवारों के 2400 से अधिक पाँच साल तक के बच्चों व गर्भवती का टीकाकरण किया जाएगा।



### सीडीओ ने की सराहना

मुख्य विकास अधिकारी राम्या आर ने कहा कि ईंट भटठों पर टीकाकरण सत्र आयोजित करने से न सिर्फ वंचित परिवारों का टीकाकरण हो सकेगा बल्कि स्वास्थ्य कर्मियों के संपर्क में आने से उन परिवारों को अन्य स्वास्थ्य लाभ के अवसर भी प्राप्त होंगे। उन्होंने स्वास्थ्य महकमे की इस पहल की सराहना की और कार्यक्रम की सफलता के लिए हर संभव मदद करने के लिए कहा।



### इन बीमारियों से मिलेगी सुरक्षा

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एसके सिंह ने बताया कि टीके 13 प्रकार की बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करते हैं। इनमें टीबी, पोलियो, हेपेटाइटिस बी. डिप्थीरिया, टिटनेस, खसरा, काली खांसी, रूबेला, निमोनिया, वायरल डायरिया, जेई , हेपटाइटिस बी और रोटा शामिल हैं। यह टीके जन्म से पांच वर्ष के अंतराल पर सात बार लगाये जाते हैं। इसके अलावा गर्भवती को चार सप्ताह के अन्तराल पर टीडी के दो टीके लगाये जाते हैं।



**उच्च जोखिम का रहता है खतरा:-** सर्विलान्स मेडिकल ऑफिसर डबल्यूएचओ विपिन लिखोरे ने बताया कि नियमित टीकाकरण सत्रों का आयोजन हमेशा आबादी के आस-पास स्थिति सार्वजनिक स्थलों पर किया जाता है ताकि आसानी से लोग पहुँच सकें और सेवाएँ ले सकें। जबकि ईंट भटठे हमेशा आबादी से दूर स्थिति होते हैं और यहां काम करने वाले श्रमिकों के बच्चे टीकाकरण व अन्य स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित रह जाते हैं। इसकी वजह से इन बच्चों में जानलेवा बीमारियों का जोखिम हमेशा बना रहता है। ऐसे में ईंट भटठों पर टीकाकरण सत्र आयोजन करने से मुख्य आबादी की भांति यहां काम करने वाले परिवारों को भी सेहत सुरक्षा का लाभ मिलेगा।

## खबरें एक नजर में

### दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत, एक घायल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रायबरेली जिले में लखनऊ-प्रयागराज नेशनल हाइवे-30 पर बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, हादसे की खबर से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के मुताबिक रायबरेली जनपद के बछरावां कोतवाली क्षेत्र के पहुँरावा गांव के निकट बुधवार देर रात दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए सीएचसी बछरावां में भर्ती करवाया है, जहां उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं, पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डॉ प्रभात कुमार सीएचसी बछरावां ने बताया की दो बाइक आपस में टकरा गईं, जिसमें 28 वर्षीय सोनू मृत अवस्था में लाया गया और दूसरा व्यक्ति रोशन जो निगोहा का रहने वाला है। जिसकी हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया गया है।

### मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने गौशालाओं का किया निरीक्षण

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अनिल कुमार ने बताया है कि शहरी नियोजन द्वारा कान्हा उपवन बछरावां एवं विकासखंड हरचंदपुर अन्तर्गत अंगूरी गौशाला का 03 दिवसीय कार्यक्रम अन्तर्गत प्रथम दिवस औचक निरीक्षण किया गया। कान्हा उपवन बछरावां में 337 निराश्रित गोवंश का सत्यापन कराया गया। निराश्रित गोवंश को चारा भूसा दाना मिश्रण आदि के बारे में चर्चा करते हुए भूसा भंडारण गोदाम का भी निरीक्षण किया। संरक्षित गोवंशों को विशेष सचिव द्वारा गुड़ एवं केला भी खिलाया गया। बेहतर व्यवस्थायें सुनिश्चित किये जाने हेतु मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत को निर्देशित किया गया। अंगुरी गौशाला में 130 गोवंश तथा कण्डौरा में 192 निराश्रित गोवंश संरक्षित पाये गये। कण्डौरा गौशाला में 100 गोवंशों के संरक्षण हेतु 01 अतिरिक्त कैटल शेड का निर्माण किया गया है, जो 03 दिवस के अन्दर संचालित हो जायेगा, का निरीक्षण भी विशेष सचिव द्वारा किया गया। ठंड से बचाव एवं अलाव जलाने आदि की व्यवस्थायें सुनिश्चित किये जाने के लिये भी जोर दिया गया। गो आश्रय स्थल में कार्यरत रात्रि चौकीदार एवं अन्य कार्य करने वाले गौ सेवकों का मानदेय समय से भुगतान के सम्बन्ध में भी विशेष सचिव द्वारा वार्ता की गयी। गौशाला परिसर में स्थापित भण्डारण कक्ष में दाना मिश्रण एवं भूसे का सत्यापन भी किया गया। अंगुरी गौशाला में साफ-सफाई की व्यवस्था सुदृढ़ किये जाने तथा स्वच्छ ताजा पेयजल के साथ अन्य ग्राम पंचायतों में विचरण कर रहे निराश्रित गोवंशों को पकड़ने हेतु सहायक विकास अधिकारी पंचायत को निर्देशित किया गया।

### एसडीएम पुरवा को मंडी समिति में मिलीं कमियां

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** उपजिलाधिकारी पुरवा रनवीर सिंह ने बुधवार को मंडी समिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण में कमियां मिलने पर उपजिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। मंडी समिति में पानी पीने के लिए लगा आरओ खराब मिलने पर एसडीएम ने तीन दिन के अन्दर आरोप को ठीक कराने का सचिव को निर्देश दिए। एसडीएम पुरवा को मंडी समिति के मुख्य गेट की सड़क व नाली क्षतिग्रस्त मिली। जिसपर एसडीएम ने सचिव से निर्माण न करायें जाने के कारणों की जानकारी ली। मंडी समिति के सचिव अनुराग सक्सेना ने बताया कि क्षतिग्रस्त मार्ग व नालियों के लिए उच्चाधिकारियों को प्रस्ताव भेजा जा चुका है। बजट मिलते ही निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा और यह भी निर्देश दिए कि किसी भी व्यापारी के को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए

### छत से गिरकर युवक घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** धूप सेंकने छत पर गया युवक अनियंत्रित होकर नीचे जा गिरा। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत नाजुक देख डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफ़र कर दिया। सफ़ीपुर कस्बे के सरांय सूबेदार पश्चिमी मोहल्ला निवासी घसीटे का 35 वर्षीय पुत्र वेदप्रकाश गुरुवार दोपहर छत पर धूप सेंकने गया था। कुछ देर बाद वह वापस नीचे जाने लगा तभी अचानक उसने नियंत्रण खो दिया और बिना रेलिंग की छत से नीचे जा गिरा। यह देख परिजन उसे आनन-फ़ानन सीएचसी ले गए। जहाँ डॉक्टर ने उसकी हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफ़र कर दिया।

### बाइकों की भिड़न्त में दो घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** आसीवन थाना क्षेत्र के रसूलाबाद कस्बा समीप दो बाइको की आमने सामने टक्कर में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक घायल को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया जहां हालात नाजुक देख जिला अस्पताल रेफ़र कर दिया है। जबकि दूसरे बाइक सवार घायल को उसका साथी लेकर भाग खड़ा हुआ। कस्बा औरास के मोहल्ला मनोहरनगर निवासी राजकुमार (40) पुत्र पुत्तीलाल बाइक से अपनी बहन के यहां त्योहारी लेकर अजगैन थाना क्षेत्र के केवाना गांव गया था। वहां से वापस घर लौट रहा था तभी कस्बा रसूलाबाद के समीप अज्ञात बाइक सवार ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने राजकुमार को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफ़र कर दिया। रसूलाबाद चौकी प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि जानकारी मिली है कि दूसरी बाइक सवार घायल को उसके साथी ने किसी प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया है।

### मवेशी से टकराकर बाइक सवार घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सड़क पर आए आवारा जानवर से बाइक टकरा गयी। जिससे बाइक सवार किशोर सहित दो लोग घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। आसीवन थाना क्षेत्र के गांव डालखेड़ा निवासी हरिनाम सिंह का 15 वर्षीय पुत्र नितिन अपने चचेरे भाई सरवन कुमार (18) पुत्र सुशील कुमार के साथ बाइक से बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के आसत गांव अपने मामा के यहां गया था। जहां से गुरुवार को वापस घर लौट रहा था। लखनऊ-बांगरमऊ मार्ग पर चौधरीखेड़ा पुल के समीप बाइक के सामने अचानक आवारा जानवर आ जाने से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर उपचार चल रहा है।

### अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** सफीपुर कोतवाली के सालेहनगर करौंदी गांव समीप एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक चांट ठेले में टक्कर मारने के बाद बाइक सवार को रौंद डाला। हादसे में घायलो को जिला अस्पताल ले जाया गया जहाँ बाइक सवार को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वही ठेला संचालक की नाजुक हालत के चलते ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफ़र कर दिया गया। कोतवाली के शेरपुर गांव निवासी मेवालाल का 43 वर्षीय पुत्र अजय कुमार दिल्ली में रहकर पेंटर का काम करता था। वह एक सप्ताह पूर्व गांव आया था। उसके बच्चे उन्नाव में रहकर पढ़ाई करते है। बुधवार की देरशाम वह बच्चो के पास उन्नाव जा रहा था। मुख्यमार्ग के सालेहनगर करौंदी गांव समीप घने कोहरे के बीच सामने से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक एक चांट ठेले को टक्कर मारने के बाद उसकी बाइक को रौंदता हुआ भाग खड़ा हुआ। मार्ग से गुजर रहे लोगो की सूचना पर मौके पर पहुँची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भेजा जहां डॉक्टर ने बाइक सवार अजय को मृत घोषित कर दिया जबकि जमल्दीपुर गांव में चाट का ठेला लगाने वाला कोतवाली के बहमना गांव निवासी ब्रजकुमार उर्फ लाला का 25 वर्षीय पुत्र सुमित की हालत नाजुक देख डॉक्टर ने लखनऊ के ट्रामा सेंटर रेफ़र कर दिया। जहाँ वह जीवन और मौत से संघर्ष कर रहा है। उधर अजय की मौत से शेरपुर गांव में कोहराम मच गया। माँ कलावती, पत्नी सरिता दो पुत्र अभिषेक, अनुराग व पुत्री रिया बहन सुमन सहित दो भाईयो का रो-रोकर बुरा हाल है। इंस्पेक्टर श्यामनारायण सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। ट्रक व चालक की तलाश की जा रही है।

---

#### नये संदेश के साथ रायबरेली महोत्सव का शानदार आगाज

## महोत्सव से अंचल की कला-संस्कृति को मिलेगी नई पहचान : मंत्री

- महामंडलेश्वर देवेंद्रानंद गिरि महाराज ने दीप प्रज्वलन कर महोत्सव का किया शुभारंभ



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

अलग-अलग संस्कृतियों का संगम और कलाकारों की कला... एक नये संदेश के साथ फिर शुरू हो गया रायबरेली महोत्सव। गुरुवार से जिले में रायबरेली महोत्सव का आगाज हुआ है। ये महोत्सव तीन दिवसीय यानि 13 जनवरी तक चलेगा। कार्यक्रम का राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह के निर्देशन में पर्यटन विभाग इस कार्यक्रम को आयोजित कर रहा है।

महोत्सव का उद्देश्य जिले की सांस्कृतिक विरासत को मंच देने के साथ ही पूरे देश के लोक कलाकारों से यहां के लोगों को रूबरू कराना है। इसी कड़ी में महोत्सव के पहले दिन रायबरेली के लोक कलाकारों के साथ गुजरात की गीता रावरी अपने लोक गायन का जादू बिखेरेंगी। महोत्सव के दूसरे दिन कानपुर के हास्य कलाकार अन्नू अवस्थी, प्रसिद्ध कवि सुनील जोगी जैसे बड़े कलाकार उपस्थित रहेंगे। महोत्सव के तीसरे दिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यकर्मों के साथ भजन संध्या की छठा बिखेरेंगी। कार्यक्रम के पहले दिन राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह की मौजूदगी में साधु संतों की उपस्थिति में महोत्सव का शुभारम्भ हुआ। महामंडलेश्वर देवेंद्रानंद गिरि जी महाराज के कर कमलो द्वारा से दीप प्रज्वलन कराकर महोत्सव का उद्घाटन हुआ।

उद्घाटन में जिले की प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला का नाम न होने से लोगों में चर्चा का विषय बन रहा। महोत्सव में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए मंच तैयार हुए हैं। अलग अलग शहरों से आए कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इसके साथ लोगों को वहां की संस्कृति से रूबरू करेंगे।

## शहीदों को दी गई श्रध्दांजलि



**सरेनी, समृद्धि न्यूज।** गुरुवार को शहीद पखवाड़े के तहत स्थानीय शहीद स्मारक पर क्षेत्र के पांच शहीदों को तहसीलदार मंजुला मिश्रा की अगुवाई में पुष्पांजलि अर्पित की गई !शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद तहसीलदार ने कहा कि यह शहीद स्मारक बैसवार की वीरता का प्रतीक है युवा पीढ़ी को शहीदों की शहादत से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके बताएं रास्ते पर चलना होगा शहीदों के प्रति यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी इसके पूर्व शहीदों के परिजनों रवि शंकर त्रिपाठी रमेश बहादुर सिंह पप्पू सिंह किशोरी लाल सिंह रामनरेश सिंह को तहसीलदार ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया !इस मौके पर कोतवाल संजय कुमार राम उरेश सिंह सतेंद्र सिंह ग्राम प्रधान बच्चा सिंह नीरज श्रीवास्तव चंद्रपाल हरिओम साहू राम आशीष आदित्य आदि मौजूद रहे !

## 111 कृषि यंत्रों का ई-लॉटरी के माध्यम से किसानों का किया गया चयन




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कृषि यंत्रीकरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में कृषि यंत्रों के वितरण से सम्बन्धित कृषकों के चयन हेतु जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार अपर जिलाधिकारी वि0रा0 पूजा मिश्रा की अध्यक्षता में गठित समिति के सदस्यों की उपस्थिति में विकास भवन सभागार में ई-लॉटरी का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के समस्त 18 विकास खण्डों के कृषकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

यंत्रीकरण से सम्बन्धित योजना सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाईजेश, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एवं नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल (ऑयल सीड) योजना के यंत्रों यथा-रोटावेटर, कल्टीवेटर, मिनी राइस मिल, लेजर लैण्ड लेवलर, कस्टम हायरिंग सेन्टर, कम्बाइन हार्वेस्टर विद सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम, कस्टम हायरिंग हब, आलू बोने की मशीन, आलू खोदने की मशीन, पैडी मल्टी क्राप थ्रेशर इत्यादि यंत्रों की कुल 111 ई-लॉटरी के माध्यम से कृषकों का चयन किया गया। 30 नवम्बर 2023 से 14 दिसम्बर 2023 तक यंत्रों की बुकिंग करने वाले किसानों द्वारा ई-लॉटरी के माध्यम से पारदर्शी तरीके से चयन प्रक्रिया पूर्ण होने पर प्रसन्नता व्यक्त की गई।

## मकर संक्रांति स्नान पर्व को लेकर एसडीएम ने घाट का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



**ऊंचाहार रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

मकर संक्रांति स्नान पर्व को लेकर उप जिलाधिकारी सिद्धार्थ चौधरी ने गोकना घाट पर व्यवस्था के संबंध में बैठक लिया तथा पेयजल ,नाविक ,सड़क, प्रकाश व्यवस्था ,साफ-सफाई की व्यवस्था के विषय में विस्तार चर्चा की आवश्यक निर्देश दिए,,आदर्श कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना ऊंचाहार ने पुलिस बल के साथ अच्छे प्रबंधन की बात कही खंड विकास अधिकारी कामरान नेमानी ने स्वच्छता ,पर्यावरण और अन्य बिंदुओं पर अच्छे से कार्य करवाने की बात कही उक्त अवसर पर मां गंगा गोकर्ण जनकल्याण समिति के सचिव/मुख्य पुजारी पं. जितेन्द्र द्विवेदी, अर्पित कुमार, सोमेश कुमार, सत्यम द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे।

## टैबलेट एवं स्मार्टफोन पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

महराजगंज तहसील में स्थित न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज आफ हायर एजुकेशन सलेथू महराजगंज रायबरेली के छात्र-छात्राओं को टैबलेट एवं स्मार्टफोन मुख्य अतिथि डॉ.शशिकांत शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. रश्मि शर्मा के द्वारा प्रदान किया गया।




सर्वप्रथम डॉ.शशिकांत शर्मा एवं डॉ. रश्मि शर्मा ,प्राचार्य डॉ. शिव ओम श्रीवास्तव, डी.एल.एड. प्राचार्य धीरेंद्र सिंह नोडल अधिकारी डॉ. जितेंद्र सिंह ने मां सरस्वती का पूजन अर्चन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वंशिका की टीम ने सरस्वती वंदना एवं अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों को डिजिटल इंडिया व डिजी शक्ति से जोड़ने के उद्देश्य से वर्ष 2023 में इस योजना की शुरुआत स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के नाम से किया था इस योजना में उत्तर प्रदेश राजर्षी टंडन मुक्त विश्वविद्यालय से परास्नातक उपाधि प्राप्त करने वाले 12 छात्रों को टैबलेट प्रदान किया गया। इसके पश्चात स्मार्टफोन प्राप्त करने वाले छात्रों में बी.ए.के 47, बी.एस.सी. के 43, बी. एड.के 93 एवं डी.एल.एड. के 36 छात्रों को लाभ प्रदान किया गया । प्रबंध निदेशक एवं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. शशिकांत शर्मा ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह शिक्षण संस्थान उच्च गुणवत्ता परक शिक्षा के साथ ही सरकार द्वारा प्रदान किए जाने वाली समस्त योजनाओं का लाभ छात्रों को पहुंचने में अग्रणी है उत्तर प्रदेश सरकार की यह योजना युवाओं को मुफ्त स्मार्टफोन या टैबलेट मुहैया कराए जाएंगे। इस योजना के माध्यम से राज्य के युवाओं को तकनीकी रूप से सशक्त बनने के उपदेश से किया गया है। अतिथियों के प्रति आभार प्रदर्शन डॉ. जितेन्द्र सिंह डिजी शक्ति के नोडल अधिकारी द्वारा किया गया।

## अतुल सिंह ने जरुरतमंदों को वितरित किये कंबल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



रायबरेली की लोकप्रिय सांसद सोनिया गांधी द्वारा भेजे हुए कंबल विधानसभा ऊंचाहार के डलमऊ ब्लॉक के बरारा,कुरौली दमा,विजलामऊ,भरसना के सैकड़ो जरुरतमंदो का वितरण कुटिया चौराहे स्कूल में एवं गौरा ब्लाक के न्याय पंचायत बिन्नावा एवं थुलरई के सैकड़ो जरुरतमंदो का वितरण विन्नावा में प्रदेश सचिव एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अतुल सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि सोनिया गांधी जी हमेशा सबके सुख दुख में खड़ी रहती हैं,रायबरेली जनपद का अभूतपूर्व विकास गांधी परिवार ने किया है। श्री सिंह ने कहा कि ऊंचाहार की जनता हमारे परिवार की तरह है,मैं हमेशा आप सबके सुख दुख में खड़ा रहूँगा। जिला महासचिव एवं विधानसभा प्रभारी महेश शर्मा ने कहा कि गांधी परिवार जरूरतमंदों के लिए हमेशा तत्पर रहता है सोनिया जी हर वर्ष ठंडक के मौसम पर बड़ी संख्या में जरूरतमंदों के लिए कंबल भेजते हैं,जिसका वितरण बूथ अध्यक्ष द्वारा किया जाता है। इसके पूर्व प्रदेश सचिव अतुल सिंह का लखनऊ प्रभारी बनाए जाने पर डलमऊ ब्लॉक अध्यक्ष एवं गौरा ब्लॉक अध्यक्ष द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

## सियार के हमले से सीएचओ सहित चार घायल

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** पुरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव शंकरचक की गुड्डी 42 पत्नी रामऔतार ने बताया कि सुबह वह और गांव की अंशिका उम्र 13 वर्ष खेत मे मवेशियों को चारा लेने गई थी कि तभी उसपर सियार ने हमला कर दिया। खेत की रखवाली कर रहे भूपतिपुर गांव के बचोले 70 वर्ष और मझिगवां सदकू स्थित हेल्थ एंड वेलनेस पर तैनात सीएचओ वन्दना स्कूटी से भूपतिपुर गांव में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जाते समय अचानक सियार ने हाथ में काट लिया। चिल्लाने पर सियार भाग गया। सियार के हमले से घायलों को सीएचसी पुरवा में समुचित इलाज कर सभी को उनके घर भेज दिया।

## राशन चोरी करने वाला प्रधानाध्यापक निलंबित

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

विद्यालय से बच्चों के लिए रखे एमडीएम राशन बोरी छुपे ले जाने वाले प्रधानाध्यापक को ग्रामीणों द्वारा पकड़े जाने बाद इंचार्ज प्रधानाध्यापक पर विभाग ने कार्रवाई करते हुए संबंधित अध्यापक को निलंबित कर दिया और उन्हें रोहनिया से संबंध कर दिया गया है बीते 22 दिसंबर को विकासखंड डलमऊ के पूर्व माध्यमिक विद्यालय तेरुखा में तैनात इंचार्ज प्रधानाध्यापक द्वारा स्कूल बंद होने के बाद एमडीएम राशन की बोरी अपनी स्कूटी पर ले जाते ग्रामीणों के द्वारा पकड़े गए थे ग्रामीणों द्वारा पकड़े जाने के बाद उसका वीडियो बनाया गया और सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था समाचार पत्रों में छपी खबर का संज्ञान लेते हुए प्रथम दृश्य जांच में दोषी मिले प्रधानाध्यापक सर्वेश कुमार बाजपेई को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रायबरेली ने निलंबित कर दिया है और उन्हें खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय रोहनिया से संबद्ध किया है प्रधानाध्यापक पर लगे आरोपों की जांच के लिए खंड शिक्षा अधिकारी ऊंचाहार को मामले की जांच सौंपी गई है जो एक सप्ताह के अंदर जांच रिपोर्ट विभाग को सौंपेंगे।

## उद्यान मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को किया सम्मानित

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

शासन के निर्देशानुसार गुरु तेग बहादुर मार्केट (सुपर मार्केट) में भारत विकसित संकल्प यात्रा कार्यक्रम नगर पालिका परिषद रायबरेली द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि दिनेश प्रताप सिंह राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार उ0प्र0 एवं बुद्धि लाल पासी जिला अध्यक्ष भाजपा रायबरेली की गरिमामयी उपस्थिति में समय प्रातः 10:00 बजे से 02:00 बजे तक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला शहरी विकास प्राधिकरण, स्वास्थ्य विभाग, जिला पूर्ति विभाग, डाक विभाग एवं समाज कल्याण विभाग के स्टॉल लगाए गए जिसके माध्यम से कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को दी गयी। कार्यक्रम में उद्यान मंत्री के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना एवं प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं शाल देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है की सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है।

## संस्कृति उत्सव प्रतियोगिता का किया आयोजन

- जिला सूचना अधिकारी ने कार्यक्रम का किया शुभारंभ
- विभिन्न विधाओं के कलाकारों ने किया प्रदर्शन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति-हमारी पहचान के अंतर्गत संस्कृति उत्सव-2023 का आयोजन विकास खण्ड राही के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ




जिला सूचना अधिकारी अनुराग रंजन व लोक गायिका सृष्टि सिंह परिहार, लोक संगीत में दक्षता श्रद्धा चौबे, लोक गायक शशि प्रकाश श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान विभिन्न विधाओं में कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। जिला सूचना अधिकारी ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल द्वारा शास्त्रीय नृत्य में मलखान सिंह, गायन में पूनम दीनाथ सेवक, नृत्य में मनीष गोस्वामी, रजनीश गोस्वामी, कु0 सीनू को ग्रेड ए, एवं नृत्य में पीयूष गोस्वामी व सुमित गोस्वामी को ग्रेड बी स्थान दिया गया। जिला सूचना अधिकारी अनुराग रंजन ने बताया कि आज जनपद स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में शास्त्रीय नृत्य, गायन एवं नृत्य विधाओं में ग्रेड ए एवं बी स्थान पाने वाले कलाकारों को मंडल स्तर पर भेजा जाएगा। तदोपरांत मंडल स्तर पर प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले कलाकारों को 24 जनवरी को लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भेजा जाएगा। कार्यक्रम का संचालन एस0एस0 पाण्डेय प्रा0अ0/प्रभारी मीना मंच द्वारा किया गया।

## अयोध्या से आए पूजित अक्षत का किया वितरण

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



देश में इन दोनों उत्सव का माहौल है जगह-जगह भगवान राम के अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारी चल रही हैं राम भक्त इस अवसर को अविस्मरणी बनाने में लगे हुए है राम भक्त घर-घर जाकर अयोध्या से आए पूजित अक्षत पहुंचने एवं दीपोत्सव मनाने का निवेदन कर रहे है आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह कार्यक्रम के पूर्व घर-घर पूजित अक्षत वितरण कार्यक्रम के क्रम में गुरुवार को राम भक्त सुधीर जायसवाल की अगुवाई में मुराई बाग कस्बे के शंकर नगर मोहल्ले में अक्षत वितरण किया गया राम भक्तों द्वारा ढोल नगाड़े की धुन पर जय श्री राम के नारे लगाते हुए घर-घर अयोध्या से आए पूजित अक्षत पहुंचाये गए राम भक्तों द्वारा जन-जन से आग्रह किया गया कि 22 जनवरी के दिन भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा के समय अपराह्न 11:00 से 1:00 के मध्य अपने घर के निकट मंदिरों एवं देवालयों में एकत्रित होकर शंखनाद एवं घंटा ध्वनि के साथ आरती भजन कीर्तन एवं भगवान राम की स्तुति करने तथा संध्या काल में अपने अपने घरों मैं दीपोत्सव करने का निवेदन किया इस अवसर पर सुधीर जायसवाल टेशु दीक्षित अंजनी श्रीवास्तव शिवाकांत मिश्रा संतोष जन सेवक बचनेश साहू आर्यन गुप्ता वैभव अवस्थी राजेंद्र संतराम पाल शिवाकांत सोनकर मारुत श्रीवास्तव एवं अन्य राम भक्त मौजूद रहे।

## जिला सहकारी बैंक के तत्वावधान में सामान्य निकाय सभा का आयोजन

- सदस्यों का पंजीकरण कर लोन की दी गयी जानकारी

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

जिला सहकारी बैंक लि0 उन्नाव के तत्वाधान में 40वीं वार्षिक सामान्य निकाय सभा का आयोजन किया गया। जिसमें जिला सहकारी बैंक के स्टॉल लगाकर सदस्यों का पंजीकरण कर लोगों को लोन की जानकारी दी गई। वहीं इफ्को द्वारा लोगों को नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के छिड़काव एवं उपयोगों की जानकारी दी गई।



कार्यक्रम में आयोजित सभा को इफ्को के प्रबंध निदेशक मुख्य अतिथि उदयशंकर अवस्थी ने भारत के विकास को लेकर भी उपलब्धियां गिनाई। वहीं नैनो यूरिया और नैनो डीएपी से प्रयोग से भूमि को बंजर होने से बचाया जा सकता है। सांसद साक्षी महाराज ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सहकारी बैंकों के मजबूत होने से किसानों को अब ऋण लेने में दिक्कत नही होगी और बहुत ही कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध होगा जिससे देश समृद्ध होगा। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष अरुण सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि बैंक ग्रामीण क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर किसानों को ऋण उपलब्ध करा रहा है तथा 2023-24 में 110 करोड़ कृषि ऋण तथा 50 करोड़ विविधीकरण ऋण वितरित किए जाने की ओर अग्रसर है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश मंत्री अर्चना मिश्रा, सदर विधायक पंकज गुप्ता, पुरवा विधायक अनिल सिंह, विपणन निदेशक इफ्को योगेंद्र कुमार, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, डीआर दीपक सिंह, एआर नवीन चंद्र लोहनी, सीईओ संजय पाण्डेय, डीजीएम पुनीत चौधरी, नरेंद्र वर्मा, अनुभाग अधिकारी उपेंद्र सिंह, गणेश प्रसाद, सौरभ मिश्रा, अमित उत्तम, समेत जनपद के सभी सहकारी बैंक के निदेशक एवं शाखा प्रबंधक मौजूद रहे।

## औलियां मियां का उर्स 13 को

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ नगर की मशहूर दरगाह हजरत फ़ज़ले रहमां के सज्जादानशीं हजरत शाह करीमुर्रहमान उर्फऔलिया मियां साहब का 6वां उर्स पाक आगामी 13 जनवरी दिन शनिवार को सुबह 10 बजे से लेकर दोपहर 1 बजे के बीच बड़ी ही अकीदत व एहतराम के साथ मनाया जाएगा। दरगाह के हजरत रिजवानुर्रहमान उर्फ अज्जू मियां ने बताया कि उर्स के मौके पर हिंदुस्तान के मशहूर खतीब हजरत-ए-अल्लामा मौलाना रुहुल अमीन साहब जबलपुरी, शायरे इस्लाम नूरी मियां मुम्बई व शाहनवाज जफ़र बिहार आदि सहित कई मशहूर हस्तियां शिरकत करेंगी। उर्स मुबारक की सरपरस्ती सज्जादानशीं हजरत मारूफुर्रहमान उर्फ मारूफमियां साहब तथा सदारत अलहाज रिजवानुर्रहमान उर्फअज्जू मियां करेंगे।

## न्याय यात्रा और वाइब्रेंट गुजरात

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरु होने में महज तीन दिन रह गए हैं। 14 जनवरी को मणिपुर से राहुल गांधी फिर देश को जोड़ने वाली यात्रा पर निकलने वाले हैं। मणिपुर के जिस मैदान से यह यात्रा शुरू होनी है, उसके लिए राज्य सरकार ने मंजूरी नहीं दी है। कांग्रेस सांसद केसी वेणुगोपाल के मुताबिक एक हफ्ते पहले ही कार्यक्रम की अनुमति के लिए आवेदन दे दिया गया था, लेकिन अभी तक मंजूरी नहीं मिली है। राहुल गांधी की प्रस्तावित न्याय यात्रा मणिपुर से निकालने का एक खास मकसद है। पिछले साल के मई महीने से मणिपुर अशांत है। विपक्ष के कई नेता मणिपुर जाकर हालात देख चुके हैं। खुद राहुल गांधी भी वहां एक बार जाकर पीड़ितों से मिलकर आए हैं। उन्होंने संसद में बताया भी था कि किस तरह मणिपुर में अत्याचार हो रहा है। वहां महिलाओं, बच्चों और हिंसा से पीड़ित लोगों के कितने बुरे हाल हैं। मणिपुर पर अपनी पीड़ा व्यक्त करने के लिए राहुल गांधी ने संसद में भारत माता की हत्या वाला बयान भी दिया था। जिस पर उन्हें लोकसभा अध्यक्ष ने टोका था और आगे से ऐसा न करने की नसीहत दी थी। हालांकि राहुल गांधी जिस संदर्भ में यह उदाहरण दे रहे थे, वह गलत नहीं था। नेहरूजी ने भी यही बताया है कि भारत माता का मतलब भारत के लोग, यहां की नदियां, जंगल, खेत और पहाड़ हैं। इनमें से किसी का भी शोषण हो, किसी का भी हक मारा जाए, तो वह सीधे भारत की आत्मा पर, भारत मां पर प्रहार होता है। भारत मां की मूर्ति बनाकर उसकी पूजा करने से देश मजबूत नहीं होगा, बल्कि यहां के लोगों को सशक्त करने से देश मजबूत होगा। हालांकि मौजूदा केंद्र सरकार के विचार इस बारे में शायद अलग हैं। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने बड़ी मुश्किल से संसद में मणिपुर पर दो-तीन पंक्तियों का बयान दिया था, लेकिन उसके अलावा न वे मणिपुर खुद गए न कोई ऐसा कदम उठाया, जिससे यह संदेश जाए कि सरकार को मणिपुर के लोगों की भी उतनी ही फिक्र है, जितनी राम मंदिर की है या वाइब्रेंट गुजरात के आयोजन की। मणिपुर की भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री एम बीरेन सिंह ने राहुल गांधी की यात्रा के कार्यक्रम को मंजूरी नहीं देने के विषय में कहा कि मामले पर श्विचारश् हो रहा है और सुरक्षा एजेंसियों से रिपोर्ट मिलने के बाद इस पर निर्णय लिया जाएगा। वहीं पत्रकारों से बीरेन सिंह ने यह भी कहा कि मणिपुर में कानून एवं व्यवस्था की स्थिति श्बहुत गंभीरश् है। मणिपुर में कानून व्यवस्था या सुरक्षा के नाम पर अगर कांग्रेस के कार्यक्रम को मंजूरी नहीं मिल रही है, तो इसका साफमतलब है कि मणिपुर में भाजपा सरकार हालात सामान्य करने में नाकाम रही है। विपक्ष इसी तर्क के आधार पर बार-बार मुख्यमंत्री की बर्खास्तगी की मांग करता रहा है। लेकिन भाजपा न विपक्ष की मांग सुन रही है, न मणिपुर के लोगों की गुहार। भाजपा सरकार जब खुद विपक्ष के एक कार्यक्रम को सुरक्षा कारणों से अनुमति नहीं दे पा रही, तो यह समझा जा सकता है कि राज्य में अब हालात उसके काबू में नहीं हैं। राहुल गांधी मणिपुर से इस यात्रा को शुरु करना चाहते हैं ताकि न्याय का संदेश उस धरती से निकले, जहां इस वक्त देश सबसे अधिक नाइंसाफी देख रहा है। अफसोस की बात है कि मणिपुर सरकार के इस कदम को भाजपा की विफलता की जगह कांग्रेस को झटके की तरह मीडिया में पेश किया जा रहा है। हालांकि कांग्रेस ने साफकर दिया है कि वह यात्रा मणिपुर से ही निकालेगी। वैसे यात्रा निकलने से पहले ही भाजपा नेताओं ने इसका मखौल उड़ाना शुरु कर दिया है।

**युवा किसी भी देश का भविष्य होते हैं इन्हीं के दृढ़ कंधों पर एक राष्ट्र का भविष्य निर्भर होता है। यह युवा वर्ग जितना प्रतिभाशाली होगा उतनी ही तेजी से देश विकास के पथ पर अग्रसर होगा और वैश्विक फलक पर नवीन कीर्तिमान स्थापित करेगा। युवा किसी भी राष्ट्र के भूत एवं भविष्य के बीच एक सेतु का कार्य करते हैं । यह शक्ति ही किसी भी राष्ट्र को जीवन मूल्य एवं सांस्कृतिक आधार प्रदान करती है। यदि युवा अपने मस्तिष्क को ऊंचे विचारों और उच्चतम आदर्शों से भर ले तो वे जो भी कार्य करेंगे वह महान ही होगा। इस दिन को युवा दिवस के रूप में मनाने का ध्येय आने वाली पीढ़ी में स्वामी जी के पवित्र आदर्शों को उत्पन्न करना है।**

# युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद

प्रो. मनीषा शर्मा



**विवेकानंद ने युवा शक्ति के लिए कहा था- समस्त शक्तियां तुम्हारे पास है। तुम कुछ भी कर सकते हो और सब कुछ कर सकते हो। यह विश्वास करो। मत विश्वास करो कि तुम दुर्बल हो। तत्पर हो जाओ। जीर्ण -शीर्ण होकर थोड़ा-थोड़ा करके मरने की बजाय वीर की तरह, दूसरों के कल्याण के लिए नष्ट होकर उसी समय मर जाना क्या अच्छा नहीं है। उनका मानना था कि एक युवा का जीवन सफल होने के साथ-साथ सार्थक भी होना चाहिए। उनका कहना था कि युवा सफल होना चाहते है पर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए शारीरिक रूप से तैयार नहीं होते। इसलिए उन्होंने कहा कि युवाओं को निर्भर बनने की जरूरत है।**

युग प्रवर्तक, भारत के गौरव पुरुष, वेदांत दर्शन के मर्मज्ञ, कर्मयोगी,भारत माता के सच्चे सपूत, युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी,1863 में कोलकाता में हुआ था। इनका मूल नाम नरेंद्रनाथ दत्त था। इनके पिता विश्वनाथ दत्त उच्च न्यायालय कोलकाता में वकील थे। मां भुवनेश्वरी देवी ग्रहणी थी। 12 जनवरी को संपूर्ण भारत में विवेकानंद जी का जन्मदिन युवा दिवस के रूप मे मनाया जाता है। सर्वप्रथम 1984 में भारत सरकार ने स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को युवा दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी तब से प्रत्येक साल संपूर्ण देश में इसे युवा दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

युवा किसी भी देश का भविष्य होते हैं इन्हीं के दृढ़ कंधों पर एक राष्ट्र का भविष्य निर्भर होता है। यह युवा वर्ग जितना प्रतिभाशाली होगा उतनी ही तेजी से देश विकास के पथ पर अग्रसर होगा और वैश्विक फलक पर नवीन कीर्तिमान स्थापित करेगा। युवा किसी भी राष्ट्र के भूत एवं भविष्य के बीच एक सेतु का कार्य करते हैं । यह शक्ति ही किसी भी राष्ट्र को जीवन मूल्य एवं सांस्कृतिक आधार प्रदान करती है। यदि युवा अपने मस्तिष्क को ऊंचे विचारों और उच्चतम आदर्शों से भर ले तो वे जो भी कार्य करेंगे वह महान ही होगा। इस दिन को युवा दिवस के रूप में मनाने का ध्येय आने वाली पीढ़ी में स्वामी जी के पवित्र आदर्शों को उत्पन्न करना है। स्वामी जी के आदर्श और जीवन दर्शन देश के करोड़ों युवाओं को प्रेरित करते हैं।

उन्होंने देश के कोने -कोने में भारतीय धर्म और संस्कृति के प्रचार हेतु कार्य किया । राजस्थान स्थित खेतड़ी के महाराजा अजीतसिंह ने उन्हें विवेकानंद नाम प्रदान किया और उन्हें शिकागो में आयोजित होने वाली विश्व धर्म परिषद में हिंदू धर्म और संस्कृति का परचम लहराने हेतु भेजा। धर्म संसद में उन्हें बोलने हेतु पर्याप्त समय नहीं दिया गया। बाद में एक प्रोफेसर की मदद से शून्य में बोलने के लिए थोड़ा समय मिला। वहाँ अपने भाषण की शुरुआत उन्होंने अमेरिकी भाइयों और बहनों से की तो संपूर्ण सभा मंडल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। ब्रिटेन के अखबारों ने उनके भाषण के बाद लिखा कि इस भाषण के बाद उनका सम्मान और चर्चे पूरे यूरोप, अमेरिका में होने लगे और उन्होंने वहां कई व्याख्यान दिए। यह वह समय था जब पाश्चात्य देश हमें व हमारे धर्म को हीन भावना से देख रहे थे ।लोग पाश्चात्य संस्कृति का अंधानुकरण कर रहे थे । ऐसे समय में उन्होंने हिंदू धर्म और देश को गौरव प्रदान किया और वैश्विक फलक पर हमारी सभ्यता और समृद्धि को गौरवान्वित किया।

विवेकानंद ने युवा शक्ति के लिए कहा था- समस्त शक्तियां तुम्हारे पास है। तुम कुछ भी कर सकते हो और सब कुछ कर सकते हो। यह विश्वास करो। मत विश्वास करो कि तुम दुर्बल हो। तत्पर हो जाओ। जीर्ण -शीर्ण होकर थोड़ा-थोड़ा करके मरने की बजाय वीर की तरह, दूसरों के कल्याण के लिए नष्ट होकर उसी समय मर जाना क्या अच्छा नहीं है। उनका मानना था कि एक युवा का जीवन सफल होने के साथ-साथ सार्थक भी होना चाहिए। उनका कहना था कि युवा सफल होना चाहते है पर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए शारीरिक रूप से तैयार नहीं होते। इसलिए उन्होंने कहा कि युवाओं को निर्भर बनने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि शक्ति ही जीवन है कमजोरी मृत्यु है और कोई भौतिक जीवन का सुख नहीं ले सकता अगर ताकतवर नहीं है। मत सोचो कि तुम कमजोर हो। उठो जागो और तब तक ना रुको जब तक तुम्हें लक्ष्य प्राप्त ना हो जाए। उन्होंने शिक्षा के विषय में कहा कि शिक्षा कोई जानकारियों का बंडल नहीं है जो दिमाग में रख दिया जाए और जिंदगी भर परेशान करते रहे। हमें ऐसे विचारों को संजोना है जो समाज निर्माण, व्यक्ति निर्माण एवं चरित्र निर्माण करें।

उन्होंने कहा कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो जीवन के संकटों से निपटने में मददगार हो। चरित्र निर्माण से परोपकार का भाग जगाएं और सिंह का साहस दें। स्वामी जी के शब्दों में - व्यक्ति का चरित्र और कुछ नहीं उसकी आदतों और वृत्तियों का सार भर है। हमारी आदतें और वृत्ति ही चरित्र का स्वरूप निर्धारित करती हैं । वृत्तियों की श्रेष्ठता और निष्क्रियता के अनुरूप ही चरित्र की सबलता और निर्बलता सुनिश्चित होती हैं। श्रेष्ठ चिंतन और आचरण के सतत अभ्यास द्वारा वृत्तियों का शोधन होता है और चरित्र गठन का कार्य मनोवांछित दिशा में आगे बढ़ता है । उन्होंने सदैव युवाओं को आध्यात्मिक रहने के लिए प्रेरित किया। उनका मानना था कि भारत की आध्यात्मिकता का कोई सानी नहीं है। वह सदैव आध्यात्मिक चेतना के रूप में सामाजिक चेतना को भी जागृत कर समाज हित, देश हित हेतु निरंतर कार्य करते रहें । आज के दौर में युवा कई समस्याओं से ग्रसित है।

वह अपने भविष्य के निर्माण हेतु कई तरह की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। अतः आज स्वामी जी के विचार उनके लिए और भी प्रासंगिक हो जाते हैं। वे अपने विचारों, आदर्शों लक्ष्यों के वजह से आज भी प्रासंगिक है। किसी शायर ने क्या खूब कहा है- युवा देश की ताकत हैं, उर्जा हैं। युवाओं की सामर्थ्य शक्ति किसी भी राष्ट्र को आसमान की बुलंदियों तक पहुंचाने की ताकत रखती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि भारत की युवा शक्ति स्वामी जी के दिखाए आदर्शों पर चलें और उनके मार्ग का अनुसरण कर अप्पो दीपो भव की अवधारणा पर कार्य करें।

### विचार

# हिन्दी का अमृत महोत्सव कब?

**आजादी की लड़ाई में संचार के माध्यम के रूप में बापू ने हिन्दी को ही चुना, इसके लिए उन्होंने अपने देशवासियों को समय-समय पर हिन्दी की महत्ता बताई। बापू की हिन्दी सहज, सरल, स्नेहयुक्त और अपनेपन से प्रभावित थी। गांधीयुग और बापू द्वारा राजनैतिक सक्रिय भागीदारी से पहले भी बापू ने हिन्दी की प्रशंसा करते हुए 1906 में अपनी पत्रिका इंडियन ओपिनियन में इस प्रकार लिखा है कि हिन्दी, मीठी, नम्र, ओजस्वी भाषा है। राष्ट्रभाषा की आवश्यकता का एहसास करते हुए बापू ने कहा था कि राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूंगा है। भारतवर्ष के इस गूंगेपन को दूर के लिए भारत के अधिकतम राज्यों में बोली और समझी जाने वाली हिन्दी भाषा को उपयुक्त पाकर बापू ने उसे सम्पूर्ण भारत की राष्ट्रभाषा के रूप प्रतिष्ठित और स्थापित किया।**

आज हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं और इस अमृत महोत्सव के माध्यम से अपने देश की स्वतंत्रता संग्राम में संघर्ष करने वाले जननायकों को याद कर रहे हैं उनके याद में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन केन्द्र एवं राज्य सरकार मिल कर कर रहे हैं। इन सब कार्यों और आजादी की लड़ाई में एक महती भूमिका का निर्वहन करने वाली हिन्दी का अमृत महोत्सव कब मनाया जायेगा? यह प्रश्न विचारणीय है। हिन्दी को मजबूत करने और हिन्दी को उसका स्थान दिलाने के लिए संसदीय राजभाषा समिति की अध्यक्षता करते हुए माननीय गृह मंत्री अमित शाह जी ने देशवासियों से अपील की थी कि किसी बच्चे का उचित मानसिक विकास तभी सम्भव है जब वह मातृभाषा में पढ़ाई करता है।

मातृभाषा से मतलब हिन्दी से नहीं है यह उस राज्य विशेष की भाषा है जैसे मेरे राज्य में गुजराती, फिर भी देश में एक भाषा होनी चाहिए, यदि कोई दूसरी भाषा सीखना चाहे तो वह हिन्दी होनी चाहिए। उन्होंने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि वक्त आ गया है कि राजभाषा हिन्दी को देश की एकता का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया जाय। इसके साथ ही साथ बताया कि हिन्दी की स्वीकार्यता स्थानीय भाषाओं के लिए नहीं बल्कि अंग्रेजी के विकल्प के रूप में होनी चाहिए। जब तक अन्य भाषाओं से शब्दों को लेकर हिन्दी को सर्वग्राही नहीं बनाया जायेगा तब तक इसका प्रचार प्रसार नहीं हो पायेगा। यह पहली बार है जब हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनाने के साथ-साथ हिन्दी शब्दकोष को बढ़ाने के लिए अन्य भाषाओं के शब्दों को जोड़ने की अपील की गई है।

आजादी की लड़ाई में संचार के माध्यम के रूप में बापू ने हिन्दी को ही चुना, इसके लिए उन्होंने अपने देशवासियों को समय-समय पर हिन्दी की महत्ता बताई। बापू की हिन्दी सहज, सरल, स्नेहयुक्त और अपनेपन से प्रभावित थी। गांधीयुग और बापू द्वारा राजनैतिक सक्रिय भागीदारी से पहले भी बापू ने हिन्दी की प्रशंसा करते हुए 1906 में अपनी पत्रिका इंडियन ओपिनियन में इस प्रकार लिखा है कि हिन्दी, मीठी, नम्र, ओजस्वी भाषा है। राष्ट्रभाषा की आवश्यकता का एहसास करते हुए बापू ने कहा था कि राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूंगा है। भारतवर्ष के इस गूंगेपन को दूर के लिए भारत के अधिकतम राज्यों में बोली और समझी जाने वाली हिन्दी भाषा को उपयुक्त पाकर बापू ने उसे सम्पूर्ण भारत की राष्ट्रभाषा के रूप प्रतिष्ठित और स्थापित किया। बापू ने कहा था कि हिन्दी उस भाषा का नाम है जिसे हिन्दू और मुसलमान कुदरती तौर पर बगैर प्रयत्न के बोलते हैं। हिन्दुस्तानी और उर्दू में कोई फर्क नहीं है, देवनागरी में लिखे जाने पर वह हिन्दी और अरबी में लिखे जाने पर उर्दू कही जाती है। हमारी राष्ट्रभाषा में वे सब प्रकार के शब्द आने चाहिए जो जनता में प्रचलित हो।

हिन्दी के विकास तथा राष्ट्रभाषा के रूप में हिन्दी के बहुसंख्यक द्वारा प्रयुक्त जुबान से बापू परिचित थे जिसके सन्दर्भ में 20 अक्टूबर 1917 को गुजरात के द्वितीय शिक्षा सम्मेलन में अपने भाषण में राष्ट्रभाषा के कुछ विशेष लक्षण बताए थे जिसके अनुसार वह भाषा सरकारी नौकरों के लिए आसान होनी चाहिए, उस भाषा के माध्यम से भारत का आपसी धार्मिक, आर्थिक और राजनैतिक एकीकरण होना चाहिए, उस भाषा को भारत के ज्यादातर लोग बोलते हों तथा वह भाषा राष्ट्र के लिए आसान होनी चाहिए। उस भाषा का विचार करते समय क्षणिक एवं स्थायी स्थिति पर जोर न दिया जाय।

उक्त लक्षणों को बताने के बाद बापू ने कहा कि सौभाग्य से हिन्दी भाषा में ये सारे लक्षण मौजूद हैं। हिन्दी भारत की राष्ट्रभाषा हो, यह बात बोली तो बहुत दिनों से जा रही थी किन्तु अब तक किसी नेता ने इस विचार को धरातल पर परिणित करने का प्रयास नहीं किया, आज यह हिन्दी भाषा की आवश्यकता का ही फल है कि लोग इस भाषा से जुड़ने लगे हैं और हिन्दी भाषा को सीखने के लिए लोग अमीरी-गरीबी, पढ़े-अनपढ़, युवा-बूढ़े का अन्तर भूलकर एक स्थान पर हिन्दी सीखने के लिए बैठने लगे हैं और सब हिन्दी सीखना और सिखाना अपना पुनीत कार्य समझ रहे हैं। 10 जनवरी को जब पूरे विश्व में श्हिन्दी दिवसश् मनाया गया, जिसकी शुरुआत 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने की थी।

उस विश्व हिन्दी सम्मेलन में भारत के साथ मारीशस, यूनाइटेड किंगडम, त्रिनिदाद, टोबैगो एवं संयुक्त राज अमेरिका ने हिस्सा लिया था। तब से 10 जनवरी को भारत में विश्व हिन्दी दिवस सुचारू रूप से मनाया जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप आज विश्व के 175 विश्वविद्यालयों में हिन्दी भाषा पढ़ाई जा रही है, विश्व के 91 विश्वविद्यालयों में हिन्दी पीठ की स्थापना की गई है। आज पूरे विश्व में 80 करोड़ से ज्यादा लोगों के द्वारा हिन्दी बोली जाती है, अमेरिका में हिन्दी बोलने वालों की संख्या 6 लाख अड़तालीस हजार है, मारीशस में 7 लाख, अफ्रीकी देशों में लगभग 9 लाख, साथ ही नेपाल में 8 लाख लोगों द्वारा हिन्दी बोली जाती है। भारत के अतिरिक्त फिजी की राजभाषा हिन्दी है, यूनेस्को की 7 भाषाओं में हिन्दी सम्मिलित है। आज विश्व के 80 करोड़ लोगों के द्वारा हिन्दी को संयुक्त राष्ट्रसंघ की आधिकारिक भाषा बनाने पर जोर दिया जा रहा है, परन्तु भारत में हिन्दी को राष्ट्रभाषा का सम्मान कब मिलेगा, यह प्रश्न विचारणीय है।

## बोतल का बेताल

तमाम चिकित्सा अनुसंधानों व दवाओं की खोज के बाद भी देश-दुनिया में यदि रोगियों की संख्या लगातार बढ़ रही है तो उसकी वजह हमारी जीवनशैली में शामिल वे कारक हैं, जिनकी घातकता का हमें बोध ही नहीं है। हमारी हवा, पानी व मिट्टी तो प्रदूषित हैं ही, लेकिन आधुनिक जीवन को सुविधाजनक बनाने के लिये बाजार ने जो विकल्प हमें दिये हैं, वे भी हमारे जीवन में जहर घोल रहे हैं। बाजार ने मुनाफे के लिये सस्ते विकल्प तो दिये लेकिन साथ ही बीमारियों के लिये भी उर्वरा जमीन तैयार कर दी है।

नित नये-नये शोध-अनुसंधान उन परतों को खोल रहे हैं, जो हमारे जीवन में बीमारियां बांट रही हैं। अब अमेरिका में हुए ताजा अनुसंधान में पता चला है कि हम पीने के पानी के लिये जिन प्लास्टिक की बोतलों का उपयोग करते हैं उनमें पैदा होने वाले नैनोप्लास्टिक्स कई घातक रोगों की वजह बन रहे हैं। आज सुविधा के लिये हम सफर में, स्कूल-कॉलेज तथा ऑफिस जाने के दौरान प्लास्टिक वाली पानी की बोतल लेकर चलते हैं। अब कहा जा रहा है कि इस पानी में उत्पन्न होने वाले प्लास्टिक के सूक्ष्मकण कई रोगों को उत्पन्न कर रहे हैं। यूं तो हम जानते हैं कि प्लास्टिक से तमाम तरह के नुकसान होते हैं। लेकिन नये अध्ययन में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि एक लीटर पानी वाली बोतल में तीन लाख से अधिक प्लास्टिक के सूक्ष्म कण होते हैं। ये अध्ययन अमेरिका की तीन शीतल जल बेचने वाली कंपनियों की बोतलों के नमूने लेकर किया गया है। ऐसे में भारत में बिकने वाली, गुणवत्ता के लिहाज से हल्की बोतलों से यह संकट कितना बड़ा हो सकता है, अंदाज सहज ही लगाया जा सकता है। दरअसल, यह ताजा अध्ययन शोधकर्ताओं द्वारा नैनोप्लास्टिक पर केंद्रित था। बता दें कि नैनोप्लास्टिक्स माइक्रोप्लास्टिक्स से भी काफी छोटे होते हैं। हाल ही में जर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल अकादमी ऑफ साइंसेज ने इस रिपोर्ट को विस्तार से प्रकाशित किया है।

दरअसल, अमेरिका में कोलंबिया विश्वविद्यालय के अनुसंधानकर्ताओं ने बेहद परिष्कृत तकनीक से बोतलबंद पानी में इन सूक्ष्म कणों की गणना की है। चिंता की बात यह है कि प्लास्टिक के सूक्ष्म कण हमारे स्वास्थ्य को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकते हैं। अध्ययन बताता है कि बोतलबंद पानी में प्लास्टिक कण पहले के अनुमान से बढ़कर सौ गुना अधिक संख्या में हो सकते हैं। दरअसल, ये नैनोप्लास्टिक्स आकार में इतने सूक्ष्म होते हैं कि आंतों व फेफड़ों से सीधे खून में प्रवेश कर सकते हैं। जो कालांतर हमारे दिल व दिमाग को भी प्रभावित कर सकते हैं। इनकी घातकता का खतरा इसलिए भी है कि ये माइक्रोप्लास्टिक्स की तुलना में जल्दी हमारी कोशिकाओं व रक्त में प्रवेश करके शरीर के अवयवों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। अनुसंधानकर्ताओं ने चिंता जतायी है कि प्लास्टिक के ये सूक्ष्म कण नाल के जरिये अजन्मे बच्चे की देह तक भी पहुंच सकते हैं। यहां तक चिंता जतायी जा रही है कि प्लास्टिक में मौजूद विषैले कणों से महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर की आशंका पैदा हो सकती है। दरअसल, सूर्य की किरणों के संपर्क में आने पर प्लास्टिक घातक टॉक्सिन उत्पन्न कर सकता है। इतना ही नहीं, शोधकर्ता सूक्ष्म कणों वाले पानी के सेवन से मधुमेह के उत्पन्न होने की संभावनाओं की ओर इशारा कर रहे हैं। एक रसायन के चलते मोटापा, मधुमेह, प्रजनन से जुड़े विकार तथा किशोरियों के शारीरिक परिवर्तनों में तेजी ला सकते हैं। इसके अलावा थैलेट्स नामक रसायन से लीवर से जुड़ा कैंसर पैदा होने तथा पुरुषों में शुक्राणुओं की संख्या कम होने की आशंका बढ़ जाती है। कहीं न कहीं प्लास्टिक की बोतलों में पाये जाने वाले रसायन लोगों के प्रतिरक्षातंत्र को भी नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे में बेहतर होगा कि लोग पीने के पानी के लिए परंपरागत विकल्पों को गंभीरता से लें। सुरक्षित होगा कि हम दैनिक व्यवहार में प्लास्टिक की बोतल के स्थान पर स्टील, कांच या तांबे की बोतल को प्राथमिकता दें। ये बोतल थोड़ी महंगी या भारी जरूर हो सकती हैं लेकिन सेहत के लिये अपरिहार्य हैं।



## राशिफल

**मेष :-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। भावनाप्रधान मन रिश्तों से सहज ही प्रभावित हो जाता है।

**बृषभ :-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा।

**मिथुन :-** भावनाओं पर नियंतणरख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**कर्क :-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव।

**सिंह :-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी। आलस्य कतई न करें।

**कन्या :-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कार्य समय से पूर्ण करें।

**तुला :-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। शासन-सत्ता की दिशा में केंद्रित लोगों को लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

**वृश्चिक :-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। बालसुलभता व असंयमित शब्दों का प्रयोग संबंधों में कटुता लाएगा। आकस्मिक आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

**धनु :-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं।

**मकर:-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी।

**कुंभ :-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें।

**मीन :-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। परिजनों से कुछ भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। अच्छी योजनाओ द्वारा महत्वपूर्ण कायरें को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

# तर्कहीनता और तर्कशीलता के दोराहे पर भारत

सर्वमित्रा सुरजन



**मैंने रामलला को उनका घर वापस दिलाया है। जिस उद्देश्य के लिए मेरा जन्म हुआ, उसे मैंने पूरा किया है। भाजपा के बाकी नेता भी इसी तरह का श्रेय श्री मोदी को देंगे और कोई आश्चर्य नहीं अगर कोई तारीफकरते-करते श्री मोदी को साक्षात देवता या अवतार ही कह दे। वैसे भी कुछ भाजपा नेता सार्वजनिक तौर पर यह कह चुके हैं कि भारत के लोगों का सौभाग्य है कि उन्हें मोदीजी जैसा प्रधानमंत्री मिला। भाजपा के नेताओं को पूरा हक है कि वे जिसकी चाहे पूजा करें, जिसे चाहे अपने सौभाग्य या दुर्भाग्य का निमित्त मानें। उन्हें यह भी हक है कि वे अपनी सत्ता बचाने के लिए चाहे धार्मिक मुद्दे का राजनीतिकरण करें या राजनीति में धर्मांधता को मिलाकर वोट हासिल करने की जुगत लगाएं। लेकिन देश की जनता को भी अपने हक पता होने चाहिए।**

कौआ कान लेकर उड़ गया, भारत में यह एक पुरानी कहावत है, जो लोगों में तार्किक बुद्धि के इस्तेमाल की नसीहत देती है। यानी कोई कहे कि कौआ कान लेकर उड़ गया तो बिना सोचे-समझे कौए के पीछे भागने की जगह पहले अपने कान को टटोलना चाहिए, इससे आपका वक्त और उर्जा दोनों की बचत होगी, साथ ही दुनिया के सामने आसानी से मूर्ख बन जाने की शर्मिंदगी भी नहीं उठानी पड़ेगी। इस वक्त भारत के सामने भी यही स्थिति आ गई है। अब ये जनता को तय करना है कि वो अपने कान टटोलकर मूर्ख बनाने की कोशिश करने वालों को नाकाम करती है या फिर कौए के पीछे भागने का विकल्प चुनती है। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के दिन नजदीक आते जा रहे हैं।

भाजपा सत्ता में बैठी है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इस राजनैतिक अंग की स्थापना का उद्देश्य ही भारत में हिंदुत्व का राज कायम करना है और इसके लिए अयोध्या में राम जन्मभूमि को जरिया बनाया गया। राम मंदिर के नाम पर रथयात्रा निकाल कर, समाज में हिंदू-मुसलमानों के बीच खाई बनाकर भाजपा ने अपने लिए सत्ता की सीढ़ी तैयार की। अब तक उसके हर घोषणापत्र में राम मंदिर के निर्माण का मुद्दा शामिल होता था। 22 जनवरी के बाद अब जब भी चुनाव की घोषणा होगी, ये मुद्दा घोषणापत्र से हट जाएगा। उसकी जगह शायद ज्ञानवापी और शाही ईदगाह को हटाकर वहां मंदिरों के निर्माण का ऐलान कर दिया जाएगा। इसके बाद चुनाव प्रचार में प्रधानमंत्री मोदी जनता से शायद यह कहेंगे कि अपने 140 करोड़ भाई-बहनों के सहयोग से, आपकी सामर्थ्य से मैंने यह महती दायित्व पूरा किया है।

मैंने रामलला को उनका घर वापस दिलाया है। जिस उद्देश्य के लिए मेरा जन्म हुआ, उसे मैंने पूरा किया है। भाजपा के बाकी नेता भी इसी तरह का श्रेय श्री मोदी को देंगे और कोई आश्चर्य नहीं अगर कोई तारीफ करते-करते श्री मोदी को साक्षात देवता या अवतार ही कह दे। वैसे भी कुछ भाजपा नेता सार्वजनिक तौर पर यह कह चुके हैं कि भारत के लोगों का सौभाग्य है कि उन्हें मोदीजी जैसा प्रधानमंत्री मिला। भाजपा के नेताओं को पूरा हक है कि वे जिसकी चाहे पूजा करें, जिसे चाहे अपने सौभाग्य या दुर्भाग्य का निमित्त मानें। उन्हें यह भी हक है कि वे अपनी सत्ता बचाने के लिए चाहे धार्मिक मुद्दे का राजनीतिकरण करें या राजनीति में धर्मांधता को मिलाकर वोट हासिल करने की जुगत लगाएं। लेकिन देश की जनता को भी अपने हक पता होने चाहिए। जिन लोगों को उसने संसद और विधानसभाओं में अपनी बेहतरी के लिए, अपने भविष्य और वर्तमान को संवारने के लिए भेजा है, वो अपनी जिम्मेदारियों को पूरा कर रहे हैं या अगली बार सत्ता में आने के लिए लोगों की भावनाओं को भुना रहे हैं, ये सवाल करने की जागरूकता जनता में होनी चाहिए। अभी राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियों की हलचल पूरे देश में है। भाजपा और संघ के लोग मिलकर घर-घर अक्षत बांटने में जुट गए हैं। इसके लिए बाकायदा समितियां बनाई गई हैं।

हर रिहायशी इलाके में कुछ लोगों को जिम्मेदारी देकर, आम लोगों को साथ जोड़ने की मुहिम चलाई जा चुकी है। भाजपा और संघ के पास निष्ठावान और अनुशासित कार्यकर्ताओं की बड़ी फौज है, जिनके जरिए मंदिर के काम हो रहे हैं। लेकिन यहां भारत की तर्कशील जनता को सवाल उठाने चाहिए कि अगर भाजपा घर-घर अक्षत भेज सकती है, तो कोरोना के वक्त घर-घर मास्क, जरूरी दवाइयां, राशन और आक्सीजन की व्यवस्था क्यों नहीं करवा सकी? कोरोना के वक्त भी जब भाजपा और कई हिंदुत्ववादी मानसिकता के लोगों ने गौमूत्र पीने की नसीहत दी या श्री मोदी ने ताली-थाली बजाने का आह्वान किया, एक साथ दीए, टार्च, मोमबत्ती जलाने कहा, तब भी उनसे कड़ाई से सवाल किए जाने थे कि ध्यान भटकाने के ये पैंतरे क्यों आजमाए जा रहे हैं, क्यों नहीं लोगों को सुरक्षित रखने पर ध्यान दिया दिया जा रहा है?

अगर तब कौआ कान ले गया की अफवाह पर ध्यान न देकर अपने कान टटोले होते तो देश एक बड़ी त्रासदी से बच जाता। लेकिन जनता ने तब भी उड़ते कौए के पीछे भागने का विकल्प चुना, अब भी वही गलती की जा रही है। अयोध्या में करोड़ों की लागत से बन रहे राम मंदिर को देश की सबसे बड़ी उपलब्धि के तौर पर भाजपा पेश कर रही है। लोगों की आस्था का बेजा फायदा उठाया जा रहा है। जो राम मंदिर सुप्रीम कोर्ट के आदेश से बन रहा है, उसे भाजपा ने अपना बताकर पेश कर दिया और लोगों ने भोलेपन से उसे सच भी मान लिया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा था कि बाबरी मस्जिद को तोड़ना गलत था।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# प्राण प्रतिष्ठा पर आयोजित होंगे धार्मिक कार्यक्रम

**समस्त मंदिरों पर रहेगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था, साथ ही अराजक तत्वों पर विशेष निगरानी कर की जाएगी कार्यवाही**

**जालौन,उरई। समृद्धि न्यूज**

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक ईरज राजा ने राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर 14 जनवरी से 22 जनवरी 2024 तक जनपद के समस्त राम मंदिरों, हनुमान मंदिरों, बाल्मीकि मंदिरों आदि में राम कथा, रामायण पाठ, भजन कीर्तन कराए जाने हेतु संबंधित अधिकारियों व ग्राम प्रधानों को भव्य व दिव्य कार्यक्रम कराने हेतु निर्देशित किया।

जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्र म के प्रभावी अनुश्रवण के लिए नोडल व सहायक नोडल अधिकारी नामित किये गए हैं।

उन्होंने कहा कि नामित समस्त नोडल अधिकारी, ग्राम प्रधान, महिला मंगल दल, युवा मंगल दल, आशा, एएनएम तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री अपने अपने क्षेत्रों में मंदिरों पर राम कथा, रामायण पाठ, भजन कीर्तन आदि संस्कृत कार्यक्रम का भव्य व दिव्य आयोजन कराएं। उन्होंने कहा कि आयोजन स्थलों पर पार्किंग, बिजली, पानी, साफ-सफाई व सुरक्षा आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी। उन्होंने नोडल, सहनोडल अधिकारियों को निर्देशित किया के जनपद के बाल्मीकि मंदिर, श्री राम मंदिर, श्री हनुमान मंदिर अथवा रामायण से संबंधित अन्य मंदिरों का पूरा पता फोटो जीपीएस लोकेशन मंदिर प्रबंधक का संपर्क नंबर संस्कृत विभाग के पोर्टल पर फीड कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि 14 जनवरी 2024 को रंगोली व सजावट इत्यादि हृदय स्त्रोत्र पाठ, राधाकृष्ण के भजन एवं खिचड़ी भोज, 15 जनवरी को रुद्राभिषेक, शिव चालीसा, शिव आरती एवं खिचड़ी भोज, 16 जनवरी को हनुमान चालीसा, 17 जनवरी को गणेश वंदना, श्री राम स्तुति श्री राम प्रश्नोत्तरी, 18 जनवरी को श्री सत्यनारायण जी की कथा एवं मानस चौपाई पर अत्याक्षरी, 19 जनवरी को देवी के गीत समूह के महिलाओं द्वारा, 20 जनवरी को सुंदरकांड का पाठ, ढोल मंजीरा सहित एवं दीपदान, 21 जनवरी को रामचरितमानस का पाठ प्रारंभ, 22 जनवरी को रामचरित मानस का पाठ समापन हवन प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा।



राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अधिकारियों के साथ संवाद करते डीएम।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर जनपद के समस्त राम मंदिर, हनुमान मंदिर, बाल्मीकि मंदिर में राम कथा, रामायण पाठ, भजन कीर्तन आदि संस्कृत कार्यक्र म का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान समस्त मंदिरों पर कड़ी सुरक्षा की व्यवस्था रहेगी, साथ ही अराजक तत्वों पर विशेष निगरानी कर कार्यवाही की जाएगी।

# छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला से मतदाताओं को किया जागरूक



**कालपी,जालौन। समृद्धि न्यूज**

गुरुवार को नगर में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन जिसमें शामिल छात्र छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के अनुपालन में उप जिलाधिकारी हेमन्त पटेल की अगुवाई में नोडल विद्यालय कालपी कालेज कालपी से नगर के मुन्ना पुलपावर चौराहे तक मतदान के लिये जागरुक करने के लिये विभिन्न विद्यालय के छात्र छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर आम जनमानस को जागरुक किया। इस दौरान एसडीएम हेमन्त पटेल ने कहाकि सामान्य निर्वाचन लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर लोगों को जागरुक करने व शत प्रतिशत मतदान करने के लिये प्रेरित करने का प्रयास किया गया है।

## मोदी की गारंटी वाली एलईडी वैन ने ग्रामीणों को किया जागरूक

**जालौन (उरई)।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम भदवां व जीपुरा में केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। इस दौरान भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी ली गई। विकासखंड की ग्राम पंचायत भदवां व जीपुरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जन चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार तरक्की कर रहा है। शीघ्र ही हम विकसित राष्ट्र होंगे। पूर्व में जहां योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को नहीं मिल पाता था। अब सभी पात्र व्यक्ति योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। मोदी की गारंटी वाली एलईडी वैन के माध्यम से ग्रामीणों को केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। कार्यक्रम संयोजक बीएस कनौजिया ने अतिथियों व ग्रामीणों को शपथ दिलाई कि सभी मिलकर 2042 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाएंगे। इस दौरान किसान सम्मान, निधि, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मुफ्त इलाज, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना आदि के संबंध में जानकारी दी गई।

# एसडीएम, सीओ की चेकिंग में 11 ट्रक मौरम ले जाते पकड़े

**मौरंम भरे वाहनों के चालक ट्रकों को रास्ते में ही छोड़कर भागे**

**कालपी,जालौन। समृद्धि न्यूज**

बुधवार देर रात एसडीएम, सीओ की आकस्मिक चेकिंग में कदौरा थाना क्षेत्र में बालू के अवैध परिवहन का खेल सामने आया है। जिसमें लगभग एक दर्जन ओवरलोड वालू लदे ट्रक पकड़े जाने का अनुमान है। जिसमें कई के पास खनिज प्रपत्र भी नहीं होने की जानकारी सामने आ रही है। मालूम हो कि जोल्हूपुर रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज निर्माण में आ रही बाधा के चलते जिलाधिकारी ने कदौरा थाना क्षेत्र से आने वाले मौरम भरे ट्रकों का रूट डायवर्ट कर दिया था जिससे उन्हे हमीरपुर की तरफ जाना था इसके लिए कदौरा कस्वा के पास पुलिस को तैनात कर वालू भरे ट्रको को जोल्हूपुर की तरफ न आने के निर्देश दिये थे लेकिन ऐसा नही हो सका था जिसकी जानकारी प्रशासनिक जिम्मेदारो तक पहुंच गयी थी और शायद इसी हकीकत को परखने के लिए बुधवार रात एस डी एम हेमन्त पटेल, सीओ डॉ. देवेंद्र पचौरी ने आकस्मिक छापेमारी की तो सूचना सही निकली। उन्हें कदौरा क्षेत्र में वडी संख्या में मानक से अधिक मौरम लादकर आ रहे ट्रक मिले थे जिस पर अधिकारियों ने सभी ट्रकों को पकड कर थाना पुलिस को सौंपा है। सूत्रों की माने तो कार्यवाही होती देख ज्यादातर चालक गाड़ी छोड़कर भाग निकले थे।

## खंडेराव में आम रास्ता ही नहीं नालियां हुई क्षतिग्रस्त

**जालौन (उरई)।** मोहल्ला नया खंडेराव में आम रास्ता व नाली क्षतिग्रस्त होने से मोहल्ले का पानी नहीं निकल पा रहा है। जिससे मोहल्ले के लोगों को दिक्कत हो रही है। पीड़ित मोहल्लेवासियों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है। मोहल्ला नया खंडेराव लौना रोड में गली नंबर दो निवासी सुशील कुमार त्रिपाठी, वीरेंद्र कुमार दांतरे आदि ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनकी गली में लगभग 30 मीटर आम रास्ता व नाली पूर्ण रूप से क्षति ग्रस्त हो गई है। आम रास्ता क्षतिग्रस्त होने से वाहन निकालने में भी दिक्कत होती है। कभी कभार वाहन चालक गिरकर चुटहिल भी हो जाते हैं। इसके अलावा नाली के क्षतिग्रस्त होने से पानी सड़क पर भर रहा है। पानी की निकासी न होने से पानी घरों में भी भर रहा है।

# छात्रा ने राम मंदिर की थीम पर सजाई गई रंगोली को मिली वाहवाही

**जालौन,उरई। समृद्धि न्यूज**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई के तत्वावधान में युवा पखवाड़ा के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें छात्राओं ने एक से बढ़कर एक आकर्षक रंगोली सजाई।

जिसमें अध्योध्या में बने राम मंदिर की थीम पर सजाई गई रंगोली को जमकर सराहा गया। 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद युवा पखवाड़े के रूप में मनाता है। जिसके अंतर्गत युवाओं के बीच विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कराया जाता है।

इसी के अंतर्गत गुरूवार को सरस्वती शिशु मंदिर में छात्राओं के बीच रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें कार्यक्रम आयोजक आशा प्रजापति ने कहा कि रंगोली भारतीय संस्कृति का प्रतीक है। प्राचीन काल से ही भारत में रंगोली सजाने की परंपरा रही है। समय के साथ इसमें बदलाव आया है। निर्णायक मंडल में शामिल दीपिका, व अंकिता अग्रवाल ने कहा कि विभिन्न थीम और विषयों पर सजाई गई रंगोली स्वयं में संपूर्ण परिचय दे देती है। ऐसा ही कुछ इस प्रतियोगिता में भी छात्राओं ने कर दिखाया है। छात्राओं ने अयोध्या में राम मंदिर में प्रभू श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा, श्रीराम के वन गमन, सेव वाटर, भारत माता आदि थीम पर रंगोलियां सजाई। जिसमें अयोध्या में बने राम मंदिर की थीम पर बनाई गई रंगोली को लोगों ने जमकर सराहा। दो वर्गों में आयोजित हुई।



अयोध्या में बने राममंदिर थीम पर रंगोली सजाती छात्रा।

प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में सेठ वीरेंद्र कुमार महाविद्यालय की छात्रा काजल कुशवाहा ने पहला, जालौन बालिका इंटर कॉलेज की शिवानी प्रजापति ने दूसरा और इसी विद्यालय की मोहिनी प्रजापति ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में आनंदी बाई हर्षे की आयुषी पहले, इसी विद्यालय की सौम्या पाटकर दूसरे और वेद प्रजापति तीसरे स्थान पर रहे। इस मौके पर प्रांत सोशल मीडिया संयोजक सत्यम याज्ञिक, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य आदित्य हृदय, नगर सहमंत्री गोपाल बाथम, शिवम सेंगर, निखिल बाथम, प्रियंका कुशवाहा, प्रीति राठौर, प्रिया राठौर, अनुरुद्ध कश्यप, रितिक बाथम, आयुष आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### मोनिका शुक्ला ने उत्तीर्ण की चार्टेड एकाउंटेंट की परीक्षा



**उतरौला,बलरामपुर।** चार्टर्ड एकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण कर बलरामपुर जिले की उतरौला तहसील के ग्राम सभा पेहर की मोनिका शुक्ला ने सफलता का परचम लहराया है। मोनिका शुक्ला मेडिकल स्टोर संचालक शिव बहादुर शुक्ला की बेटी हैं। चार्टर्ड अकाउंट की फाइनल परीक्षा पास करने वाले मोनिका शुक्ला अब अपने नाम के आगे सीए का इस्तेमाल कर सकेंगी। मोनिका ने यह सफलता अपने कठिन परिश्रम के साथ प्राप्त की है। बेटी की सफलता से पूरा परिवार बहुत खुश है, भाई डॉक्टर सचिन शुक्ला ने अपने हाथों से बहन को मुंह मीठा करा कर शुभकामनाएं दी। मोनिका की मां विद्या शुक्ला का कहना है कि वह इस परीक्षा के लिए बहुत ही मेहनत कर रही थी आखिरकार भगवान ने उसकी सुनी ली और वह परीक्षा में उत्तीर्ण होकर ना ही अपने घर का बल्कि पूरे जिले का नाम रोशन किया है।

### गायब महिला का पोखरे में उतराता मिला शव

**सहजनवां, गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत घघसरा मोहल्ला ठर्रापार की रहने वाली सुदर्शना देवी 60 वर्ष का शव थाना क्षेत्र के ग्राम बरईपार पोखरे में शुक्रवार दोपहर देखा गया। मौके पर पहुंची पुलिस पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया। घर से महिला बीते दो जनवरी की रात से गायब थी। गुमशुदगी का रिपोर्ट भी दर्ज कराया गया था। मृतका सुदर्शना पिछ्ले दो जनवरी की घर से रात 8.00 बजे नित्य क्रियाहेतु निकली परंतु तब से घर नहीं लौटी। लोगों ने बहुत खोजबीन की पर उनका कहीं पता नहीं चला सका। छः जनवरी को स्वजन थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई । पुलिस भी तलाश में जुटी थी। मृतका के घर वालों ने पुलिस को बताया कि महिला का मानसिक स्वास्थ्य कुछ दिनों से ठीक नहीं चल रहा था। उनका इलाज हेतु दवा और दुआ दोनों कराई जा रही थी।

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व निकाली शोभायात्रा



**अयोध्या।** श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर गुरुवार को शहर में पूजित अक्षत कलश शोभा यात्रा निकाली गई।यह विशाल कलश शोभा यात्रा रानोपाली में पराग डेयरी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर से तुलसी उद्यान नयाघाट तक निकाली गई जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं शामिल रही।इस विशाल कलश शोभा यात्रा में जय श्री राम का उद्घोष लगाकर महिलाएं आगे बढती रहीं।इस मौके पर पद यात्रा में शामिल रही भारतीय जनता पार्टी की जिला शोध प्रमुख अवध क्षेत्र मधु पाठक ने कहा कि आज अयोध्या त्रेता युग की तरह नजर आ रही है जहां पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास और उमंग का माहौल है।उन्होंने कहा कि आज बस केवल लोगों को अपने राम के आगमन की प्रतीक्षा है।कलश यात्रा में प्रभु श्री राम तथा माता सीता के स्वरूप मौजूद लोगों का ध्यानाकर्षण कर रहे थे।कलश यात्रा में महिलाएं,पुरुष और बच्चे भी शामिल थे।कलश यात्रा के तुलसी उद्यान पहुंचने पर महापौर मंहत गिरीश पति त्रिपाठी द्वारा इस विशाल कलशयात्रा का भव्य स्वागत किया गया।



## पुलिस ने नफर वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कोन,सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा के कुशल मार्गदर्शन में कोन पुलिस द्वारा पांच नफर वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया प्रभारी निरीक्षक कोन लक्ष्मण पर्वत ने बताया कि पांच वारंटी अभियुक्त रामलाल पुत्र विश्वनाथ सीताराम पटेल पुत्र रामनरेश पृथ्वीनाथ पुत्र लल्लू अनिल गुप्ता पुत्र गोकुल गुप्ता शिवनारायण गुप्ता पुत्र नागेश्वर समस्त निवासी सतदुआरी को बृहस्पतिवार को प्रातः काल गिरफ्तार किया गया उक्त अभियुक्त के उपर 5/26, 41/428 वन संरक्षण अधिनियम धारा के अन्तर्गत मुकदमा पंजीकृत है जिसके तहत सभी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया गिरफ्तार करने वाली टीम में कोन थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत सहितउप निरीक्षक वंशराज यादव हेड कांस्टेबल देवीदयाल गौतम हेड कांस्टेबल संजय चौहान कांस्टेबल विशाल गौतम कांस्टेबल मनीष कुमार यादव मौजूद रहे।

# तीन अंतर्राज्यीय तस्करों को किया गिरफ्तार

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

नशे का कारोबार कर रहे अपराधियों पर सोनभद्र पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इस कार्रवाई के तहत बुधवार को सोनभद्र क्राइम ब्रांच और शाहगंज कोतवाली पुलिस के हाँथ बड़ी सफलता लगी है। ओड़िसा से डीसीएम में छिपाकर गांजा ले जा रहे तीन अंतर्राज्जीय तस्करों को पुलिस ने घेरेबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है।

उनके कब्जे से पुलिस ने 1ण्44 कुंटल गांजा बरामद किया गया है। इसकी कीमत पंद्रह लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट क्ष तहत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुट गयी है। पुलिस लाइन सभागार में मामले का खुलासा करते हुए गुरुवार पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने बताया कि श्बुधवार को मुखबिर की सुचना पर



शाहगंज कोतवाली पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने गाड़ियों की चेकिंग के दौरान रॉबर्ट्सगंज की तरफ से आ रही एक डीसीएम को रॉबर्ट्सगंज.शाहगंज मार्ग पर स्थित बनौरा पुलिया के पास रोक कर तलाशी ली गयी तो उसमें लदे लोहे की मशीन और पाइपों में रखा गाँजा बरामद किया है। इस दौरान पुलिस ने डीसीएम में मौजूद तीनों तस्करों ओड़िसा निवासी प्रकाश माहखुड़ ;26वर्ष पुत्र बसन्त माहखुड़ और रश्मि रंजन सामल ;21वर्ष पुत्र अशोक सामल तथा प्रयागराज निवासी राहुल सोनकर ;29वर्ष पुत्र लवकुश सोनकर को भी गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि डीसीएम मालिक निरंजन बम्पा व राजेश सोनकर तथा सुनील बेहरा व उन लोगों में एक राय होकर यह तय किया था कि बरहनपुर से लोहे की मशीन व पाइप लोड किया जायेगा तथा बिल्टी बनवाकर वापसी में जनपद अंगुल उड़िसा से उन्हीं मशीन व पाइप में छिपाकर गांजा रख लिया जायेगा जिसे रास्ते में प्रयागराज में बेच दिया जायेगा।

# बजाज एनर्जी को मिला ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाण पत्र

**श्रीदत्तगंज,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**

बजाज समूह की कंपनी बजाज एनर्जी व ललितपुर पावर जेनरेशन कंपनी लिमिटेड को ÷ग्रेट प्लेस टू वर्क÷ का प्रमाणपत्र मिला है। ÷ग्रेट प्लेस टू वर्क आर्गनाइजेशन ने यह प्रमाण पत्र कंपनी में कार्यरत कर्मचारियों के विश्वास, बेहतर कार्य संस्कृति और निर्माण कार्य में की जा रही सकारात्मक पहल के लिए दिया है ग्रेट प्लेस टू वर्क आर्गनाइजेशन÷ राष्ट्रीय स्तर पर कंपनियों के मूल्यांकन की एक प्रमुख संस्था है।



कई स्तर के मूल्यांकन के बाद बजाज एनर्जी को यह उपलब्धि मिली है। उक्त जानकारी कंपनी के ईस्ट जॉन मीडिया प्रभारी के पी सिंह बताया कि पिछले कई महीनों में बजाज एनर्जी ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। जिनमें राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार-2023 और काउंसिल ऑफ एनवायरो एक्सीलेंस (सीईई) के तीसरे राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता पुरस्कार- 2023 का सम्मान शामिल हैं। ग्रेट प्लेस टू वर्क के प्रमाणन की नई उपलब्धि एक सकारात्मक और समावेशी कार्य वातावरण को बढ़ावा देने के लिए बजाज एनर्जी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जहां कर्मचारी स्वयं को मूल्यवान और महत्वपूर्ण महसूस करते हैं। यह एप्रूवल कंपनी को एक ऐसा कार्यस्थल बनाने के निरंतर प्रयासों का प्रमाण है, जो कई शिक्षण और विकास (एल एंड डी) के पहलुओं के माध्यम से विश्वास, सौहार्द और पेशेवर विकास को बढ़ावा देता है। बजाज एनर्जी के पांच पावर प्लांट उत्तर प्रदेश में स्थापित है जिसमें से एक प्लांट इटई मैदा श्रीदत्तगंज में है।



## कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**श्रीदत्तगंज, बलरामपुर।** स्थानीय विकास खण्ड श्रीदत्तगंज के प्राथमिक विद्यालय विशंभर पुर में जन संवाद एवं कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य साकेत मिश्रा रहे साकेत मिश्रा द्वारा दर्जनों गांव के गरीब व लाचार पुरुष व महिलाओं को कंबल वितरण किया गया, सरकार के द्वारा मिलने वाले योजनाओं के बारे विस्तार पूर्वक बताया उन्होंने जन संवाद में दूर दराज छेत्र से आए हुए लोगो को जागरूक किया। कार्यक्रम में भाजपा के युवा नेता राहुल जायसवाल ने सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के बारे में प्रकाश डाला रामपाल प्रधान प्रतिनिधि निजामुद्दीन प्रधान दिनेश सिंह दाताराम प्रधान प्रतिनिधि अशफाक प्रधान राघव राम सोनू रंजीत यादव अखिलेश कुमार श्रीवास्तव संतराम आदि लोग मौजूद रहे।

# रनीवा में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

गुरुवार को राष्ट्रीय लोकदल के तत्वावधान में तहसील भीटी के ग्राम रनीवा में ग्राम प्रधान ओंकार वर्मा की अध्यक्षता में देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री की पुण्यतिथि मनाई गई। राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय सचिव श्रीवास्तव द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री स्व शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई? कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हुए श्री श्रीवास्तव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री सच्चे गांधीवादी और मूल्य आधारित राजनीति करने वाले महान राजनेता तथा देश के किसानों और जवानों के सच्चे हितैषी थे। राष्ट्रीय लोक दल के अयोध्या मंडल के अध्यक्ष आचार्य शत्रुघ्न तिवारी ने कहा कि शास्त्री जी ईमानदारी एवं सादगी के प्रतीक थे। राष्ट्रीय लोक दल के वरिष्ठ नेता दीपक यादव ने कहा कि शास्त्री जी हरित क्रांति के नायक थे।

ग्राम प्रधान ओंकार वर्मा ने कहा कि देश का किसान नौजवान शास्त्री जी को आज भी अपना मसीहा समझता है? पुण्य तिथि कार्यक्रम में मुख्य रूप से बृजेश दूबे,दान बहादुर तिवारी, विनोद तिवारी,रालोद नेता शिव वर्मा,हरीराम राजभर तथा महेंद्र श्रीवास्तव मौजूद थे।

**निरीक्षण** — डीएम ने किया निर्माणाधीन परियोजनाओं का औचक निरीक्षण

# समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य किए जाने का दिया निर्देश

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के विकास को और गति प्रदान किए जाने के लिए डीएम अरविंद सिंह द्वारा नियमित निर्माणधीन परियोजना की प्रगति की समीक्षा की जा रही हैं।

इसी क्रम में डीएम अरविंद सिंह द्वारा तहसील उतरौला में विभिन्न निर्माणधीन परियोजनाओं का औचक रूप के स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति एवं गुणवत्ता की हकीकत जानी गई। राजकीय पॉलीटेक्निक महुवाधानी के स्थलीय निरीक्षण के दौरान प्रिंसिपल पॉलीटेक्निक ने बताया की मुख्य भवन ,बॉयज हॉस्टल,वर्कशॉप का



हस्तांतरण कार्यदाई संस्था द्वारा कर दिया गया है। 03 ट्रेड में कक्षाएं प्रारंभ कर दी गई है। डीएम सिंह ने हॉस्टल में रह रहे छात्रों से वार्ता की एवं रहने एवं खाने की व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होने कक्षाओं एवं अन्य रूम में फर्नीचर की समुचित व्यवस्था किए जाने,शौचालय की समुचित साफसफाई,सीसीटीवी कैमरा की व्यवस्था का निर्देश प्रिंसिपल पॉलीटेक्निक को दिया। गैलरी एवं कक्षाओं में फर्श का बेतरतीब तरीके से लेवल पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए इसे दोबारा सही किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने सीवर नेटवर्क के लीकेज को दुरुस्त कराए जाने एवं साफ सफाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की जहा पर भी कमियां है कार्यदाई संस्था उसे सही करे। उन्होंने पॉलीटेक्निक के आवासीय भवन ,ओवर हेड टैंक आदि का निरीक्षण किया। शेष बचे कार्यों को पूर्ण करते हुए हैंड ओवर किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रिंसिपल पॉलिटेक्निक को निर्देश दिए की नए अकादमिक सत्र में आवासीय राजकीय पॉलिटेक्निक का पूर्णरूप से संचालन जनपद से ही किया जाए, कक्षाओं के संचालन के लिए गोंडा जनपद से किसी भी प्रकार की निर्भरता ना रहे। उन्होंने काफी समय से बंद पड़े निर्माणाधीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महुवाधनी का निरीक्षण किया। रिवाइज्ड बजट के लिए शासन स्तर से पैरवी करते हुए पुनः कार्य प्रारंभ कराए जाने का निर्देश दिया। जिससे की आसपास के ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल पाए। ग्राम पांडेरिया मिर्जापुर में निर्माणाधीन इंटर कॉलेज के निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्माण में प्रयोग किया जा रही निर्माण सामग्रियों की गुणवत्ता को परखा, उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार से समझौता न हो।


**सूचना**

मेरे आर्मी रिकार्ड में भूलवश मेरे पिता का नाम मखान सिंह जन्मतिथि 17/02/1956 अंकित हो गयी है, जबकि अन्य दस्तावेजो में पिता जी का नाम मक्खन सिंह व जन्मतिथि 01/01/1945 अंकित है जो सही है। जिसे मेरे अभिलेखों में दर्ज किया जाए।
आर्मी 3000361F विपिन कुमार
**विपिन कुमार पुत्र मक्खन सिंह निवासी बरकातपुर छतारी जिला बुलंदशहर उ0प्र0/वर्तमान तैनाती आर.आर.सी. फतेहगढ़-फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

मेरे आर्मी रिकार्ड में भूलवश मेरे पिता का नाम रोहताश सिंह जन्मतिथि 21/01/1960अंकित हो गयी है, जबकि अन्य दस्तावेजो में पिता जी का नाम रोहताश व जन्मतिथि 0101/1957 अंकित है जो सही है। जिसे मेरे अभिलेखों में दर्ज किया जाए।
आर्मी 3000695W हवलदार मोहर सिंह
**मोहर सिंह पुत्र रोहताश सिंह निवासी लीखवा जिला झुंझुनू राजस्थान/वर्तमान तैनाती आर.आर.सी. फतेहगढ़-फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

मेरे आर्मी रिकार्ड में भूलवश मेरे पिता का नाम घसीटु सिंह जन्मतिथि 01/07/1955 अंकित हो गयी है, जबकि अन्य दस्तावेजो में पिता जी का नाम घसीटु व जन्मतिथि 01/01/1960 अंकित है जो सही है। जिसे मेरे अभिलेखों में दर्ज किया जाए।
आर्मी 3000606M
**विजयपाल सिंह चौहान पुत्र घसीटु निवासी 244 जसाला शामली जिला शामली उ0प्र0/वर्तमान तैनाती आर.आर.सी. फतेहगढ़-फर्रुखाबाद।**

**सूचना**

मेरे आर्मी रिकार्ड में भूलवश मेरी पुत्री का नाम चांदनी जन्मतिथि 22/08/2008 अंकित हो गयी है, जबकि अन्य दस्तावेजो में पुत्री का नाम वंशिका राजपूत व जन्मतिथि 22/08/2008 अंकित है जो सही है। जिसे मेरे अभिलेखों में दर्ज किया जाए।
आर्मी 3008371A नायक हेमन्त कुमार
**हेमन्त कुमार पुत्र विजेन्द्र सिंह सिंह निवासी बरी जिला मथुरा उ0प्र0/वर्तमान तैनाती आर.आर.सी. फतेहगढ़-फर्रुखाबाद।**

**नोटिस नमूना आम**

न्यायालय श्रीमान् उपजिलाधिकारी महोदय महराजगंज रायबरेली वाद संख्या 1201910580100738 सन् .......... ई.
........हनोमान सिंह आदि..........वादी/प्रार्थी

**बनाम**

**राजबहादुर सिंह आदि** प्रतिवादी/विपक्षी बनाम श्री सुनील कुमार सिंह पुत्र रामचन्द्र सिंह राजबहादुर सिंह आदि सुशील कुमार सिंह पुत्र रामचन्द्र सिंह राजबहादुर सिंह आदि सन्तोष कुमार सिंह पुत्र रामचन्द्र सिंह राजबहादुर सिंह आदि विन्धेश पुत्र दयाराम सिंह राजबहादुर सिंह आदि दिनेश चन्द्र सिंह पुत्र दयाराम सिंह राजबहादुर सिंह आदि माया सिंह पत्नी सुरेश चंद्र सिंह राजबहादुर सिंह आदि अजय सिंह पुत्र सुरेश चंद्र सिंह राजबहादुर सिंह आदि विजय सिंह पुत्र सुरेश चंद्र सिंह राजबहादुर सिंह आदि शिवप्यारी पत्नी स्व रामदेव सिंह राजबहादुर सिंह आदि रणजीत सिंह पुत्र रामदेव सिंह राजबहादुर सिंह आदि राजेश बहादुर सिंह पुत्र रामदेव सिंह राजबहादुर सिंह आदि राजबहादुर सिंह पुत्र रामदेव सिंह निवासीगण जनई परगना सेमरौता तहसील महराजगंज जिला रायबरेलीजनई सेमरौता तहसील महराजगंज जिला रायबरेली चूंकि ऊपर नामांकित वादिनी हनुमान सिंह आदि ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि धारा उ.प्र.रा.सं. अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ किसी प्रकार की भी कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो आप दिनांक 19 .... माह 02 सन् 2024 ई. को दिन में 10 बजे पूर्वान्ह में इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और यदि आप ऐसा करने में असफल रहे तो उक्त आवेदन की सुनवाई एक पक्षीय करके वाद निर्णत कर दिया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक.......... माह ..........सन्...............ई. को जारी की गयी।

**दिनांक.............**

**हस्ताक्षर प्रार्थी.................**

**आदेशानुसार**

**न्यायालय हस्ताक्षर**

# कानून का उल्लंघन करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: डीएम

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

- कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में कानून एवं शांति व्यवस्था तथा अभियोजन के सम्बन्ध में आयोजित हुई बैठक
- बैठक में डीएम ने कहा कि जनपद को भयमुक्त वातावरण देने हेतु अपराधियों को अंतिम दरवाजे तक ले जाना प्राथमिकता में है



**गुरुवार को** कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में कानून एवं शांति व्यवस्था तथा अभियोजन के सम्बन्ध में आयोजित हुई बैठक में डीएम शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि जनपद को भयमुक्त वातावरण देने हेतु अपराधियो को अंतिम दरवाजे तक ले जाना पहली प्राथमिकता में शामिल है।

जिलाधिकारी ने कहा कि अधीनस्थ न्यायालय में आयुध अधिनियम से संबंधित अभियोजित वादों में माह दिसंबर में कुल 274 वाद लंबित हैं, चार वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें चार अभियुक्तों को सजा दिलाई गई। जनपद में सत्र न्यायालय के गम्भीर अपराधो की माह दिसंबर में 6651 प्रकरण लंबित है, जिसमें 22 मामलो का निस्तारण हुआ है और 09 लोगों को पैरवी कर सजा दिलाई गयी। महिला अपराध से संबंधित प्रकरणो में 1190 मुकदमें लंबित हैं, जिसमें 09 वादो का निस्तारण किया गया, इसमें 03 लोगो को सजा हुई है। कहा कि पॉक्सो एक्ट से संबंधित प्रकरणो में 701 मुकदमें लंबित हैं, जिसमें चार वादो का निस्तारण किया गया, इसमें 2 लोगो को सजा हुई है। लोक अभियोजक द्वारा पैरवी किए जाने पर अभियोजित वादों में कुल 17528 वादों में 303 वादों का निस्तारण किया गया, जिसमें 257 को सजा दिलाई गई। बैठक में जानकारी दी गयी कि 48 मुकदमें खाद्य के लंबित है। जिलाधिकारी ने कहा कि खाद्य पदार्थो मे मिलावट किसी भी दशा में न होने पाए। खाद्य पदार्थ में मिलावट वाले प्रकरणो की पैरवी कर सजा दिलाने की कार्यवाही की जाये। उन्होंने जे.डी. अभियोजन को निर्देश दिए की चार्ज फ्रेम्ड अधिक से अधिक कराए जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु प्रदेश सरकार सख्ती से पेश आ रही है। कहा कि अपराध करने वाले अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जाए और कोई भी अपराधी बाहर नहीं दिखना चाहिए उनका घर जेल है। जनपद को भयमुक्त वातावरण देने हेतु अपराधियो को अंतिम दरवाजे तक ले जाना प्राथमिकता में है। कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देश प्राप्त हुए हैं कि निर्वाचन संबंधित आपराधिक मामले प्रत्येक बैठक में समीक्षा कर रिपोर्ट भेजी जाए। उन्होने महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों पर विशेष ध्यान देने को कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि कोई भी अपराधी बक्सा नहीं जाएगा, अपराध करने वालों को जेल भेजा जाएगा। कहा कि हर महीने जो अपराधिक मामले आते हैं चिन्हित कर उनकी सूची उपलब्ध कराई जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ संसार सिंह, उप जिलाधिकारी तिर्वा पवन कुमार मीणा सहित संबंधित अधिकारीगण व जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी आदि मौजूद रहे।

# छात्र-छात्राओं को बांटे गए निशुल्क स्मार्टफोन



छात्र को स्मार्टफोन देते पूर्व विधायक व जिला पंचायत सदस्य — समृद्धि न्यूज

गुरसहायगंज, कन्नौज

- स्मार्टफोन पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

**सरकार की** स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत बीए व बीएससी के छात्र-छात्राओं को निशुल्क स्मार्टफोन वितरित किए गए। स्मार्टफोन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। पूर्व विधायक व जिला पंचायत सदस्य ने संयुक्त रूप से युवाओं का उत्साहवर्धन किया। गुरूवार को ग्राम डुंडवाबुजुर्ग स्थित हाजी मजहरुद्दीन महाविद्यालय मे स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे जिला पंचायत सदस्य कुसुमा यादव, पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी, पूर्व चेयरमैन दिनेश यादव ने महाविद्यालय के बीए एवं बीएससी के 45 छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किए। पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि ईमानदारी व लगन के साथ शिक्षा ग्रहण करके छात्र-छात्राएं अपने परिजनों का नाम रोशन करें। इस दौरान प्रबंधक हाजी तहसीन सिद्दीकी, मुजफ्फर खान, अकील खान सहित शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# लूट व हत्या करने वाला बदमाश पुलिस मुठभेड़ में ढेर

- साथी दूसरा लुटेरा व दो सिपाही घायल हो गए

समधन, समृद्धि न्यूज़





**वाहनों की** चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर सरायदौलत रामाश्रम रोड़ पर सर्राफा कारोबारी लूट व हत्या करने वाला बदमाश पुलिस मुठभेड़ में ढेर दूसरा साथी लुटेरा और दो सिपाही भी मुठभेड़ में घायल हो गए। गुरुवार सुबह करीब साढ़े सात बजे पुलिस ने वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया तभी एक सफेद अपाचे बाइक पर दो युवक आते दिखे पुलिस को देखकर बदमाशों ने पुलिस पर फायर कर दिया और भागने लगे रामाश्रम से निजामपुर जाने वाली सड़क पर बदमाशों का पीछा करते हुए जहॉंगीरपुर गांव के समीप पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़ हुई बीता शुक्रवार को सर्राफा कारोबारी समधन निवासी अय्याज खान व कासिद पुत्र नायाब खान तीनों लोग एक बाइक पर सवार होकर मलिकपुर से अपनी दुकान बंद कर घर जा रहे थे समधन के पास रास्ते में सफेद अपाचे सवार दो बदमाशों ने दारासराय निवासी अय्याज खान को गोली मारकर जेवरात व नकदी से भरा थैला लेकर फरार हो गए थे लुटेरे बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस ने 20 से अधिक टीमें लगाई गई थी और 400 से अधिक सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया था आज चेकिंग के दौरान पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई जिसमें इजहार खान उर्फ छोटिया पुत्र जुम्मन खां निवासी गोरी नवादा समधन मुठभेड़ में ढेर हो गया इसका साथी मोहम्मद तालिब पुत्र पप्पू निवासी दारासराय समधन व दो सिपाही भी मुठभेड़ में घायल हुए है। कन्नौज पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़ के बारे में बताया कि बीती 5 जनवरी को समधन निवासी सर्राफा कारोबारी के साथ लूट व हत्या हुई थी गुरसहायगंज कोतवाली पुलिस द्वारा वाहनों की चेकिंग के दौरान बदमाशों व पुलिस के बीच आज मुठभेड़ हुई है। जिसमें एक बदमाश की अस्पताल में मृत्यु हो गई है और इसका एक साथी लूटेरा व हमारे दो सिपाही भी गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। बदमाशों के पास से 02 अदद अवैध तमंचा 315 बोर व 09 अदद जिंदा कारतूस व 07 अदद जिंदा खोखा कारतूस 315 वोर, 244 ग्राम सोना, 450 ग्राम चांदी, 4 लाख तीस हजार रुपए व एक सफेद अपाचे बाइक व बरामद हुई है। आगे उन्होंने बताया कि इजहार जो अपराधी है इस पर लगभग 8 मुकदमे पहले से भी दर्ज हैं जिसमें लूट चोरी गैंगस्टर आदि सामिल है।

# माई भारत विकसित भारत भाषण प्रतियोगिता में साक्षी ने पाया पहला स्थान

- नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में आयोजित हुई माई भारत विकसित भारत पर आधारित भाषण प्रतियोगिता

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**नेहरू युवा** केंद्र के तत्वावधान में जिला मुख्यालय सरायमीरा स्थित माया देवी इंटर कॉलेज में माई भारत विकसित भारत 2024 पर आधारित भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता में युवाओं ने बढ़चढ कर प्रतिभाग किया। जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा ने बताया कि प्रतिभागियों का मूल्याकन करने के लिए तीन सदस्यीय निर्णायक मण्डल समूह का गठन किया गया था, जिसमे जिला समन्वयक, समग्र शिक्षा अभियान अजय कुमार प्रवक्ता भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर, डॉ. कृष्णकांत झा और सहायक अध्यापक, श्यामलाल खंडेलवाल इंटर कॉलेज विशुनगढ़, अनुज कुमार द्विवेदी रहे। मुख्य प्रेरक के रूप में प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करने के लिए माया देवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रहे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान साक्षी सिंह ने पाया। वहीं सुमित यादव ने द्वितीय और तृतीय स्थान कुंवर द्विवेदी ने प्राप्त किया। सभी विजेताओं को भेंट स्वरूप डॉक्यूमेंट फाइल प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता का प्रमाण-पत्र वितरित किये गये। जिला युवा अधिकारी ने बताया की प्रदेश भर के विजेता प्रतिभागियो को राज्य स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। जहा प्रथम स्थान पाने वाले को एक लाख, द्वितीय को पचास हज़ार और दो तृतीय विजेताओं को पच्चीस हज़ार की पुस्कार राशि दी जायेगी ।

# खबरें चलते-चलते

## जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में आगामी 14 जनवरी से 22 जनवरी तक एक सप्ताह प्रत्येक देव मंदिर में भजन-कीर्तन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम कराये जाएंगे। इसके लिए सभी तैयारियां पहले से ही पूर्ण कर ली जाएं। उक्त निर्देश जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ला ने सम्बन्धित अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में दिये। डीएम ने निर्देशित करते हुए कहा कि इस अवसर पर मंदिरों में दीप प्रज्जवलन एवं दीपदान के साथ-साथ राम कथा प्रवचन, अनवरत रामचरित मानस का पाठ, सुन्दरकाण्ड व हनुमान चालीसा आदि कार्यक्रमों को बड़े हर्षोल्लास के साथ कराए जाएं। मंदिर का नाम, प्रबंधक एवं पुजारी का नाम पोर्टल में दर्ज किया जाए। कहा कि तहसीलवार, ब्लॉकवार, जनपदवार और नगरी निकाय स्तर पर मंदिरों का चयन कर सूची संबंधित थानों में उपलब्ध करा दी जाए। जीपीएस लोकेशन भी होना चाहिए। ग्राम पंचायत और नगरी क्षेत्र में कितने मंदिर और कहां-कहां कार्यक्रम होना सुनिश्चित हुआ है, की सूची उपलब्ध कराई जाए। कहा कि यह कार्यक्रम दीपावली पर्व की तरह ही मनाया जाएगा। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश देते हुए कहा कि नगर में साफसफाई कराने के साथ साज सज्जा कराई जाए। ग्राम पंचायत में पंचायती विभाग साफसफाई पर विशेष ध्यान दे। मंदिरों में बिजली, पेयजल, साफसफाई की व्यवस्था पूर्व से ही सुनिश्चित कराए। कहा कि कार्यक्रम सकुशल शांतिपूर्वक संपन्न होना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर आवागमन ज्यादा रहेगा, किसी को कोई बाधा नहीं होना चाहिए। सतर्कता के साथ निगरानी होनी चाहिए, कोई भी प्रोग्राम हटकर ना हो, सभी प्रोग्राम की जानकारी होना चाहिए।

## अरोपी को दोषी पाते हुये 5 वर्ष का कठोर कारावास एवं 5000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया

**छिबरामऊ कन्नौज।** अभियुक्तगणो द्वारा जेब से पर्स छीन लेना जिसमें 4600 रूपये थे के सम्बन्ध में थाना छिबरामऊ में जिसकी विवेचना सम्पादित कर अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध आरोप न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशन में अभियुक्तों को सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया था। कन्नौज पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुये न्यायालय ए0डी0जे0 / एफ0टी0सी0 प्रथम कन्नौज द्वारा अभियुक्त अजय पुत्र स्व0 रूप सिंह कंजड निवासी मो0 ककरईया कोतवाली छिबरामऊ जनपद कन्नौज को 5 वर्ष का कठोर कारावास व 5000 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया।

## जान से मारने की धमकी, गली गलौज का प्रार्थना पत्र कोतवाली में दिया

**छिबरामऊ कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर निवासी अनूप कुमार दुबे पुत्र जगदानंद ने प्रभारी निरीक्षक को लिखित प्रार्थना पत्र देकर सूचित किया कि गांव के ही दबंगों द्वारा दरवाजे के सामने कूड़ा डालने को लेकर गली गलौज कर और जान से मारने की धमकी देते हुए मना करने पर गाली गलौज हुआ घर में घुसकर जान माल की धमकी देने का प्रार्थना पत्र कोतवाली में दिया।

## उर्वेश की हत्या मुंह दबाकर की गई थी आरोपी को मिली सजा आजीवन कठोर कारावास व 5000 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया

**छिबरामऊ तालग्राम कन्नौज।** पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ महोदय के निर्देशन में अभियुक्तों को सजा दिलाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया था। कन्नौज पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुये न्यायालय स्पेशल जज एससी/एसटी एक्ट कन्नौज द्वारा अभियुक्ता साहिबा पुत्री इकबाल निवासी मोहल्ला टीला थाना तालग्राम जनपद जनपद कन्नौज को आजीवन कठोर कारावास व 5000 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया।

# स्वर्गीय बेनीराम शाक्य की मूर्ति पर माला अर्पण कर पुण्यतिथि पर याद किया गया



छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**बिशनगढ़** क्षेत्र के ग्राम ररुआ के निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की मूर्ति पर सपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर उनके द्वारा किए हुए कार्यो को सराया। ग्राम ररुआ के निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बेनीराम शाक्य की मूर्ति पर सपा जिला सचिव देवेंद्र कुमार यादव के साथ सैकड़ो सपा कार्यकर्ताओं ने स्वछता संग्राम सेनानी के ग्राम पहुंचकर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा स्वतंत्रता संग्राम में किए हुए संघर्ष को याद किया कार्यक्रम में गंगा देवी शाक्य अवध बिहारी लाल बहादुर अर्पित यादव शिविर सिंह आदेश शाक्य संतोष शाक्य कमलेश शाह के बटेश्वर भूपेंद्र विवेकानंद कमल सहित सहित ग्रामवासी मौजूद रहे कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण।

# कृषि वैज्ञानिकों ने झुलसा रोग से बचाव के लिए किसानों को दी सलाह

- आलू की फसल में पिछेती झुलसा रोग से बचाव हेतु वैज्ञानिकों ने क्षेत्र में किया भ्रमण, किसानों को किया जागरूक

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज



**कृषि विज्ञान** केन्द्र अनौगी एवं उद्यान विभाग कन्नौज द्वारा अलग-अलग क्षेत्रों में भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया स जिसमें कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ वी.के. कनौजिया, जिला उद्यान अधिकारी सी0पी0 अवस्थी, उद्यान वैज्ञानिक डॉ अमर सिंह एवं मृदा वैज्ञानिक डॉ अरविन्द कुमार एवं मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव क्षेत्र के देवीपुरवा, डिगसरा, बहेलियनपुरवा, अलीनगर एवं कन्नौज ब्लॉक के ग्राम-रामपुर एवं जलालपुर पनवारा में आलू की फसल का निरीक्षण किया गया। जिसमें आलू की फसल में पिछेती झुलसा रोग के लक्षण पाये गये यदि मौसम इसी प्रकार खराब रहता है तो रोग से उत्पादन में 8 से 10 प्रतिशत तक कमी आ सकती है। रोग से गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है। क्योंकि इस समय वातावरण में न्यूनतम तापक्रम 7से 8 डिग्री सेल्सियस तथा आद्रता 85 से 88 प्रतिशत के आसपास है। अधिक आद्रता पिछेती झुलसा रोग के फैलाने में मदद कर रही है। इन संभावनाओं को देखते हुऐ सलाह दी कि इस रोग के कारण पौधों की पत्तियां किनारे से ऊपर की तरफ हल्की सी मुड़ने लगती हैं तथा किनारे से सूखने लगती हैं और सुखा हुआ भाग धीरे-धीरे कुरकुरा होने लगता है जिसे तोड़ने पर आसानी से टूट जाता है। जिन क्षेत्रों में झुलसा के लक्षण दिखाई नहीं दे रहे हैं उन स्थानों पर मैनकोजेब 63 की 2 से 2.5 किग्रा/हे. की दर से पानी में घोल कर 7 से 10 दिनों के अंतराल पर छिड़काव करें। परंतु जहां रोग का प्रकोप हो गया है अथवा प्रारंभ हो रहा है वहां इसकी रोकथाम के लिए मेटालैक्सिल 8 . मैनकोजेब 64 च् ( रेडोमिल गोल्ड ) की 2.5 ग्राम दवा अथवा साइमोक्सनील 8. मैनकोजेब 64 च् ( कार्जेट ) की 3 ग्राम दवा प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें अथवा अजोक्सीस्ट्रोबिन 11. ट्यूबुकोनाजोल 18.3 की 1.5 मिली दवा प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर 7 से 10 दिनों के अंतराल पर छिड़काव करें तथा दवा के साथ स्टीकर अवश्य मिलाएं। फसल की निरंतर निगरानी करते रहें और उपरोक्त फफूंदनाशी में से कोई एक का सावधानी पूर्वक छिड़काव करें।

# असहाय व गरीबों को बांटे गए निशुल्क कंबल



निशुलक कंबल वितरित करती विधायक अर्चना पांडेय — समृद्धि न्यूज

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज

- विधायक व एसडीएम ने किया वितरण

**सरकार की** योजनाओं का लाभ गरीब व जरूरतमंद लोगों तक पहुंच रहा हैं। जनता को भीषण सर्दी से राहत दिलाने के लिए सरकार के द्वारा निशुल्क कंबल वितरण कराया जा रहा है। यह बात छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडेय ने कंबल वितरण के दौरान कही। गुरुवार को नगर के जीटी रोड स्थित निरीक्षण भवन में निशुल्क कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडे ने 580 गरीब और जरूरतमंद लोगों को भीषण सर्दी से निजात दिलाने के लिए निशुल्क कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर विधायक अर्चना पांडे ने कहा कि बिना भेदभाव के गरीब और जरूरतमंदों को सरकार की योजनाओं और सहायता का लाभ पहुंचाया जा रहा है। कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा सरकार पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएंगी। इस दौरान उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी, नायब तहसीलदार शिखर मिश्रा, संतोष चतुर्वेदी, राजीव ठाकुर अमरदीप मिश्रा, लेखपाल कौशल पांडे, अभिनव कुमार सहित आदि लोग मौजूद रहे।

**जागरुकता** | 25 ट्रैफिक वॉलिंटियर्स स्वयंसेवा देने के लिए आगे आएं, ट्रैफिक वॉलिंटियर्स को यातायात प्रभारी ने दिया प्रशिक्षण

# ट्रैफिक वॉलिंटियर, यातायात पुलिस के साथ करेंगे लोगों को जागरूक

कन्नौज,समृद्धि न्यूज






**पुलिस अधीक्षक** अमित कुमार आनंद के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी यातायात प्रियंका वाजपेई के नेतृत्व में गुरुवार को नेहरु युवा केन्द्र की जिला युवा अधिकारी प्रतिमा वर्मा के सहयोग से माया देवी इंटर कॉलेज में ट्रैफ्कि वॉलिंटियर को यातायात नियमों के प्रति एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजिन किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला मे यातायात प्रभारी आफ़क़ खान ने ट्रैफ्कि वॉलिंटियर्स को यातायात नियमों की महत्वपूर्ण जानकारी दी।

प्रशिक्षण कार्यशाला में यातायात प्रभारी आफाक खान ने ट्रैफ्कि वॉलिंटियर्स को बताया कि दुर्घटनाओं को रोकने का सबसे अच्छा उपाय आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना ही है। अगर ट्रैफ्कि वॉलिंटियर्स यातायात पुलिस के साथ आम जनता को जागरूक करने का काम करेंगे तो इसका असर लोगों में और ज्यादा पड़ेगा। यातायात प्रभारी ने बताया कि जो वॉलिंटियर्स है यह देहात क्षेत्र के हैं यह सभी अपने-अपने क़स्बों में और गांव में लोगों को जागरूक करेंगे, तो पूरे जनपद कन्नौज में यातायात जागरूकता का माहौल बनेगा और लोग दुर्घटनाओं से बचेंगे। उन्होने कहा कि 11 जनवरी से 17 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है जिसमें 25 ट्रैफ्कि वॉलिंटियर्स स्वयंसेवा देने के लिए आगे आए हैं, जिनको यातायात नियमों की जानकारी देकर प्रशिक्षित किया गया है। उन्होने हिट एंड रन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि भारत सरकार द्वारा हिट एंड रन में मरने वाले के परिवार को दो लाख रुपए और गंभीर रूप से घायल को पचास हजार रुपए की सहायता दी जाती है। घायलों की मदद करने के लिए लोगों को जागरूक करना बेहद जरूरी है, क्योंकि लोग पुलिस प्रक्रिया से डरने के कारण घायलों की मदद नहीं करते हैं। जबकि अब मदद करने वाले व्यक्ति को नेक व्यक्ति के नाम से जाना जाएगा और उससे कोई पुलिस अधिकारी या चिकित्सा अधिकारी पूछताछ नहीं कर सकते हैं। यदि किसी व्यक्ति द्वारा किसी सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाने का काम किया गया तो उसको उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से पांच हजार रुपए एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। सड़क क्रॉस करने के लिए ग्रीन क्रॉस कोड के बारे में और कार का दरवाजा खोलने के लिए दूर हाथ विधि के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। हेलमेट न लगाने के कारण 18 साल से 45 साल की उम्र के नौजवानों की 69 परसेंट मौत के बारे में, सीट बेल्ट न लगाने के कारण और शराब पीकर वाहन चलाने के कारण किस तरह से गंभीर सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं विस्तार से समझाया गया।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़









# नोडल अधिकारी ने कान्हा गौशाला व गौवंश आश्रय स्थल याकूतगंज का किया निरीक्षण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

- दोनों गौशालाओं में कुल 443 मिले गौवंश, पशुओं का टीकाकरण कराने के दिये निर्देश
- गोबर से पेंट बनाने के सम्बन्ध में योजना तैयार करने के भी सीडीओ को दिये निर्देश

**विशेष सचिव** चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश/गौ संरक्षण अभियान के जनपद के नोडल अधिकारी द्वारा आज दोपहर 1.30 बजे कान्हा गौशाला कमालगंज का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, परियोजना निदेशक जिला ग्राम विकास अभिकरण, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कमालगंज, खंड विकास अधिकारी कमालगंज एवं नायब तहसीलदार सदर उपस्थित रहे। कान्हा गौशाला में 286 गोवंश बताए गए। गौशाला में न पशुओं को छोटे पशुओं से अलग रखा गया है तथा सभी पशुओं का टीकाकरण कराया गया है। इसके अतिरिक्त पूर्व में पशुओं को लंपी डिजीज के टीके लगाए गए हैं। गौशाला में 5 केयर टेकर कार्य कर रहे हैं। जनपद के नोडल अधिकारी शिवसहाय अवस्थी द्वारा जनपद में अभियान के दौरान पकड़े गए गौवंशों की जानकारी की गई तथा वर्तमान समय में जनपद की गौशालाओं में संरक्षित गोवंश की जानकारी की गई है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि अभियान के दौरान लगभग 4500 गौवंशों का संरक्षण कराया गया है तथा जनपद की गौशालाओं में लगभग 13000 गौवंश संरक्षित है। नोडल अधिकारी द्वारा उपस्थित मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया कि जनपद में नस्ल सुधार अभियान चलाया जाए तथा जिन गोवंशों की मृत्यु हो जाती है उनका डेथ ऑडिट कराकर रजिस्टर में दर्ज कराया जाए। साथ ही गोबर से पेंट बनाने के सम्बंध में योजना तैयार करने के भी निर्देश दिए गए। इसके अलावा नोडल अधिकारी द्वारा अपराह्न 3.00 बजे गौवंश आश्रय स्थल याकूतगंज का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी बढ़पुर, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, पशु चिकित्सा अधिकारी एवं ग्राम सचिव उपस्थित रहे। निरीक्षण के समय गौशाला में गोवंशों की संख्या 157 बताई गई। जिनकी गिनती कराने पर 157 गोवंश पाए गए। उपस्थित पशु चिकित्सा अधिकारी से ईयर टैगिंग व टीकाकरण की जानकारी करने पर पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया की अभियान के दौरान पकड़े गए 3-4 गौवंशों को छोड़कर सभी की ईयर टैकिंग कराई गई है। नए गौवंश को छोड़कर समस्त गौवंशों का टीकाकरण करा दिया गया है। गौशाला में चारा, भूसा, पानी इत्यादि की व्यवस्था ठीक पाई गई तथा अभिलेखों की जानकारी करने पर समस्त अभिलेख पाए गए। मृतक गोवंशों का डेथ ऑडिट कराने के निर्देश दिए गए। जिस पर पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया कि पशुओं का डेथ ऑडिट कर रजिस्टर में दर्ज कराया कराया जाता है। डेथ ऑडिट रजिस्टर नोडल अधिकारी को दिखाया गया।



कान्हा गौशाला का निरीक्षण करती नोडल अधिकारी

# नव निर्मित सड़कों का नदीम फारूखी ने फीता काटकर किया उद्घाटन

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**शमशाबाद** नगर के मोहल्ला पलिया के वार्ड नंबर 8 गांधीनगर जहां नगर पंचायत कार्यालय शमशाबाद की ओर से दो स्थानों पर लाखों की कीमत से पेपर ब्रिक मार्ग का निर्माण कराया गया था। मार्ग का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम अहमद फारूखी अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचे तथा फीता काटकर दोनों मार्गों का उद्घाटन किया। बताया गया है यहां केसराम के घर से जयराम कटेरिया के घर तक तथा राजेंद्र प्रसाद के घर से रामशरण के घर तक पेपर ब्रिक मार्ग का निर्माण कार्य कराया गया है। उद्घाटन के दौरान मोहल्ला पलिया गांधी नगर वार्ड नंबर 8 के लोगों ने नगर पंचायत शमसाबाद अध्यक्ष जोया शाह फारूकी मार्ग बनवाए जाने पर प्रसन्नता जाहिर की। उन्होंने कहा कि इससे लोगों को काफी सहूलियत होगी। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नदीम अहमद फारूकी, पूर्व ग्राम प्रधान मूलचंद यादव, सभासद जय शरण प्रजापति, पूर्व ग्राम प्रधान चंद्रपाल के अलावा प्रभु दयाल, ज्ञान सिंह पाल, नंदराम राठौर सहित तमाम लोग मौजूद रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभात दीपक श्रीवास्तव ने दी।



सड़क का उद्घाटन करते नदीम अहमद फारूकी व मौजूद क्षेत्रीय लोग

# खबरें चलते-चलते

## पत्नी को गोली मारने वाले पति पर दोषसिद्ध

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जानलेवा हमले के मामले में विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह प्रथम ने अभियुक्त अर्जुन कुमार को दोषी करार दिया। सुनवाई की तिथि 12 जनवरी की नियत की गई है। वर्ष 2018 में नन्ने पुत्र गुड्डू निवासी अम्बेडकर नगर नरकसा कोतवाली फर्रुखाबाद पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया था कि उसकी बहन ने अर्जुन दिवाकर पुत्र महेश चन्द्र निवासी मोहल्ला अधैया कोतवाली से प्रेम विवाह किया था। बहन का अर्जुन दिवाकर से मन-मुटाव चल रहा था। जिस कारणा वह अपने घर नरकसा में रह रही थी। 17 अगस्त 2018 को सुबह 7 बजे मेरी बहन नैना मां राजकुमारी के साथ काम करने जा रही थी। चमड़ा मण्डी के सामने अर्जुन ने रोक लिया और जान से मारने की नियत से बहन के पेट में गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गयी। मां ने आसपास के लोगों की मदद से एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। जहां से लोहिया रेफर कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 307 व 3/25/27 के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष व शासकीय अधिवक्ता की कुशल पैरवी के आधार पर विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार सिंह प्रथम ने अभियुक्त अर्जुन कुमार को दोषी करार दिया। सुनवाई की तिथि 12 जनवरी की नियत की गई है।

## गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने युवक को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** घर के दरवाजे पर शराबी युवकों द्वारा गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने युवक के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बीसलपुर बांगर निवासी हुकुम सिंह पुत्र कश्मीर सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आज वह अपने घर के दरवाजे पर खड़ा था, तभी उनके ही गांव के दबंग लोग शराब पीकर आए और गाली-गलौज करने लगे। जब पीड़ित ने दरवाजे पर गाली-गलौज करने का विरोध किया, तो उक्त दबंगों ने धमकी दी कि यदि तू ज्यादा बकवास करेगा तो तुझको गांव में रहना भुला दूंगा और पीड़ित के साथ डंडों से मारपीट की। जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित थाने पहुंचा और घटना के संबंध में गांव के ही आरोपी जिलेदार, हवलदार पुत्रगण शीशराम तथा शिवकेश पुत्र जिलेदार, भूदेव पुत्र हवलदार के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने पीड़ित को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## मौसी के यहां युवती प्रेमी के साथ फरार

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** मौसी के यहां पिता के साथ घूमने आई युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गयी। पीड़ित पिता ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। जनपद औरैया के थाना बेला के गांव धर्मनगादपुर निवासी मुन्नू सिंह पुत्र बाबू सिंह ने नवाबगंज थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीते दो दिन पूर्व अपने साढ़ू अरविंद कुमार पुत्र श्यामल सिंह निवासी ग्राम डबऊआ थाना नवाबगंज के यहां अपनी पत्नी रीमा देवी तथा दो पुत्रियां के साथ आया था। साढ़ू अरविंद कुमार राजस्थान के कस्बा धौलपुर भिवानी में नौकरी करता है। उसके साथ वह भी नौकरी कर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। वहीं धौलपुर भिवानी में ही ऋषिकेश पुत्र सुरेश सिंह निवासी कंचनपुर थाना कंचनपुर जनपद धौलपुर भी नौकरी करता था। बीते शाम 4.00 बजे वह अपनी साली तथा पत्नी व दोनों पुत्रियों के साथ कस्बा नवाबगंज में बाजार करने आया था, तभी बाजार करते समय एक पुत्री उम्र करीब 15 वर्ष के फोन पर एक कॉल आई, तो उसने पुत्री से पूछा कि किसकी कॉल थी। तो वह बोली की ऋषिकेश की कॉल थी। जब पीड़ित के बताए अनुसार उसने फोन पर बात की तो ऋषिकेश ने बताया कि हम भी यही नवाबगंज में हैं। इतनी बात कहकर वह चल दिया और पुत्रियां भी पीछे-पीछे चल दी। चौराहे पर आते समय किसी वक्त आंख बचाकर उसकी एक पुत्री गायब हो गई और वह ऋषिकेश के साथ भाग गई। पीड़ित ने काफीखोज भी न की, लेकिन उसका कोई अता पता नहीं चला। तब पीड़ित थाने आया और थाना पुलिस को राजस्थान के जनपद धौलपुर थाना कंचनपुर के गांव कंचनपुर निवासी ऋषिकेश पुत्र सुरेश सिंह के विरुद्ध पुत्री को पहला फुसलाकर भगा ले जाने की तहरीर दी। पुलिस ने मामले में जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

# माफिया अनुपम दुबे के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट में 1135 पृष्ठों का आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

- 113 करोड़ 18 लाख 13 हजार 479 रुपये रुपये की कुर्की

**पुलिस ने** माफिया अनुपम दुबे के गिरोह के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में 1135 पृष्ठों का आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिया है। मालूम हो कि 13.11.2021 को कोतवाली फर्रुखाबाद के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ल द्वारा कोतवाली फर्रुखाबाद पर मु0अ0सं0 899/2021 धारा 3 (1) उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द एवं समाजविरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें अनुपम दुबे पुत्र महेश चन्द्र दुबे नि0 हाल पता मो0 कसरट्टा थाना कोतद्ध फतेहगढ़ मूल निवासी ग्राम सहसापुर थाना मोहम्मदाबाद अनुराग दुबे उर्फ डब्बन दुबे, अभिषेक रस्तोगी उर्फसोनू रस्तोगी पुत्र पन्ना लाल रस्तोगी, पंकज रस्तोगी उर्फ वंशी रस्तोगी पुत्र पन्नालाल रस्तोगी निवासी वृन्दावन गली थाना कोतवाली फर्रुखाबाद को आरोपी बनाया गया था। जिसकी विवेचना प्रभारी निरीक्षक थाना मऊदरवाजा सम्पादित गई।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पूरक गैंगचार्ट दिनांक 06.11,2023 को अभियुक्तगण विनय दुबे उर्फ सोनू पुत्र स्व0 उमेशचन्द्र दुबे निवासी मोहल्ला नवाब न्यामत खाँ कोतवाली फर्रुखाबाद, संदीप पाठक उर्फ अक्कू पाठक पुत्र सत्य प्रभाकर पाठक निवासी बागकूंचा महावीरगंज, गौरव गुप्ता पुत्र हरिबाबू गुप्ता निवासी बूरावाली गली, देवेन्द्र मिश्रा उर्फ डब्बू मिश्रा पुत्र काशीनाथ मिश्रा निवासी कटरा बू अली खाँ, अभिषेक उर्फ अभि दुबे पुत्र बृजेश कुमार दुबे निवासी मोहल्ला घेर श्यामू खाँ निकट घूँघट पैलेस। गौरव गुप्ता उर्फ रज्जू पुत्र वीरेन्द्र गुप्ता निवासी वृन्दावन गली बाग कूंचा, संदीप दुबे पुत्र नरेश दुबे निवासी घेर श्यामू खाँ निकट घूँघट पैलेस कोतवाली फर्रुखाबाद का नाम प्रकाश में आया। विवेचना में अभियुक्त अपने साथियों के साथ मिलकर आर्थिक एवं भौतिक लाभ प्राप्त करने हेतु अवैध शस्त्रों से लैस होकर घर में घुसकर जान से मारने की नीयत से फायर करना, हत्या का प्रयत्न करना व हत्या जैसे जघन्य अपराध कारित कर दहशत फैलाकर रंगदारी के रूप में धन की मांग कर. अवैध धन के लिए वसूली के लिए आपराधिक षड्यंत्र व गंभीर प्रकृति के अपराध कारित करके अवैध कृत्यों एवं अपराधों से अर्जित किये गये अवैध धन चल अचल सम्पत्ति अपने साथी व परिवारीजन के नाम एकत्रित की थी। इसके द्वारा अपराध करके अर्जित की गयी सम्पत्ति जो इसके एवं परिवारीजनों व अन्य सहयोगी सदस्यों के नाम 65 अचल सम्पत्ति, 14 वाहन एवं 40 बैंक खातों को कुर्क किया गया। जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 113 करोड़ 18 लाख 13 हजार 479 रुपये है, को उ0प्र0 गैंगेस्टर अधिनियम की धारा 14 (1) के अंतर्गत कुर्क किया गया। मुकदमा उपरोक्त में अभियुक्त अनुपम दुबे एवं सह अभियुक्तगण अनुराग दुबे उर्फ डब्बन, पंकज रस्तोगी एवं अभिषेक रस्तोगी के विरुद्ध 1135 पृष्ठों का आरोप पत्र न्यायालय प्रेषित किया गया।



न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल करने जाती पुलिस

## रावतपुर थाना के थानाध्यक्ष न्यायालय में तलब

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ने वसूली वारंट की तामील न कराने पर कानपुर नगर के रावतपुर थाने के थानाध्यक्ष को कारण बताओं नोटिस जारी कर 22 जनवरी को न्यायालय में तलब किया गया है। अपर प्रधान न्यायाधीश अंजू कंबोज ने आज शाहीन शिफा बनाम अब्दुल गनी वाद संख्या 36/11/2013 की सुनवाई करते हुए न्यायालय द्वारा जारी आदेशिका तामील कराकर वापस न करने पर कानपुर जनपद के रावतपुर थाने के थानाध्यक्ष के प्रति गहरी नाराजगी जाहिर की और थानाध्यक्ष रावतपुर को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 20 जनवरी को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का आदेश जारी किया। अपने आदेश में न्यायाधीश ने कहा है कि यदि जनपद कानपुर नगर के रावतपुर थानाध्यक्ष न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं तो उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# लूट की योजना बना रहे चार को पुलिस ने दबोचा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**पुलिस ने** लूट/चोरी की योजना बनाते 04 अभियुक्तों को अवैध शस्त्रों व उपकरणों सहित गिरफ्तार कर लिया।

अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली पुलिस द्वारा बीते दिन 04 अभियुक्तों आकाश सक्सेना उर्फ माईवाला पुत्र श्याम सक्सेना उर्फ छिद्दू हाल निवासी तलैया फजल इमाम तथा मूल निवासी ट्रान्स यमुना कालोनी थाना एत्मादौला जनपद आगरा, अमित प्रजापति पुत्र हरिओम प्रजापति निवासी विशुनगढ़ रोड मोहल्ला रामपुर बैजू थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज, मदन कुमार पुत्र सर्वेश कुमार निवासी लोधापुर उर्फ नन्दलालपुर थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज, नेम बाबू पुत्र राम दत्त निवासी लोधापुर उर्फ नन्दलालपुर थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज को 02 देशी तमंचा 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 लोहा की राड, 01 चाबी का गुच्छा जिसमे 19 चाबियां, 01 टार्च, 01 हथौड़ी, 01 छैनी, 01 प्लास, 02 पेंचकस एक छोटा व एक बड़ा, 02 आरी के ब्लेड, 01 राड लोहा, 01 लोहे की सडासी, 01 बजाज ऑटो संख्या यू.पी.74टी9722 आदि सामान सहित गिरफ्तार कर कर लिया। पुलिस ने उपरोक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग पराग मिल्क पार्लर के मालिक जो दिन भर की बिक्री का रूपया एक थैले में मोटर साईकिल से आवास विकास की ओर ले जाते हैं की रैकी हमने पूर्व में ही कर ली थी। आज हम लोग ऑटो में बैठकर पराग मिल्क पार्लर के मालिक के थैले को लूटकर ले जाने की योजना में खड़े थे। दिनांक 8 नवंबर 2023 को आवास विकास में आकाश उर्फ माईवाला व अमित प्रजापति ने एक महिला की चैन लूटने का प्रयास किया था, किन्तु सफल ना होने के कारण हम लोग मौके से भाग गये थे। आकाश सक्सेना पर जनपद आगरा में 15 मुकदमा तथा एक मुकदमा फर्रुखाबाद कोतवाली व एक मुकदमा थाना कादरीगेट में दर्ज है। जबकि अमित प्रजापति पर दो मुकदमा जिनमें एक मुकदमा फर्रुखाबाद कोतवाली व एक मुकदमा थाना कादरीगेट में दर्ज है। अभियुक्त मदन व नेमबाबू पर एक-एक मुकदमा फर्रुखाबाद कोतवाली में दर्ज है।



तमंचा कारतूस के साथ पकड़े गये आरोपी — समृद्धि न्यूज

# जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट में नौ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कमालगंज, समृद्धि न्यूज

**तमजीद खॉ** पुत्र इदरीश खां निवासी ग्राम नगला दाऊद खां का जमीनी विवाद तौफीक खां पुत्र रब्बन खां से काफी समय से चल रहा है। बुधवार को समय करीब 5 बजे पुनः विवाद हुआ। जिससे एक राय होकर वसीम, तौफीक खां पुत्रगण रब्बन खां, आमिर खां, मुन्ना खां पुत्रगण अकबर खां अक्कू उर्फ अरशद पुत्र युसुफ खां, शानू, शादाब पुत्रगण अकील खां, बाबर खां पुत्र शराफत खां, ईसान खां पुत्रगण इरशाद खां निवासी ग्राम नगला दाऊद अपने हाथों में नाजायज असलाह तमंचा व धारदार हथियार चाकू, टकोरा आदि लिये थे आते ही सभी ने मां बहिन की गन्दी-गन्दी गालिां देना शुरु कर दिया। गालियां देने से मना किया, तो सभी लोग जान से मारने की नियत से तमंचे से व हथियार से हमला कर दिया। जान बचाकर सभी लोग अपने घर में घुस गये। सभी ने घर के अंदर से पकड़कर खींचा व मारपीट की। मारपीट में तौहीद खां के सर में तमंचे की बट से हमला किया। जिससे वह तुरंत ही जमीन पर गिर गया। जुनैद खां, तमहीद खां पुत्रगण इदरीश खां, नाजिम खां, हनीफ खां को पकड़कर जान से मारने की नियत से मारपीट की व तमंचे से फायर किया और मारपीट में सभी के मोबाइल व जेबों रखे पैसे घटनास्थल पर गिर गये। मारपीट में हम सब लोगों के काफी चोटें आयी हैं और जाते समय जान से मारने की धमकी देते हुए चले गये। मारपीट में नाजिम के बायें पैर की हड्डी टूट गयी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर 9 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# लकड़ी माफियाओं ने रात के अंधेरे में दस हरे पेड़ों पर चलाये आरे

- पुलिस की मिलीभगत के चलते हौसले बुलंद

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**शहर तथा** ग्रामीण क्षेत्रों में लकड़ी माफियाओं द्वारा प्रतिबंधित हरे पेड़ों को पुलिस की मिलीभगत के चलते रात के अंधेरे में काटा जा रहा है। लकड़ी माफिया जहां एक ओर प्रतिबंधित पेड़ों को कटवाकर प्राकृतिक पर्यावरण से खिलवाड़ कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सरकार के उन अरमानों पर भी पानी फेर रहे जिनके तहत सरकार हर वर्ष वृक्षारोपण अभियान चलाकर लाखों वृक्ष लगवाती है। बताते हैं बीते दिवस की रात्रि को भी शमशाबाद के ही लकड़ी माफिया काले व शारिक ने शमशाबाद नगर के मोहल्ला चौखंडी में आम के हरे भरे पेड़ों को कटवा दिया था। शमसाबाद क्षेत्र के ही एक लकड़ी माफिया बड़े व लालू ने दुस्साहस का परिचय देते हुए रात के अंधेरे में एक दर्जन से भी ज्यादा प्रतिबंधित हरे भरे वृक्षों को काट दिया। जिसमें शमशाबाद के एक लकड़ी माफिया बड़े व लालू ने ग्राम किसरोली में तीन हरे आम, 10 बेल तथा चांदनी सहित एक दर्जन से अधिक हरे भरे वृक्षों पर कुल्हाड़ी चलवा दी। पेड़ कटवाए जाने के बाद रातोंरात उन्हें ठिकाने लगाने की कोशिश की गई।

कुछ ग्रामीणों द्वारा लकड़ी से भरे ट्रैक्टर ट्राली को जब गुजरते हुए देखा तो, वन विभाग को सूचना दी। जब तक वन कर्मचारी मौके पर पहुंचे, तब तक लकड़ी माफिया मौके से फरार हो चुके थे। बताते हैं क्षेत्र के ही लकड़ी माफिया बड़े व लालू ने तो यहां तक कह दिया जो भी उसके कार्य में बाधक बनेगा अंजाम भुगतने को तैयार रहे।

ज्ञात हो कि इस समय शमशाबाद क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक लकड़ी माफिया शारिक, दानिश, मंसूर, छोटे, राशिद, रसीद, काले, राजू, भूरा, इस्सू, गुड्डा, नकीस, शमीम, फिरोज, सुल्तान सक्रिय हैं जो प्रतिदिन सैकड़ों प्रतिबंधित वृक्ष काटने का कार्य करते हैं।



किसरोली में काटे गये बेल व चॉदनी के पेड़

## पुलिस ने तमंचा सहित युवक को दबोचा

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने रसूलपुर चौराहे के पास से थाना क्षेत्र के गांव खलवारा निवासी राजू यादव पुत्र कप्तान सिंह को एक तमंचा व दो कारतूस सहित गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

संकल्प यात्रा

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# कई योजनाओं का लाभ आज जनता को सीधा मिल रहा

अमृतपुर, समृद्धि न्यूज

**विकसित** भारत संकल्प यात्रा गुरुवार को जनपद की ग्राम सभा अमृतपुर कस्बा में स्थापित संविलियन विद्यालय के प्रांगण में पहुंची। जहां पर कार्यक्रम का आयोजन अमृतपुर ग्राम प्रधान सचिन देव तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमृतपुर विधायक सुशील कुमार शाक्य व कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ भाजपा के प्रदेश सहसंयोजक भास्कर दत्त द्विवेदी कार्यक्रम में मुख्य रूप से पहुंचे। जिन्होंने बारी-बारी से जनता को सरकार के द्वारा चलाई जा रही विभिन्न प्रकार की योजनाओं के बारे में अवगत कराया। विधायक सुशील शाक्य ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आज उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार में जनता के हित के लिए तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं। जैसे कि किसान सम्मन निधि, उज्वला योजना, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, मुफ्त राशन वितरण सहित कई ऐसी योजनाएं हैं जिनका लाभ सीधा जनता को मिल रहा है।

वहीं भास्कर दत्त द्विवेदी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश में गुंडाराज बिल्कुल खत्म हो गया है। गुंडे या तो जेल में है या फिर प्रदेश छोड़कर बाहर चले गए। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के विषय में लोगों को जागरुक करते हुए कहा आज देश में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वाधिक पात्रों तक इसका सीधा लाभ पहुंच रहा है। हर घर में शौचालय, हर घर में जल की व्यवस्था प्रधानमंत्री द्वारा की गई है एवं अन्य कई ऐसी योजनाएं हैं जिनका लाभ सीधा जनता को दिया जाएगा। अगर किसी भी अधिकारी या कर्मचारियों ने जनता की बात को गंभीरता से नहीं सुना तो उसके खिलाफ तुरंत ही कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम के बीच में ही ग्रामीणों ने भास्कर दत्त द्विवेदी से पानी की टंकी के द्वारा गांव में सप्लाई न देने की शिकायत की गई। जिस पर उन्होंने जल विभाग के जेई अखिलेश कुमार से सख्त लहजे में 15 दिन के अंदर समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का कार्यक्रम किया गया एवं नौनिहाल बच्चों का अन्नप्राशन भी किया गया। अत्रेय इंडियन गैस एजेंसी की संचालिका सुनीता रानी व विधायक ने उज्वला योजना के पात्रों को गैस चूल्हा व पासबुक वितरित की। किसान सम्मन निधि पाने वाले किसानों को विधायक के द्वारा प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह, मंडल महामंत्री नीरज अवस्थी, मंडल उपाध्यक्ष आलोक बाजपेई, प्रिंस चौहान, बीडीओ राजेपुर कौशल किशोर गुप्ता, एडीओ पंचायत अजीत पाठक, एडीओ कृषि विभाग डॉ0 गौरव वर्मा, पूर्ति निरीक्षक अमित चौधरी, प्रधानाध्यापक शिवदत्त शुक्ला आदि अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।




कार्यक्रम में संबोधित करते भाष्करदत्त द्विवेदी व मौजूद जनप्रतिनिधि आदि — समृद्धि न्यूज

# मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मतदान प्रतिशत** बढ़ाए जाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी बूथ लेवल अधिकारियों और सुपर वाइजर की कार्यशाला का आयोजन हुआ। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु मतदान का प्रतिशत बढ़ाए जाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी (स्वीप) अरविंद कुमार मिश्र द्वारा विकास भवन सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें चारों विधानसभा क्षेत्र के स्टेट लेवल से कम मतदान वाले बूथों के बूथ लेवल अधिकारियों और सुपरवाइजर की कार्यशाला को संबोधित करते हुए बताया कि विगत लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2019 में 787 और वह सामान निर्वाचन 2022 में स्टेट एवरेज से कम मतदान वाले बूथों पर मतदाताओं ने काम मतदान किया। इसका कारण क्या है और आगामी लोकसभा सामान्य वचन 2024 में इसको कैसे बढ़ाया जा सकता है। सभी से अपने-अपने मतदान केंद्रों के बारे में लिखित रूप से जानकारी लेने के लिए पत्रक भी उपलब्ध कराए गए। जिन सभी बीएलओ ने अपने-अपने बूथों की स्थिति का विवरण जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा और उनकी टीम के दिव्यांगजन आइकॉन हुकुम सिंह और स्काउट मास्टर योगेश कुमार को उपलब्ध कराया। सीडीओ ने क्वालिटी चेकिंग के मानक ईपी एजेंडर रेशियो, 18से 19 वर्ष के नए मतदाता, दिव्यांगजन मतदाता, वृद्ध मतदाता आदि के माध्यम से मतदान के प्रतिशत को बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए उन्होंने अभी से सभी बीएलओ और सुपरवाइजर को आगाह करते हुए कहा कि वह अपना जवाब अपने स्तर से जरूर तैयार रखें। बूथ लेवल कमेटी का गठन करते हुए वहां के विद्यार्थियों द्वारा रंगोली प्रतियोगिता चित्रकला प्रतियोगिता पोस्टर प्रतियोगिता स्लोगन प्रतियोगिता आदि का आयोजन करते हुए मतदाता जागरूकता रैलियों का आयोजन कराया जाएगा तथा विद्यार्थियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने हेतु जिलाधिकारी की ओर से एक पत्रक भी जारी किया जाएगा कि मतदान दिवस पर सभी बच्चे अपने-अपने घरों से सभी को मतदान के लिए मतदान दिवस पर जागरूक करें तथा शत-प्रतिशत मतदान कराए जाने में सहयोग करें। इनके लिए सभी बूथों पर बूथ लेवल मतदाता जागरूकता कमेटी बनाई जाएगी। जिसमें प्रधानाध्यापक/इंचार्ज प्रधानाध्यापक, समस्त सहायक अध्यापक, अनुदेशक शिक्षामित्र, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा, एएनएम, सफाईकर्मी, रसोइया, कोटेदार, पंचायत सहायक, रोजगार सेवक, मीना मंच प्रभारी, आदि रहेंगे। जो मतदान दिवस पर टीम बनाकर घर-घर जाकर सभी को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे और बीएलओ का सहयोग करेंगे तथा मतदान के प्रतिशत को बढ़ाएंगे।



मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने की कार्यशाला में मौजूद अधिकारी व अन्य

# मतदान का महत्व बताकर दिलायी गई शपथ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**आर0पी0इंटर कॉलेज** कमालगंज में स्वीप कार्यशाला के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप कोऑर्डिनेटर सुधीर कुशवाहा के निर्देशन में स्काउट मास्टर गौरव शाक्य के द्वारा विद्यालय में आयोजित हुआ। कार्यशाला में मौजूद छात्र-छात्राओं व स्टाफ को मतदाता जागरुकता की शपथ दिलाई गई साथ मतदान का महत्व बताया गया और सभी को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बलविंदर सिंह ने विचार रखे। इस मौके पर रामवीर सिंह, संजीव सिंह, दशरथ सिंह राजपूत, अमिताभ सिंह, कुमारी राधा यादव, ममता प्रजापति, गंगाराम, रणजीत सिंह, सुनील कुमार, दिव्या शर्मा, हरेंद्र प्रताप, कुलदीप कुमार, राजेश कुमार, कैलाश चंद्र राठौर, शिवराम वर्मा, पुरुषोत्तम देव उपाध्याय उपस्थित रहे।



मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित करते गौरव शाक्य

# बैंक ऑफ इंडिया द्वारा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण सांस्थान में30 दिवसीय सेलफोन रिपेयरिंग एण्ड सर्विस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला विकास अधिकारी एस0के0 तिवारी ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण ले रहे 30 प्रशिक्षार्थियों को गहनता से प्रशिक्षण लेकर स्वरोजगार शुरू करने के लिए प्रेरित किया व उनके उज्जजवल भविष्य की कामनायें की। इस अवसर पर जिला अग्रणी प्रबधंक राजेंद्र प्रसाद ने बुके देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। आरसेटी निदेशक मो0 शाह नवाज ने विशिष्ट अतिथि जिला विकास प्रबंधक नबार्ड अनुपम दत्ता को बुके देकर स्वागत किया। संचालन आरसेटी फैकल्टी दिव्यांशु मिश्रा ने किया। उन्होंने कहा कि संस्थान में कई रोजगार परक प्रशिक्षण जैसे- ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट व महिला टेलर आदि निःशुल्क कराये जाते है। प्रशिक्षण के लिए पंजीकरण प्रत्येक दिवस में होते है। इस अवसर पर फैकल्टी योगेन्द्र पाल, कार्यालय सहायक सोमेन्द्र शर्मा, राहुल कुमार व प्रशिक्षार्थी अंकुर दुबे, मोहित कुमार, ब्रजभान सिंह, संतोष पाल आदि मौजूद रहे।



दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ करते बैंक अधिकारी

## बंदूक की बट से मारपीट कर किया घायल, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**कमालगंज** थाना क्षेत्र के ग्राम अखमेलपुर निवासी शुभम पुत्र सुरेंद्र ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया दिनांक 10 जनवरी को मैं अपने खेत में दवा छिड़क रहा था, तभी मलखान पुत्र ओमपाल सिंह, अभिषेक, सुलखान पुत्रगण बलराम सिंह, अलतू पुत्र मोहन, बलराम पुत्र संतराम निवासीगण उपरोक्त अपनी लाइसेंसी बंदूक के साथ मेरे खेत में आए और गाली-गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर बंदूक की बट से मारपीट कर घायल किया। मैं जान बचाकर अपने घर आया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# ग्राम भडौसा में स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेमोरियल मिशन अस्पताल के तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जनपद के ग्रामीण अंचल ग्राम भडौसा में मोहम्मद राशीद के निवास पर लगाया गया। स्वास्थ्य शिविर में नेत्र व दंत, स्त्री रोगों का परीक्षण कर दवाईयां वितरित की गई। डा0 निखिल प्रसाद ने दांतों का परीक्षण किया। निधि मिश्रा ने स्त्री रोग संबंधित महिलाओं का परीक्षण कर दवाईयां दी। लैब टैक्नीशियन संदीप लाल की टीम ने नेत्रों का परीक्षण किया। ऑप्टोमेट्रस आकाश लोयल व जीएनएम सपन, आकांक्षा, हिमांशु जैन आदि ने परीक्षण किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया।




शिविर में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक

## बार एसो0 ने विधि व्यवसाय रोकने के लिए डीजे व डीएम को भेजा पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बीते दिन जिला बार एसोसिएशन के महासचिव नरेश सिंह यादव ने जिला जज व जिलाधिकारी को एक पत्र जारी कर अधिवक्ता दीपक द्विवेदी को बार काउंसिल उत्तर प्रदेश द्वारा दिनांक 09.02.219 के आदेश से 10 वर्ष के लिए डिबार कर किसी भी न्यायालय, सक्षम न्यायालय, प्राधिकरण, न्यायाधिकरण के सक्षम अधिवक्ता के रुप में उपस्थित होने हेतु दस वर्षों के लिए प्रतिबंधित किया है। इसी क्रम में अधिवक्ता दीपक द्विवेदी ने कहा है कि राज्य विधिज्ञ परिषद ने अपने आदेश दिनांकित 14.10.2023 में यह स्पष्ट कर दिया था कि इस आदेश से पूर्व पारित किये गये सभी आदेश शून्यकरणीय हैं। इस आदेश की एक प्रति अधिवक्ता दीपक द्विवेदी ने महासचिव नरेश सिंह यादव को भी उपलब्ध करा दी थी।

# युवा महोत्सव समिति ने सामाजिक व शैक्षिक हस्तियों का किया सम्मान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**20वां फर्रुखाबाद** युवा महोत्सव के कार्यक्रमों की श्रृंखला में गुरुवार को फर्रुखाबाद युवा महोत्सव समिति सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सामाजिक, शैक्षिक एवं साहित्यिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रमुख हस्तियों को मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप गंगवार व भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बबिता पाठक ने सम्मानित किया। अतिथियों को भी सम्मानित किया गया। शिवप्यारी देवी राष्ट्रीय साहित्यरत्न सम्मान राधेश्याम कुशवाहा, शिवप्यारी देवी शिक्षारत्न सम्मान कुमार देवव्रत तिवारी, शिवप्यारी देवी राष्ट्रीय समाज सेवा सम्मान कौशल किशोर पाठक, विद्या देवी गुप्ता शिक्षा सम्मान समरेन्द्र शुक्ल, प्रो0 एन0के0एस0राठौर समाज सेवा सम्मान डॉ0 शिवानी शुक्ला, स्टार आफ फर्रुखाबाद डा0 प्रभात गुप्ता, डा0 जितेन्द्र कटियार, जवाहर सिंह गंगवार, भोजपुरी अभिनेत्री प्रतिष्ठा ठाकुर, श्रीचन्द्र मिश्रा उ0प्र0 शिक्षा रत्न सम्मान डॉ0 संदीप चतुर्वेदी, विशन स्वरूप अग्रवाल खेल रत्न सम्मान आरती चतुर्वेदी-शूटिंग, यूथ आफ द इयर 2024 हर्ष दुबे एवं शिवम मिश्रा, स्टार आफ इण्डियन यूथ आर्मी शिवांगी चौहान, मुस्कान, वैश्नवी दीक्षित, हर्ष दुबे, फर्रुखाबाद रत्न सम्मान सुमन राठौर, अतुल कश्यप, डा0 विमल भारद्वाज, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, नारी सशक्तीकरण सम्मान निहारिका पटेल, राष्ट्रीय कवि सम्मान श्याम चतुर्वेदी, डा0 ओम प्रकाश गुप्ता युवा वीरता सम्मान रिया चौहान, युवा साहित्यकार सम्मान स्मृति अग्निहोत्री, उत्तर प्रदेश राज्य शिक्षा रत्न सम्मान दीपिका राजपूत, गुण देवी तुलसीराम राष्ट्रीय किसान सम्मान प्रवेश कुमार चतुर्वेदी, आदर्श बेटी सम्मान मिस मुस्कान, आदर्श बेटा सम्मान आकाश मिश्रा, फर्रुखाबाद आदर्श नागरिक सम्मान डा0 प्रशान्त श्रीवास्तव, उत्तर प्रदेश रत्न सम्मान ब्रज किशोर सिंह किशोर को प्रदान किये गये। इस अवसर पर समिति के सभी पदाधिकारियों आकाश मिश्रा, डा0 कृष्णकान्त अक्षर, सच्चिदानन्द मिश्रा, देवेन्द्र कुमार, वीरेन्द्र शर्मा, पप्पन मियां, रामजी चौहान, कपिध्वज मिश्रा, सलमान कबीर, विवेक चतुर्वेदी, सुनील सक्सेना को स्टार आफ फर्रुखाबाद युवा महोत्सव सम्मान से सम्मानित किया गया। निबन्ध प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागी सायमा बानो एवं हर्ष दुबे प्रथम, ईशू बाथम द्वितीय, सारिका यादव तृतीय स्थान पर रही। जिनको प्रशस्ति पत्र और मैडल प्रदान किये गये। अध्यक्ष डा0 संदीप शर्मा, आयोजन सचिव सच्चिदानन्द मिश्रा ने मुख्य अतिथि कुलदीप गंगवार, जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बबिता पाठक का माल्यार्पण कर स्वागत किया।





कार्यक्रम में सम्मानित होती विभिन्न हस्तियां — समृद्धि न्यूज

# किसानों को यात्रा के दौरान बनाया गया भाकियू का पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारतीय किसान** यूनियन भानू गुट द्वारा किसान जोड़ो यात्रा ग्राम डबरी, जैनापुर, महेशपुर, बकसपुर तथा तुषौर में गई। जहां पर काफी मात्रा में किसानों ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। इस दौरान विनय राठौर को ग्राम अध्यक्ष जैनापुर, कौशल कुमार सिंह को ग्राम अध्यक्ष महेशपुर, इंद्रेश सिंह राठौड़ को ग्राम अध्यक्ष बकसपुर, राजीव सिंह को तुषौर तथा बृजेश सिंह राठौड़ को शिक्षक प्रकोष्ठ का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश सोमवंशी व जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सोमवंशी ने पदाधिकारियों को नियुक्त कर परिचय पत्र दिये और साथ ही किसानों की समस्यायें सुनी। उन्होंने कहा कि किसान जोड़ों यात्रा जारी रहेगी। इस मौके पर शिशुपाल सिंह राजपूत, आशीष यादव, नेत्रपाल सिंह, योगेश सिंह सोमवंशी, श्यामू सिंह सोमवंशी, संदीप सिंह राठौड़, ज्ञानेंद्र सिंह राठौड़, बृजपाल सिंह राठौड़, प्रधान कंचनपुर उदयपुर, प्रमोद सिंह राठौड़, शिवपाल सिंह फौजी, हरनाम सिंह, सामंत सिंह, उमाशंकर पंडित आदि लोग मौजूद रहे।



किसानों को परिचय पत्र सौंपते नरेन्द्र सोमवंशी — समृद्धि न्यूज

# नगर में अक्षत कलश यात्रा निकालकर घर-घर दिया गया निमंत्रण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अक्षत कलश यात्रा निकालकर घर-घर जाकर निमंत्रण दिया गया। 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश में उत्सव मनाया जा रहा है। जिसके तहत आरएसएस के सुधेश दुबे व भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष श्वेता दुबे ने रेलवे रोड से यात्रा प्रारम्भ कर राजीव गांधी होते हुए घर-घर निमंत्रण बांटे। वार्ड नम्बर 11 में अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान प्रभात मिश्रा कलश लेकर मौजूद रहे। गुरुवार को पूरे दिन शहर के विभिन्न मोहल्लों में कलश यात्रा निकाली गई और सभी रामभक्तों को यात्रा में शामिल होकर पुण्य के भागीदार बनने की अपील की गई। कलश यात्रा की व्यवस्था रोहित शर्मा ने देखी।



अक्षत कलश यात्रा के दौरान मौजूद सुधेश दुबे, श्वेता दुबे, प्रभात मिश्रा आदि

# खबरें एक नजर में

## राष्ट्रीय युवा दिवस पखवाड़ाः विकास राजपूत ने किया पोस्टर का विमोचन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कानपुर प्रांत द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष में युवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन फर्रुखाबाद स्थित पाण्डेश्वरनाथ मंदिर में किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि युवा भाजपा नेता/समाजसेवी विकास राजपूत ने भाग लिया। सर्वप्रथम भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना की। उसके पश्चात राष्ट्रीय युवा दिवस पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत पोस्टर का विमोचन किया व दीप जलाकर प्रकाश भी किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस को युवाओं को समझना चाहिए। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा किये गये इस आयोजन से युवा अधिक से अधिक जुड़े। पोस्टर विमोचन के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के फर्रुखाबाद विभाग के संगठन मंत्री हरिओम जायसवाल, प्रांत सह मंत्री पलक तिवारी, शिवम कुशवाहा, विभाग संयोजक, जिला संयोजक अभिषेक प्रताप सिंह, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य अभिरल पांडे, कॉलेज इकाई अध्यक्ष यशवर्धन सिंह चौहान, कार्यक्रम संयोजक प्रिया मिश्रा, पिक्सी सिंह, अध्या दुबे, रजत राजपूत, आकांक्षा चौहान, दीपक सिंह, यश सिंह, शिवाली चौहान, दीपांशी, विवेक सिंह आदि उपस्थित रहे।

## पाक्सो एक्ट के आरोपी को 10 वर्ष का कारवास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज विशेष पाक्सो एक्ट न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने अफसार पुत्र इसरार निवासी मोहल्ला कोटला शमशाबाद को दोषी करार देते 10 वर्ष का कारावास व 50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया बीते 6 वर्षो पूर्व थाना शमशाबाद क्षेत्र निवासी युवती ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि मेरी 15 वर्षीय पुत्री जो कक्षा 5 में पढ़ती है। उसके काफी दिनों से पेट मे दर्द हो रहा था। जिसका अल्ट्रासाउंड करवाने से पता लगा की वह गर्भवती है। पुत्री ने बताया 10 अप्रैल 2018 को समय 11 बजे दिन जब वह अफसार के घर के बाहर खेल रही थी, तभी मुझे अफसार ने जबरदस्ती घर के अंदर बन्द कर लिया और तमंचे की बल पर मेरे कपड़े उतारकर गलत काम किया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अफसार और इजहार के विरुद्ध न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश सुमित प्रेमी ने अफसार को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष का कारावास और 50 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया। साक्ष्य में अभाव से इजहार को दोष मुक्त कर दिया।

## अरुण गोविल को मेला रामनगरिया में आने को किया गया आमंत्रित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने माघ मेले में आयोजित होने वाली मेला श्रीराम नगरिया में रामायण में भगवान श्रीराम का पात्र निभाने वाले अरुण गोविल को आमंत्रित किया है। गंगा तट पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी एक माह तक चलने वाले माघ मेले का आयोजन हो रहा है। 25 जनवरी से 24 फरवरी तक आयोजित होने वाले मेले में अरुण गोविल को आमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया गया है।

## कायमगंज में रोजगार मेला आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क के तत्वाधान में 12 जनवरी शुक्रवार को आयोजित होने वाले विकास खण्ड कायमगंज में रोजगार मेला आयोजित होगा। जिसमें 37 कम्पनियां प्रतिभाग करेगी। 3 हजार रिक्तियों के लिए अभ्यार्थी अपने प्रपत्रों के साथ प्रातः 10 बजे पहुंचकर रोजगार मेले में भाग लें। यह जानकारी नोडल प्रधानाचार्य ने दी है।

## नाजायज तमंचा कारतूस संघ युवक को पकड़ा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** थाने में तैनात दरोगा दीपक कुमार ने मुखबिर की सूचना पर केसरी नगला ककरौली पट्टी के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहे व्यक्ति को तमंचा सहित पकड़ लिया। नाम एवं पता पूछने पर उसने अपना नाम धर्मेंद्र उर्फ डीके पुत्र स्वर्गीय बेचेलाल निवासी कतरौली पट्टी कमालगंज बताया। जामा तलाशी लेने पर उसके पास से एक 12 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया।

## मारपीट में दो युवकों का शांतिभंग में चालान

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव अर्जुन नगला निवासी नितेश यादव का जमीन की रंजिश में विवाद हो गया। नितेश गाली-गलौज कर मारपीट करने लगा। पड़ोसी की सूचना पर पहुंची पुलिस नितेश को पकड़कर थाने ले आयी। गांव भागीपुर उमराह निवासी अनमोल यादव को मारपीट के मामले में पुलिस पकड़कर थाने ले आयी। पूछताछ के बाद दोनों का शांतिभंग में चालान कर दिया।

# परमार्थ संस्थान का प्रयास कोई गरीब भूखा न सोये

> रोजाना वितरित किया जाता है भोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** परमार्थ सेवा संस्थान द्वारा गरीब व असहाय लोगों को निःशुल्क भोजन प्रतिदिन उपलब्ध कराया जा रहा है। भोजन सहित मोबाइल वैन रोजाना विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर भोजन उपलब्ध करा रही है। शहर के विभिन्न स्थानों पर भोजन वितरित करने के लिए कई प्वाइंट बनाये गये है। परमार्थ सेवा संस्थान के अध्यक्ष पूर्व सभासद केशव भान साध ने बताया कि गरीबों को भोजन कराने से मन को संतुष्टि मिलती है। संस्थान लगातार पूरे साल भर भोजन वितरित करती है। जिससे कोई गरीब भूखा न सोये। सर्दियों में कम्बल वितरण व स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन होता है। गुरुवार को लालगेट तिराहे पर मोबाइल भोजन वैन के द्वारा भोजन वितरित किया गया। बड़ी संख्या में रोज लोग भोजन करते है।



भोजन प्राप्त करते लोग — समृद्धि न्यूज

# इटावा ने शाहजहांपुर को 3-1 से हराया

> फर्रुखाबाद हॉकी टीम ने हरदोई को 9-1 से किया पराजित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**इटावा ने** शाहजहांपुर को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराया, फर्रुखाबाद हॉकी ने हरदोई हॉकी को 9-1 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

गुरुवार को राज्य स्तरीय पुरुष आमंत्रण हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ सीडीओ अरविन्द कुमार मिश्रा ने ब्रह्मदत्त स्पोर्ट्स स्टेडियम फतेहगढ़ में किया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सेंट एंथोनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य फादर डॉ0 सीजू जॉर्ज मौजूद रहे। अतिथियों ने गुब्बारे उड़ाकर तथा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि सीडीओ अरविंद कुमार मिश्र ने कहा कि खिलाड़ियों से प्रेरणा लेने तथा खिलाड़ियों की तरह संयम में रहने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य सीजू जॉर्ज ने बताया कि हार जीत तो लगी रहती है, लेकिन हमको एक आदर्श खेल दिखाकर अपना प्रदर्शन करना चाहिए।

उद्घाटन मैच शाहजहांपुर हॉकी व इटावा हॉकी के मध्य खेला गया। नियत समय दो-दो गोल की बराबरी पर रहे। तथा मैच का नतीजा पेनल्टी सूट आउट में 3-1 से इटावा के पक्ष में रहा तथा दूसरा मैच फर्रुखाबाद हॉकी तथा हरदोई हॉकी के बीच में खेला गया। जिसमें फर्रुखाबाद हॉकी की टीम ने 9-1 से विजयश्री प्राप्त की। कराटे खिलाड़ियों ने हॉकी मैच के उद्घाटन के दौरान प्रदर्शन किया। इस मौके पर कोच पारस भारद्वाज व पुष्कर भारद्वाज, अर्पिता भारद्वाज, पाकी सक्सेना, अभय मिश्रा, उमंग तिवारी, तनवी, दीक्षा, निशिता, रिद्धी, वैष्णवी, अनमोल, राधिका, सृष्टि, सूर्या, आयुष, काजल, रितिक, सुंदरम, आदित्य आदि कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया। मैच के दौरान ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अंजुम दुबे, हॉकी संघ के अध्यक्ष सौरभ राठौर, सचिव अवनींद्र कुमार, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण टंडन, उपाध्यक्ष अरविंद जादौन, अफजाल अहमद, सुरेंद्र यादव, हलीम कुरेशी, कलाम आजाद सिद्दीकी, नवाब सिद्दीकी तज्जु आदि मौजूद रहे। प्रथम मैच में लेना राजेश जो की एक अंतरराष्ट्रीय अंपायर हैं तथा नितिन सक्सेना ने अंपायरिंग की। दूसरे मैच में कवि यादव लखनऊ से तथा शब्बीर शाहजहांपुर से रहे। शुक्रवार को चार मैच खेले जाएंगे। इसमें पहला मैच फर्रुखाबाद हॉकी तथा झांसी हॉस्टल के मध्य खेला जाएगा। दूसरा मैच लखनऊ रेलवे तथा सफाई हॉस्टल के बीच खेला जाएगा। तीसरा मैच इटावा तथा रामपुर हॉस्टल के मध्य खेला जाएगा। चौथा मैच एनसीआर रेलवे प्रयागराज तथा बुलंदशहर हॉकी के मध्य खेला जाएगा।



सीडीओ को सम्मानित करते हॉकी संघ के पदाधिकारी व हॉकी खेलते खिलाड़ी

# कर्नाटक के मंत्री दिल्ली रवाना, राहुल निकालेंगे अंदरूनी कलह का समाधान

**बेंगलुरु,एजेंसी।**

कर्नाटक की 28 लोकसभा सीटों के प्रभारी मंत्री गुरुवार को कांग्रेस के शीर्ष राष्ट्रीय नेताओं के साथ बैठक में भाग लेने के लिए नयी दिल्ली के लिए रवाना हो गए। बैठक मुख्य रूप से रणनीतियों पर चर्चा करने और संसदीय चुनावों के लिए तैयारी करने के लिए आयोजित की गई है। सूत्रों ने पुष्टि की कि राहुल गांधी कर्नाटक में कांग्रेस इकाई के भीतर अंदरूनी कलह का समाधान निकालेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला के स्पष्टीकरण के बावजूद कि कोई और उपमुख्यमंत्री नहीं बनाया जाएगा, सहकारिता मंत्री और सीएम सिद्धारमैया के वफादार के.एन. राजन्ना ने गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी के लिए रवाना होने से पहले बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कहा कि अधिक उपमुख्यमंत्री पदों के सृजन से पार्टी को मदद मिलेगी। मंत्री राजन्ना ने कहा,÷अगर लोकसभा चुनाव से पहले राज्य में अतिरिक्त उपमुख्यमंत्री पद सृजित किए जाते हैं, तो इससे पार्टी को फायदा होगा। हमने इस संबंध में आलाकमान को सुझाव दिये हैं। हम आलाकमान के फैसले का पालन करेंगे। उन्होंने कहा,आलाकमान ने कर्नाटक की 28 एमपी सीटों के प्रभारी मंत्रियों की बैठक बुलाई है। हम सभी इसमें शामिल होंगे। गृह मंत्री डॉ. जी. परमेश्वर ने कहा कि राज्य में अतिरिक्त उपमुख्यमंत्री पद सृजित करने का प्रस्ताव आलाकमान के समक्ष है। मंत्री राजन्ना ने कहा, हमें नहीं पता कि आलाकमान इस मुद्दे पर क्या निर्णय लेगा। उन्होंने कहा, आज राहुल गांधी के साथ बैठक होगी और मुझे नहीं पता कि बैठक में क्या चर्चा होगी। सूत्रों ने कहा कि सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डी.के. शिवकुमार के बीच दूरियां बढ़ती जा रही हैं. राज्य सिद्धारमैया केवल विधायकों को ही बोर्ड और निगमों के पदों पर बैठाने पर जोर दे रहे हैं। शिवकुमार ने सीएम सिद्धारमैया की मौजूदगी में घोषणा की थी कि पदों के लिए वफादार कार्यकर्ताओं पर भी विचार किया जाएगा।

## राम मंदिर उद्घाटन समारोह पर भाजपा की राजनीति हिंदुओं को बांट रही: कर्नाटक सीएम

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा है कि अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन समारोह पर भाजपा की राजनीति हिंदुओं को एकजुट करने के बजाय हिंदू समुदाय को विभाजित कर रही है। इस संबंध में एक प्रेस बयान में, राम मंदिर के उद्घाटन में शामिल होने से परहेज करने के कांग्रेस पार्टी के रुख का समर्थन करते हुए, सिद्धारमैया ने कहा कि राम मंदिर ट्रस्ट सचिव के इस बयान से कि राम मंदिर में शैव और शाक्तों के लिए कोई शक्ति नहीं होगी, हड़कंप मच गया है। उन्होंने कहा,अगर यह सच है, तो यह सभी शैव भक्तों का अपमान है। यह भी बताया गया है कि देश में चार शंकराचार्य पीठों ने राजनीति के लिए राम मंदिर के दुरुपयोग का विरोध करते हुए श्री राम मंदिर उद्घाटन का बहिष्कार किया है।उन्होंने कहा,एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी द्वारा राम लला स्थापना कार्यक्रम में भाग न लेने का निर्णय सही है। मैं फैसले का समर्थन करता हूं।

# उप्र कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारम्भ






**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के सहयोग से एलीट सॉफ्टवेयर सॉल्युशनस प्राइवेट लिमिटेड, लखनऊ द्वारा जनपद-बाराबंकी, तहसील-रामनगर, ब्लाक-सूरतगंज के रामसरन वर्मा स्मारक हायर सेकेण्डरी स्कूल, ममतामऊ में गुरूवार को उप्र कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारम्भ किया जा रहा है जिसका उद्घाटन ट्रेनिंग पार्टनर एजेन्सी के मैनेजिंग डायरेक्टर उपेन्द्र कुमार वर्मा के कर कमलों द्वारा कम्प्यूटर लैब व असिस्टेन्ट फैशन डिजाइनर लैब की फीता काट कर बच्चों की उपस्थिति में किया गया। प्रशिक्षण केन्द्र पर अपेरेल सेक्टर में असिस्टेन्ट डिजाइनर फैशन, होम और मेडअप ट्रेड में सार्टटर्म ट्रेनिंग 850 घण्टे की 27-27 बच्चों के चार बैच में दी जायेगी, जिसमें से 2 सुबह बैच और 2 शाम को बैच चलाये जायेंगे। इन बच्चों को 2 घंटे की थ्योरी क्लास व 3 घंटे की प्रक्टिकल क्लास दी जायेगी। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षार्थीयों को प्रशिक्षण के दौरान बुक, स्टेशनरी, कॉपी, पेन, पेंसिल व प्रक्टिकल क्लास के लिये प्रशिक्षण सामग्री भी एजेन्सी द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा साथ ही प्रशिक्षार्थीयों को 2 सेट यूनीफार्म भी प्रदान की जायेगी। कौशल प्रशिक्षण केन्द्र संचालित कर रही एजेन्सी का मूलभूत उददेश्य क्षेत्र के 18-35 वर्ष के इण्टर पास छात्र व छात्राओं को प्रशिक्षण प्रदान करके उनका प्लेसमेन्ट कराना या उनका स्वंय का स्वरोजगार स्थापित कराना है।

## खबरें एक नजर में

### देश का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 14.70 लाख करोड़ हुआ

**नई दिल्ली।** वित्त वर्ष 2023-24 में अबतक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सलाना आधार पर 19.41 फीसदी की बढ़त के साथ 14.70 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। यह पूरे वित्त वर्ष के लक्ष्य का 81 फीसदी है। इस दौरान सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह सलाना आधार पर 16.77 फीसदी की वृद्धि के साथ 17.18 लाख करोड़ रुपये रहा है। वित्त मंत्रालय ने गुरुवार को जारी एक बयान में बताया कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 10 जनवरी तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह सलाना आधार पर 19 फीसदी उछलकर 14.70 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। वहीं, सकल रूप से कर संग्रह 17.18 लाख करोड़ रुपये रहा। यह पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले 16.77 फीसदी अधिक है। यह संग्रह चालू वित्त वर्ष के लिए प्रत्यक्ष कर के कुल बजट अनुमान का 80.61 फीसदी है।केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के मुताबिक आयकर विभाग ने एक अप्रैल, 2023 से 10 जनवरी, 2024 तक 2.48 लाख करोड़ रुपये करदाताओं को लौटाए हैं।

### गिफ्टसिटी के वित्तीय परिदृश्य का सीतारमण ने किया अनावरण

**गांधीनगर, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गिफ्ट सिटी के वित्तीय परिदृश्य का आज अनावरण करते हुये कहा कि आईएफएससी में अब तीन एक्सचेंज, 26 बैंक और 26 विमान पट्टेदार हैं। गिफ्ट सिटी को विमान कंपनियों के कार्यालयों की मेजबानी की आवश्यकता है। गिफ्ट सिटी में 86 फंड मैनेजर और 8 जहाज पट्टेदार कंपनियां भी है।वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के दूसरे दिन श्रीमती सीतारमण ने गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्ट सिटी) के भीतर वर्तमान वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र का अवलोकन किया। गिफ्टसिटी के रणनीतिक महत्व पर जोर देते हुए उन्होंने विभिन्न वित्तीय संस्थाओं और डेरिवेटिव बाजार की उपस्थिति के बारे में भी बताया।वित्त मंत्री ने कहा कि गिफ्ट सिटी में 50 पेशेवर फर्मों के सलाहकार हैं। इसमें 580 इकाइयाँ हैं। अक्टूबर तक इसका डेरिवेटिव अनुबंध 2.02 अरब डॉलर का था।श्रीमती सीतारमण ने गिफ्ट सिटी में अपने कार्यालय स्थापित करने वाली विमान कंपनियों के महत्व का उल्लेख करते कहा कि 86 फंड मैनेजर और आठ जहाज पट्टे वाली कंपनियां पहले से ही वित्तीय केंद्र में परिचालन कर रही है। उन्होंने कहा कि ÷ वैश्विक स्तर पर फिनटेक को अपनाने की सबसे अच्छी दर 80 प्रतिशत है। भारत में स्थित एक विश्वव्यापी फिनटेक कंपनी की गिफ्ट सिटी में उपस्थिति होनी चाहिए। भारत में कारोबार करने की इच्छुक किसी भी अंतरराष्ट्रीय फिनटेक कंपनी को गिफ्ट सिटी में कार्यालय खोलने की आवश्यकता है।÷श्रीमती सीतारमण ने कहा कि गिफ्ट सिटी की सफलता प्रौद्योगिकी-संचालित वित्तीय सेवाओं में निहित है।

### कोच ने खिलाड़ियों को भविष्य के बारे में सोचने की दी सलाह



**रांची, एजेंसी।** भारतीय महिला हॉकी टीम शनिवार से यहां शुरू होने वाले एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर के लिए तैयार है। टूर्नामेंट से पहले मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने खिलाड़ियों और हॉकी प्रशंसकों को अतीत को भूलकर भविष्य के बारे में सोचने की सलाह दी है। संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ भारत के शुरुआती मैच से दो दिन पहले एक संवाददाता सम्मेलन में शोपमैन ने कहा कि टीम हांग्जो एशियाई खेलों में सीधे स्थान हासिल करने से चूक गई, यह एक सच्चाई है और इस पर खेद व्यक्त करने का कोई मतलब नहीं है। भारत ग्रुप बी में न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और इटली के साथ है क्योंकि मैदान में आठ टीमों को चार-चार के दो समूहों में विभाजित किया गया है। पूल ए में वर्ल्ड नंबर 5 जर्मनी, जापान, चिली और चेक गणराज्य शामिल हैं। ये आठ टीमें इस साल के अंत में पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए रांची में उपलब्ध तीन स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। शोपमैन ने कहा कि अब हांग्जो के बारे में ज्यादा चर्चा करने का कोई मतलब नहीं है।

# बच्चों को सही दिशा देना वीएमसी क्लासेस का लक्ष्य: बृज मोहन

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**




वीएमसी क्लासेस में गुरुवार को एक एजुकेशन सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में बच्चों को बताया गया कि पढ़ाई के दौरान आप को किस तरह के तकनीक का उपयोग करना है, जिससे आप के सफल होने का संभावना अधिक से अधिक रहे। इस सेमिनार के दौरान वीएमसी क्लासेस का संस्थापक बृज मोहन ने कुछ खास टिप्स बच्चों को दिए। मंजिले उनको मिलती है जिनके हौसलों में जान होती है। पंख होने से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है। आज के इस कम्पटीशन के इस दौर में बच्चों को तैयारी का सही दिशा दिखाने का काम वीएमसी क्लासेस कर रहा है। इसी कड़ी में लखनऊ के गोमतीनगर में स्थित संस्थान में एक एजुकेशन सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को आगामी मेडिकल और आईआईटी की परीक्षाओं तैयारियों के लिए खास टिप्स दिये गये। इस दौरान वीएमसी के संस्थापक बृज मोहन ने कहा कि पढ़ाई को आप आनंद लेते हुए पढ़े। उसे बोझ न समझे। तब जाकर आप की सफलता की प्रतिशत सर्वोच्च रहती है। उस दौरान के आप अपना शत प्रतिशत किसी भी प्रतियोगी परीक्षा के लिए देते हो। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि लखनऊ शहर को हम लोग एक नयी दिशा शिक्षा के क्षेत्र में देने आए। जिससे प्रदेश में जिस तरीके से सकारात्मक माहौल बना हुआ है पढ़ाई को लेकर उसी को हम लोग आगे लेकर जाएंगे।

# "मैं अटल हूं" फिल्म का गाना हिंदू तन-मन रिलीज

- मशहूर एक्टर पंकज त्रिपाठी, फिल्म के निर्देशक और निर्माता के साथ रहे मौजूद

**लखनऊ। समृद्धि न्यूज**




बहुमुखी मूल्यों वाले व्यक्ति और दिल से कवि, अटल बिहारी वाजपेयी ने अपनी युवा उम्र के दौरान अपनी लोकप्रिय कविता हिंदू तन-मन लिखी थी। पंकज त्रिपाठी अभिनीत मैं अटल हूं में कविता को एक उच्च प्रस्तुति मिली है।

गाने का लॉन्च लखनऊ में हुआ, जहां से सक्रिय राजनीति से संन्यास लेने से पहले अटल सांसद थे। गाने के बोल हमारे प्रिय नेता अटल बिहारी वाजपेयी के हैं, जो इसे दर्शकों के लिए और भी खास बनाते हैं। कैलाश खेर द्वारा गाए गए इस गाने को अमितराज ने कंपोज किया है। बॉलीवुड के जाने माने एक्टर पंकज त्रिपाठी अपनी इस फिल्म मैं अटल हूं के प्रमोशन में जुटे हुए हैं और गाने के लांच के लिए वो मूवी मैक्स,आलमबाग में आज उपस्थित थे। विनोद भानुशाली प्रस्तुत, रवि जाधव द्वारा निर्देशित, और ऋषि विरमानी और रवि जाधव द्वारा लिखित, मैं अटल हूं, भानुशाली स्टूडियोज लिमिटेड और लीजेंड स्टूडियोज द्वारा निर्मित, विनोद भानुशाली, संदीप सिंह और कमलेश भानुशाली द्वारा निर्मित है। यह फिल्म 19 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पंकज त्रिपाठी ने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जीवन पर बनी फिल्म मैं अटल हूं में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का किरदार निभाया है। पंकज त्रिपाठी ने कहा कि अटल का किरदार निभाना उनके लिए बहुत बड़ा चैलेंज था।

डर भी लग रहा था लेकिन उनके बारे में पूरा अध्ययन करके मुश्किल किरदार को निभाया है, उम्मीद है यह सबको पसंद आएगा। उन्होंने सभी से अपील की कि 19 जनवरी को सभी लोग थिएटर में जा कर फिल्म देखें।

## रिदम सांगवान ने भारत के लिए ओलंपिक कोटा किया हासिल

**जकार्ता ,एजेंसी।** रिदम सांगवान ने गुरुवार को यहां एशियाई ओलंपिक क्वालीफिकेशन में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल में कांस्य पदक के साथ शूटिंग में भारत का रिकॉर्ड तोड़ 16वां ओलंपिक कोटा स्थान हासिल किया। यह भारत के लिए कोटा स्थानों की अब तक की सबसे अधिक संख्या है। टोक्यो में पिछले ओलंपिक में भारत ने 15 जीते थे और रियो में 2016 ओलंपिक के दौरान 12 कोटा हासिल किए थे।

20 वर्षीय रिदम ने 28 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि चीन के यांग जिन ने 41 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि कोरिया के किम येजी 32 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। इनमें से प्रत्येक श्रेणी में शीर्ष दो निशानेबाज, बशर्ते वे पात्र हों और उनके संबंधित देशों ने आयोजन के लिए अपना पूरा आवंटन सुरक्षित नहीं किया हो, वे अपने संबंधित देश के लिए कोटा सुरक्षित करेंगे।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए वेस्टइंडीज टीम घोषित, हेटमायर बाहर

**एंटीगुआ , एजेंसी**



पिछले साल के अंत में इंग्लैंड के खिलाफ टीम से बाहर किए जाने के बाद शिमरोन हेटमायर को अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की वनडे और टी20 दोनों टीमों से बाहर कर दिया गया है। फ्रैंचाइज़ी अनुबंध लेने के लिए टेस्ट दौरे के लिए खुद को अनुपलब्ध बताने के बाद जेसन होल्डर और काइल मेयर्स को टी20 टीम में शामिल किया गया है।

होल्डर या मेयर्स में से कोई भी टी20ई से पहले होने वाले तीन मैचों के लिए वनडे टीम का हिस्सा नहीं है, जबकि बल्लेबाज ब्रैंडन किंग और शेरफेन रदरफोर्ड को टी20ई में लौटने से पहले फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने की अनुमति दी गई है। शाई होप की कप्तानी वाले वनडे ग्रुप में दो संभावित नवोदित खिलाड़ी शामिल हैं, जिनमें ग्रेनेडियन शीर्ष क्रम के बल्लेबाज टेडी बिशप और गुयाना के विकेटकीपर-बल्लेबाज टेविन इमलाच हैं, जो टेस्ट टीम का भी हिस्सा हैं। ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स और केवम हॉज और लेगस्पिनर हेडन वॉल्श जूनियर को वापस बुलाया गया है। वनडे में 104.55 के स्ट्राइक-रेट के साथ 32.23 के औसत वाले हेटमायर ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टी20 में 1 और 2 के स्कोर के साथ फॉर्म के लिए संघर्ष किया, जिसके बाद तीन वनडे में 32, 0 और 12 का स्कोर रहा। मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने कहा, इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज जीतने के बाद हम उम्मीद कर रहे हैं कि हमारी वनडे टीम ऑस्ट्रेलिया में काफी प्रतिस्पर्धी होगी। हमारे पास कुछ नए समावेशन हैं, जिन्होंने एक महत्वपूर्ण अवधि में प्रभावित किया है और कुछ वापसी करने वाले खिलाड़ी हैं, जिनके बारे में हमें लगता है कि उनका प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा, ÷टी20 श्रृंखला, आगामी टी20 विश्व कप के लिए हमारी महत्वपूर्ण तैयारियों का हिस्सा है जहां हम मेजबान हैं। हम भारत और इंग्लैंड के खिलाफ मजबूत समग्र प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं और जैसे-जैसे हम प्रमुख टूर्नामेंट के करीब पहुंच रहे हैं।

# अमन सहरावत ने 57 किग्रा वर्ग में जीता स्वर्ण

**ज़ाग्रेब, एजेंसी**



मौजूदा एशियाई चैंपियन अमन सहरावत ने ज़ाग्रेब ओपन कुश्ती टूर्नामेंट में पुरुषों के 57 किग्रा में चीन के ज़ो वानहाओ को हराकर स्वर्ण पदक जीता। पिछले साल कांस्य पदक जीतने वाले सहरावत ने बुधवार रात रैंकिंग सीरीज़ के 2024 संस्करण में पहला पदक जीतने के लिए वानहाओ को तकनीकी श्रेष्ठता (10-0) से हराया। अपने स्वर्ण पदक की राह में, सहरावत ने क्वार्टर फाइनल में यूएसए के ज़ेन रिचर्ड्स को समान अंतर से हराने के बाद सेमीफाइनल में जॉर्जिया के रॉबर्टी डिंगशविली को 11-0 से हराया। भारतीय खिलाड़ी ने क्वालिफिकेशन राउंड में तुर्की के मुहम्मत करावुस पर 15-4 की शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की।

ओलंपियन दीपक पुनिया (86 किग्रा) और यश (74 किग्रा), पदक जीतने में असफल रहे। पुनिया को क्वालिफिकेशन राउंड में कजाकिस्तान के अजामत डौलेटबेकोव से 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। हालाँकि, डौलेटबेकोव फाइनल में पहुंच गए और रेपेचेज के माध्यम से भारत को कांस्य पदक का मौका दिया।

पुनिया ने दो रेपेचेज राउंड में से एक में यूक्रेन के वैलेन्टिन बाबी को 4-1 से हराया लेकिन जॉर्जिया के एवसेम श्वेलिद्ज़े से 3-4 की हार ने उनकी पदक की उम्मीद खत्म कर दी इस बीच, यश सोमवार को पुरुषों के 74 किग्रा के 16वें राउंड में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर यूएसए के क्रिंसी से हार गए। यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ के निलंबन के कारण भारतीय पहलवान इस टूर्नामेंट में तटस्थ एथलीटों के रूप में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं।

# युवाओं को प्रेरित करते रहेंगे स्वामी विवेकानंद के विचार

युवा वर्ग सही मार्ग से न भटके, इसके लिए युवा शक्ति को जागृत कर उसे देश के प्रति कर्तव्यों का बोध कराते हुए सही दिशा में प्रेरित एवं प्रोत्साहित करना और उचित मार्गदर्शन बेहद महत्वपूर्ण है। ऐसे में राष्ट्रीय युवा दिवस की प्रासंगिकता बहुत बढ़ जाती है, जो प्रतिवर्ष स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर 12 जनवरी को मनाया जाता है। हमें भूलना नहीं चाहिए कि देश की आजादी की लड़ाई में अपना सब कुछ बलिदान कर क्रांति का बीजारोपण करने वाले अधिकांश युवा ही थे। स्वामी विवेकानंद, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, सुखदेव, राजगुरु इत्यादि देश के अनेक युवाओं ने देश की आन-बान और शान के लिए अपने निजी जीवन के समस्त सुखों का त्याग कर दिया और अपना समस्त जीवन देश के लिए न्यौछावर कर दिया था।

आधुनिक युग में हम स्वार्थी बनकर ऐसे क्रांतिकारी युवाओं की जीवन गाथाओं को भूल रहे हैं और हम सब धीरे-धीरे भ्रष्ट तंत्र का हिस्सा बन रहे हैं। ऐसे ही क्रांतिकारी युवा महापुरुषों की जीवन गाथाओं के जरिये देश की युवा पीढ़ी को समाज में व्याप्त गंदगी से बचाकर देश के विकास में उसका सदुपयोग किया जा सके, इसी उद्देश्य से आधुनिक भारत के महान चिंतक, दार्शनिक, समाज सुधारक, युवा सन्यासी स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी को ही प्रतिवर्ष 'राष्ट्रीय युवा दिवस' के रूप में मनाया जाता है, जो बहुत कम आयु में अपने विचारों के चलते समस्त जगत में विशेष पहचान बनाने में सफल हुए थे। स्वामी विवेकानंद के वक्तव्यों का आम जनमानस और खासकर युवाओं के मस्तिष्क पर कितना प्रभाव पड़ता था, इसका उनके शिकागो भाषण से बेहतर उदाहरण नहीं मिल सकता। 11 सितम्बर 1893 को जब शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में हिन्दू धर्म पर अपने प्रेरणात्मक भाषण की शुरुआत उन्होंने 'मेरे अमेरिकी भाइयों और बहनों' के साथ की थी तो बहुत देर तक तालियों की गड़गड़ाहट होती रही थी। अपने उस भाषण के जरिये उन्होंने दुनियाभर में भारतीय अध्यात्म का डंका बजाया था। विदेशी मीडिया और वक्ताओं द्वारा भी स्वामीजी को धर्म संसद में सबसे महान व्यक्तित्व और ईश्वरीय शक्ति प्राप्त सबसे लोकप्रिय वक्ता बताया जाता रहा। यह स्वामी विवेकानंद का अद्भुत व्यक्तित्व ही था कि वे यदि मंच से गुजरते भी थे तो तालियों की गड़गड़ाहट होने लगती थी।

उन्होंने 1 मई 1897 को कलकत्ता में रामकृष्ण मिशन तथा 9 दिसंबर 1898 को कलकत्ता के निकट गंगा नदी के किनारे बेलूर में रामकृष्ण मठ की स्थापना की थी। 4 जुलाई 1902 को इसी रामकृष्ण मठ में ध्यानमग्न अवस्था में महासमाधि धारण किए वे चिरनिद्रा में लीन हो गए।

स्वामी विवेकानंद सही मायनों में युवाओं के प्रेरणास्रोत और आदर्श व्यक्तित्व के धनी थे, जिन्हें उनके ओजस्वी विचारों और आदर्शों के कारण ही जाना जाता है।



# जल्द घाव भरने के लिए डायबिटीज के मरीज अपनाएं यह तरीके

### समय पर ब्लड शुगर की जांच करवाना

हम जानते है के ये घाव एक या दो में ठीक नहीं होते इसलिए डायबिटीज के मरीजों को रोजाना ब्लड शुगर के स्तर की जांच करवानी चाहिए। इन दिनों में ब्लड शुगर लेवल को मैनेज रखना चाहिए खान-पान का विशेष तौर पर ध्यान देना चाहिए।



डायबिटीज के मरीजों को अपनी सेहत का खास ध्यान रखना चाहिए। अक्सर देखा जाता है कि डायबिटीज के मरीजों को चोट लगने पर उनके घाव जल्दी नहीं सूखते, जिसका मुख्य कारण शरीर में बढ़ा हुआ ब्लड शुगर लेवल होता है। जरा सी लापरवाही उनके लिए जानलेवा साबित हो सकती है। डायबिटीज के मरीजों को इस बात का पता होना चाहिए कि चोट लगने पर वह ऐसा क्या करें के उनके घाव जल्दी भर जाए और समय रहते वह इसका उपचार कर सके ताकि संक्रमण से बचा जा सके। आइए, आज आपको इस आर्टिकल के जरिए बताते है कि डायबिटीज के रोगियों को अपनी सही देखभाल कैसे करनी चाहिए।

### चोट को अच्छे से साफ करें

सबसे पहले तो मरीज को अपने हाथों को साबुन से साफकर लेना है। उसके बाद चोट को गुनगुने पानी से धो लें ऐसा करने से चोट पर गंदगी नहीं रहेगी क्योंकि थोड़ी-सी भी गंदगी चोट को गहरा कर सकती है।

### चोट को हल्का दबाना

चोट में खून बह रहा हो, तो उस पर दबाव बनाएं ताकि खून को बहने से रोका जा सके। अगर फिर भी खून बंद न हो तो उसे किसी सूती और साफ कपड़े से बांध लें ऐसा करने के बाद भी अगर चोट से खून आना बंद न हो रहा हो तो तुरंत डॉक्टर के पास जाए।

### एंटीबायोटिक क्रीम लगाएं

चोट को साफ करने के बाद जब खून आना बंद हो जाए तब चोट पर एंटीबायोटिक क्रीम लगाएं। एंटीबायोटिक क्रीम डॉक्टर की सलाह पर फार्मेसी से ही खरीदें। इस से चोट को तेजी से रिकवर किया जा सकता है।

### ड्रेसिंग करवाना

अगर घाव ज्यादा गहरा न हो तो आप उसे खुला भी छोड़ सकते है पर अगर घाव ज्यादा गहरा है तो उस पर एंटीबायोटिक क्रीम लगाने के बाद प्रॉपर ड्रेसिंग करवाएं। इसे चोट ढक जाती है और इंफेक्शन का खतरा कम हो जाता है।

# क्वार्टर फाइनल में मार्क सेल्बी का सामना मार्क एलन से



**लंदन , एजेंसी**

तीन बार के चैंपियन मार्क सेल्बी ने बुधवार को रॉबर्ट मिल्किन्स को आसानी से 6-1 से हराकर स्नूकर मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है, जहां उनका सामना मार्क एलन से होगा। सेल्बी, जिन्होंने आखिरी बार 2013 में प्रतियोगिता जीती थी, ने पहले दौर के मैच में एक सेंचुरी सहित 50 से अधिक पांच ब्रेक बनाए। मध्यांतर से पहले वह 4-0 से आगे थे और अंत में 6-1 से जीत पक्की कर ली। 40 वर्षीय सेल्बी एलन के खिलाफ सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए लड़ेंगे, जिन्होंने बुधवार को अनुभवी जॉन हिगिंस को 6-5 से हराया था। एलन ने लगातार चार फ्रेम जीतकर 5-3 की बढ़त बना ली, लेकिन हिगिंस के दो फ्रेम पीछे चले जाने के कारण उन्हें निर्णायक फ्रेम तक जाना पड़ा। आखिरी फ्रेम में 86 के ब्रेक ने एलन को 2018 में खिताब जीतने के बाद पहली बार मास्टर्स में शुरुआती दौर का मैच जीतने में सक्षम बनाया। जबकि 48 वर्षीय हिगिंस के लिए, मास्टर्स में पहले दौर में यह उनकी 15वीं हार थी। दुनिया के नंबर 1 रोनी ओ सुलिवन गुरुवार को बैरी हॉकिन्स का सामना करेंगे, इसके बाद शॉन मर्फी का मुकाबला जैक लिसोव्स्की से होगा।